पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 12 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक – 57 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59




## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# वंचित वर्ग के छात्रों की समस्याओं का हो समाधान

**नईदिल्ली**, 11 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित समुदायों के छात्रों को शिक्षा हासिल करने में आ रही समस्याओं का निवारण करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया। दरअसल, राहुल गांधी हाल ही में बिहार दौरे के दौरान दरभंगा पहुंचे थे। यहां वह अंबेडकर छात्रावास पर पहुंचे थे, जहां छात्रों ने अपनी परेशानियों से राहुल गांधी को अवगत कराया था।

**छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब**

राहुल ने पीएम मोदी से कहा कि मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं जो वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं। सबसे पहले, दलित, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब है। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के हाल के दौरे के दौरान छात्रों ने शिकायत की कि एक ही कमरा है जिसमें 6-7 छात्रों को रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है, शौचालय गंदे हैं, पीने का पानी असुरक्षित है, मेस की सुविधा नहीं है और पुस्तकालयों या इंटरनेट तक पहुंच नहीं है।



■ बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया

**छात्रवृत्ति पोर्टल का मामला भी उठाया**– उन्होंने दूसरे मुद्दे के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया, दूसरे, हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में देरी और इसमें विफलताएं भी मिल रही हैं। राहुल गांधी ने उदाहरण देते हुए कहा, बिहार में, छात्रवृत्ति पोर्टल तीन साल तक काम नहीं कर रहा था और 2021-22 में किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति नहीं मिली। इसके बाद भी, छात्रवृत्ति पाने वाले दलित छात्रों की संख्या में लगभग आधी गिरावट आई, जो वित्त वर्ष 23 में 1.36 लाख से घटकर वित्त वर्ष 24 में 0.69 लाख रह गई। छात्रों की शिकायत है कि छात्रवृत्ति की राशि अपमानजनक रूप से कम है। मैंने बिहार के उदाहरण दिए हैं, लेकिन ऐसी विफलताएं पूरे देश में फैली हुई हैं।

**पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए**–राहुल गांधी ने पत्र में आगे कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन विफलताओं को दूर करने के लिए तुरंत दो कदम उठाए जाएं। दलित, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक छात्रावास का ऑडिट किया जाए ताकि अच्छी अवसंरचना, स्वच्छता, भोजन और शैक्षणिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें; तथा कमियों को दूर करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए। मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का समय पर वितरण, छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए क्रियान्वयन में सुधार किया जाए।

## प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं : खरगे



■ 11 साल में 33 गलतियां करने का लगाया आरोप

केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 11 साल पूरे होने पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर इस अवधि के दौरान 33 गलतियां करने का आरोप लगाया। खरगे ने दावा किया कि उन्होंने कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, लोगों को 'फंसाते' हों तथा युवाओं को 'धोखा' देते हों। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 11 साल हो गए और 33 गलतियां की गई हैं। आप जानते हैं और मैं संसद में भी कहता रहा हूं – मैंने ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, इतनी गलतियां करते हों, लोगों को फंसाते हों, युवाओं को बरगलाते हों, गरीबों को फंसाकर वोट लेते हों। मैं 55 साल सत्ता में रहा हूं और 65 साल से राजनीति में हूं, मगर उनके जैसा कोई नहीं हुआ। खरगे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं और जो कहते हैं उसे लागू नहीं करते तथा जब उनसे सवाल किया जाता है तो उनके पास इसका कोई जवाब नहीं होता। उन्होंने कहा, चाहे नोटबंदी हो, चाहे रोजगार सृजन हो, चाहे एमएसपी हो, ऐसी कई बातें हैं। उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने लोगों से झूठ बोला है, गलती की है, और न ही कभी उसके लिए माफी मांगी।

# मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी बमन सहित दो नक्सलियों को किया ढेर

**सुकमा**, 11 जून (देशबन्धु)। सोमवार को आईईडी विस्फोट में एएसपी के शहीद होने के दो दिन बाद बुधवार को जिले के कुकानार थाना क्षेत्रान्तर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में पुलिस के जवानों ने पेदारास एलओएस कमांडर एवं एक महिला नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किया।

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले में लगातार जारी नक्सल विरोधी अभियानों के तहत सुरक्षा बलों की नक्सलियों से सुकमा जिले के कुकानार थाना अंतर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव, जिनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है, बरामद किए गए हैं। 11 जून की सुबह, कुकानार थाना बल एवं सुकमा डीआरजी की संयुक्त पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर क्षेत्र में प्रतिबंधित एवं अवैध संगठन सीपीआई माओवादी के नक्सली कैडरों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे से सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। प्रारंभिक पहचान के अनुसार, मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस कमांडर बमन के रूप में हुई है, जिस पर 5 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के पश्चात बरामद महिला नक्सली के शव की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घटनास्थल से एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल, सहित अन्य हथियार, गोलाबारूद एवं विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। घटनास्थल के आस-पास के घने जंगलों का लाभ उठाकर फरार हुए अन्य नक्सलियों की तलाश हेतु अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी गई है और सघन सर्च ऑपरेशन जारी है। सर्च ऑपरेशन पूर्ण होने तथा जवानों के बेस कैंप लौटने के उपरांत अधिक जानकारी साझा की जाएगी।



इंसास राइफल व 12 बोर किया गया बरामद

**एएसपी की शहादत पर जवानों की आंखों में गुस्सा**

गौरतलब है कि एक दशक के बाद किसी बड़े अधिकारी के नुकसान से इलाके के जवानों में गुस्सा दिखा है। जवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव की शहादत का बदला माओवादियों से लेना चाहते हैं। हालांकि पुख्ता सूचनाओं के आधार पर अब ऑपरेशन तेज किए जाने की संभावनाएं देखी जा रही है। एएसपी आकाश राव को पंचतत्व में विलीन हुए 24 घंटे हो चले हैं और 24 घंटे के भीतर ही सुकमा जिले में एक बड़ा अभियान चलाया गया और ऑपरेशन में 5 लाख के इनामी नक्सली सहित दो नक्सलियों को मार गिराया गया।

**मुख्यमंत्री ने जवानों को दी बधाई**–मुख्यमंत्री सीएम साय ने अपने एक्स पोस्ट पर जवानों की नक्सल विरोधी अभियान से मिली सफलता के लिए बधाई दी।

## सार संक्षेप

### 21 पदोन्नत डीएसपी की पोस्टिंग का आदेश जारी

**रायपुर।** इंस्पेक्टर से पदोन्नत किए गए 21 उप पुलिस अधीक्षकों का पोस्टिंग आदेश जारी किया गया है। सभी 21 अधिकारियों की पहली पोस्टिंग नक्सली क्षेत्रों में की गई है। इन डीएसपी को दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और कांकेर भेजा गया है।

### अमेरिका ने एक बार फिर मध्यस्थता की बात दोहराई

**वाशिंगटन।** भारत के द्विपक्षीय कश्मीर विवाद में बाहरी हस्तक्षेप की बात को बार-बार खारिज करने के बावजूद अमेरिका ने एक बार फिर कश्मीर मामले पर मध्यस्थता की बात दोहराई है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्थता करने की कोशिश करते हैं, तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी।

### जवानों को खस्ताहाल ट्रेन मिलने के मामले में 4 रेलवे अफसर निलंबित

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 1200 बीएसएफ जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इनकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। 6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई, उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे हुए थे। ट्रेन का सीसीटीवी भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

## भारत में घट रही प्रजनन दर, 1.9 रह गई

**नई दिल्ली**, 11 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 तक अनुमानित 1.46 अरब लोगों के साथ सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। हालांकि, देश की कुल प्रजनन दर 2.1 से घटकर 1.9 रह गई है। 2025 विश्व जनसंख्या आंकड़ा (एसओडब्ल्यूपी) रिपोर्ट बताती है कि असली संकट जनसंख्या के आकार में नहीं, बल्कि लोगों के स्वतंत्र और जिम्मेदारी से यह तय करने के अधिकार में आने वाली व्यापक चुनौतियों में है कि वे बच्चे चाहते हैं या नहीं, कब चाहते हैं और कितने बच्चे चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,463.9 मिलियन है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 1.5 बिलियन है। यह संख्या गिरने से पहले लगभग 1.7 बिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है।

भारत में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) वर्तमान में प्रति महिला 2.0 बच्चे हैं। इसका मतलब है कि औसतन, भारत में एक महिला से उसके प्रजनन वर्षों (आमतौर पर 15-49 वर्ष की आयु) के दौरान 2 बच्चे की उम्मीद की जाती है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, यह दर 2020 से स्थिर बनी हुई है।

## मोदी सरकार का कार्यकाल ऐतिहासिक, भारत आज चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : विष्णुदेव साय

■ संकल्प से सिद्धि अभियान...केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। केन्द्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने संकल्प से सिद्धि अभियान शुरू किया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ पर आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। साय ने यह भी कहा कि धान खरीदी प्रति चिंटल 31 सौ रूपए से कम नहीं होगी। मोदी सरकार का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। देश सक्षमता से उभरा है। आर्थिक क्षेत्र में जापान को पीछे छोडकर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले –संकल्प से सिद्धि– अभियान की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए कहा कि धारा 370 हो, या सीएए का मामला, या फिर ट्रिपल तलाक का मसला हो, मोदी सरकार ने ताकत से पास कराया है। साय ने कहा कि सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 16-17 महीने के कार्यकाल में पीएम के आशीर्वाद से मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल रहे हैं। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास का हक छीना था। शपथ लेते ही 18 लाख पीएम आवास निर्माण का फैसला लिया गया। आज पूरे प्रदेश में निर्माण का काम चल रहा है। हाल यह है कि मकान बनाने के लिए राजमिस्त्रियों की कमी हो गई है। सेनेटरी समान की कमी है। उन्होंने कहा कि पीएम के आशीर्वाद से धान की अंतर की राशि 33 सौ 16 करोड़ रूपए देने का काम भी सरकार ने किया है।

सीएम ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रूपए भेज रहे हैं। इससे महिलाएं स्वावलंबन की दिशा में ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## कैबिनेट की बैठक 18 को

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है, जो नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है, जिनमें विधानसभा के मानसून सत्र की तिथियों का निर्धारण भी शामिल है।

■ मानसून सत्र समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संभावित छत्तीसगढ़ दौरे की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कोंटा आईईडी ब्लास्ट में शहीद एएसपी आकाश गिरिपुंजे की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जा सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 जून के बाद दो दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। इस दौरान वे बीजापुर जाकर नक्सल आपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात कर सकते हैं।

## युक्तियुक्तकरण के बीच शिक्षकों के लिए अहम फैसला

## हाईकोर्ट ने टीचर के तबादले पर लगाई रोक

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र अग्रवाल की एकलपीठ ने शिक्षिका सरोज सिंह के पक्ष में अहम अंतरिम आदेश पारित किया है। यह आदेश राज्य में युक्तियुक्तकरण के तहत किए जा रहे शिक्षकों के स्थानांतरणों पर पुनर्विचार की दिशा में अहम माना जा रहा है।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनादी शर्मा ने कोर्ट में प्रस्तुत किया कि शिक्षिका सरोज सिंह वर्ष 2018 से अपने वर्तमान विद्यालय में अंग्रेज़ी और भूगोल दोनों विषय पढ़ा रही हैं। चूंकि विद्यालय में भूगोल विषय के लिए कोई अन्य शिक्षक उपलब्ध नहीं है, उन्होंने अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाई। इसके बावजूद उन्हें 45 किलोमीटर दूर के ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ

**कांकेर**, 11 जून (देशबन्धु)। कांकेर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है, फारेस्ट ऑफिसरों ने धावा क्षेत्र के आछी डोंगरी में आदमखोर तेंदुएं को पिंजरे में कैद कर लिया है। 2024 से अब तक कुल 6 ग्रामीण और बच्चों पर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जिले से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचा रखा था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था।

6 ग्रामीण और बच्चों पर किया था जानलेवा हमला



## सोनम ने कबूल किया अपना जुर्म

**शिलांग**, 11 जून (एजेंसियां)। सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था।



**भर्ती घोटाला** साक्षात्कार के बहुत पहले ही हो चुकी थी शिकायत, लाखों में बेचे जा रहे व्याख्याताओं के पद

# शहीद महेन्द्र कर्मा विवि में आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी आई सामने फिर भी जारी है भर्ती

**जगदलपुर-(देशबन्धु)शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में जारी भर्ती घोटाला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस अवैधानिक भर्ती में रूरल टेकनोलोजी में दुर्गेश डिकसेना का अवैधानिक चयन और मैनेजमेंट विषय में अवैधानिक भर्ती, केन्द्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त उच्च शिक्षित आदिवासी महिला अभ्यर्थी को नॉट फाउंड सुटेबल करना, जेआरएफ उतीर्ण दिव्यांग महिला आवेदक को नॉट फाउंड सुटेबल करना, ओबीसी सीट में जनरल आवेदक का चयन करने जैसी अब तक कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हो चुकी हैं।**

*इसी बीच बड़ी जानकारी यह भी सामने आई है कि विज्ञापन क्रमांक 751/221 दिनांक 05/10/2023 मे 59 शैक्षणिक पदों की भर्ती में विभिन्न विषयों के असिस्टेंट प्रोफेसर, ऐसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों के कुल स्वीकृत पदो के अनुसार आरक्षण रोस्टर लगाया गया था परंतु इसमें शिक्षा विभाग से चार व्याख्याता पदों की स्वीकृति प्राप्त थी ना कि असिस्टेंट प्रोफेसर की। व्याख्याता और असिस्टेंट प्रोफेसर में केवल पदनाम का अंतर नहीं था बल्कि दोनों पदो में वेतनमान का भी अंतर होता है। नियमानुसार शिक्षा विभाग के व्याख्याता पदनाम के स्वीकृत पदो को सहायक प्राध्यापक पदो में शामिल कर आरक्षण रोस्टर नहीं लगाया जा सकता। इसकी वजह से विज्ञापन में लगाया गया पूरा आरक्षण रोस्टर ही गलत हो चुका है और पूरी भर्ती प्रक्रिया ही पूर्ण रूप से अवैधानिक हो चुकी है।*



***कुलपति और कुलसचिव को है पूरी जानकारी इसके बावजूद भी जारी है भर्ती***–*आरक्षण रोस्टर गलत होने की पूरी जानकारी कुलपति को थी, इस सबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजनेश सिंह सहित विभिन्न लोगों ने बहुत पहले ही अप्रैल माह में राज्यपाल, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को शिकायत करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित कर दिया था परंतु कुलपति द्वारा तमाम शिकायतों को दरकिनार करते हुए मनमानी पूर्वक अवैधानिक भर्ती को जारी रखते हुए साक्षात्कार किया जा रहा है।*

***आरक्षण रोस्टर को सही करने कुलपति लगा रहे उच्च शिक्षा विभाग और वित्त विभाग के चक्कर***–*सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब चूंकि अधिकांश विषयों में कुलपति मनमानी पूर्वक गलत आरक्षण* ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨



जनसेवा के संकल्प के साथ,
विकास के पथ पर...
जीवेत शरदः शतम्
12 जून
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री- खेलकूद एवं युवा कल्याण,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत,
माटीपुत्र बलौदाबाजार विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री
मा.टंकराम वर्मा जी को
जन्मदिन की बधाई...
शुभेच्छु :
रवि वर्मा
मण्डल अध्यक्ष
बलौदाबाजार ग्रामीण
राकेश ध्रुव
मण्डल अध्यक्ष
बलौदाबाजार शहर
दौलत पाल
मण्डल अध्यक्ष
हथबंद नवापारा
हेमंत बघमार
मण्डल अध्यक्ष
सुहेला
मनोज निषाद
मण्डल अध्यक्ष
तिल्दा शहर
नरसिंह वर्मा
मण्डल अध्यक्ष
तिल्दा ग्रामीण
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र

# देश

उवाच

झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश में सबसे बेहतरीन नियमावली होना चाहिए। पेसा ड्राफ्ट पर सभी के सुझाव आए हैं, बीस जून तक पेसा ड्राफ्ट के विभिन्न अध्यायों के संबंध में यदि कोई सुझाव है तो लिखित रूप से दे सकते हैं, सभी सुझावों को संयोजित कर पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी। -केशव महतो कमलेश



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42.0 | 35.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 28.0 |

# केंद्र सरकार ने 11 सालों में संवैधानिक संस्थाओं का किया दुरुपयोग : भूपेश बघेल

## झूठ की राजनीति व सच को जनता से छिपाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार अपने 11 साल की उपलब्धियों का जबरदस्त ढोल पीट रही है लेकिन सच यह है कि इन वर्षों में कोई ठोस कार्य होने की बजाय सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाएं प्रजातंत्र को मजबूत करने का काम करती थीं, लेकिन आज सभी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में हैं।

स्थिति यह है कि पहली बार देश में प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा हो रही है कि वो अनपढ़ हैं या साक्षर हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा मोदी कुपढ़ हैं, तभी तो विज्ञान के युग में नाली की गैस से खाना पकाने और बादलों में रडार काम नहीं करता यह ज्ञान बांटते हुए हमने देखा है। पिछले 11 साल में छल, प्रपंच, झूठ की राजनीति रही, सच को जनता से छिपाया गया, अमीर और अमीर बना, गरीब और गरीब बना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर नौजवानों को छलने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात की थी लेकिन हालात यह है कि रेलवे में भर्ती बंद है, आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और जो सरकार में जो रिक्त पद हैं, उनको भरा नहीं जा रहा है। देश में अर्थनीति को छिन-भिन्न बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कैमराजीवी हैं और उन्होंने जितने दावे किए वो सब झूठे निकले।



पहली बार देश में प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा हो रही है कि वो अनपढ़ हैं या साक्षर : भूपेश बघेल

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं : जीतू पटवारी



मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की मध्यप्रदेश में संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाते हुए सरकार से सवाल किए हैं। पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं, जो गरीबों, किसानों और ग्रामीण जनता के उत्थान के लिए शुरू की गई थीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। जल जीवन मिशन से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में अरबों रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है।

सरकार ने इस तरह से योजना बनाई है, जिसका लाभ आम जनता नहीं ले पा रही है।

सरकार आयुष्मान भारत योजना ले कर लाई लेकिन लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उज्ज्वला योजना के तहत लाखों लोग सिलेंडर रिफिल नहीं करा पाए, सरकार महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन इसे लागू कब किया जाएगा, इसका कोई जवाब नहीं है और यही हाल जातिगत जनगणना के विषय में भी है। नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की बात कही थी, लेकिन आज किसान अपनी फसल को औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं।

बघेल ने कहा कि आज हालात यह हैं कि पूरे देश में डीएपी खाद नहीं मिल रहा, कई राज्यों में बीज उपलब्ध नहीं हैं।

## राजद नेताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

**गया,** 11 जून (एजेंसियां)। बिहार में गया जिले के बोधगया प्रखंड के कटोरवा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस मनाया गया। यादव के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच कॉपी, कलम, किताब एवं अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बोधगया के राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने किया। इस दौरान राजद के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित हुए। इस मौके पर कुमार सर्वजीत ने कहा कि आज हम लोग लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन किसी शहर या होटल में न मनाकर दलित बस्ती में मना रहे हैं और बच्चों को किताब कलम देकर साक्षर बनने का संदेश दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस ली-मेरिडियन जैसे होटल में काटकर मनाया जाता है, वहीं दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस गरीब-दलित बस्ती में मनाया जाता है। यह दर्शाता है कि लालू यादव गरीबों, दलितों के नेता थे और उनके उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। यही वजह है कि आज हमलोग दलित बस्ती में उनका जन्मदिवस मना रहे हैं और बच्चों को केक और मिठाई खिलाकर साक्षर बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# त्रिपुरा में भाजपा-टिपरा मोथा के बीच मतभेद गहराया

## आदिवासियों के लिए किए गए वादों को लेकर जताया असंतोष

**अगरतला,** 11 जून (एजेंसियां)। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के मुख्य घटक दल टिपरा मोथा पार्टी ने राज्य के आदिवासियों के लिए किए गए वादों को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के प्रति असंतोष व्यक्त किया है और सरकार से होने की धमकी दी है। टिपरा मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन ने 'फेसबुक लाइव' पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, हम पिछले 18 महीनों से तिप्रासा (आदिवासी) समझौते के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं, जिस पर पिछले लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में केंद्र और राज्य सरकार की त्रिपक्षीय बैठक में हस्ताक्षर हुए थे। मुझे लगता है कि इस दिशा में आगे बढ़ने का यह सही समय है। मुझे वास्तव में लगता है कि कुछ गलत हो रहा है। दिल्ली में बातचीत बहुत सकारात्मक रहती है, लेकिन उसके बाद चीजें अटक जाती हैं। हम सत्तारूढ़ गठबंधन में इसलिए शामिल हुए क्योंकि हमसे वादा किया गया था कि समझौते को लागू किया जाएगा। अगर मैं अपने लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं कर पाया तो मुझे सत्ता का आनंद लेने का कोई अधिकार नहीं है। मैंने अपनी पार्टी के मंत्रियों और अधिकांश विधायकों से पहले ही बात कर ली है। प्रद्योत ने कहा कि अगर तिप्रासा समझौते को लागू नहीं किया गया तो वह सत्ता में रहने के बजाय सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होना पसंद करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी जल्द ही अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगी जो उनके अनुसार त्रिपुरा के स्वदेशी लोगों और समुदायों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी पार्टी के नेताओं को निर्देश दिया है कि वे शीघ्र हेल्पलाइन नंबर जारी करें। हम बांग्लादेशियों को अपने क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दे सकते, क्योंकि अगर हम आज उन्हें प्रवेश करने देंगे, तो कल वे हमारे बच्चों के लिए बने संसाधनों का उपयोग करेंगे। भाजपा और टिपरा मोथा के बीच पहाड़ियों में प्रशासन पर प्रभुत्व के लिए सत्ता संघर्ष के अलावा, कोकबोरोक (आदिवासी बोली) स्क्रिप्ट को अंतिम रूप प्रदान करने, त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद की ग्राम सभा का चुनाव कराने और गोमती के जिलाधिकारी टीके चकमा द्वारा प्रद्योत और एडीसी के प्रमुख के साथ हाल ही में किए गए दुर्व्यवहार पर सरकार की निष्क्रियता को लेकर कुछ महीनों में मतभेद बढ़े हैं।




## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। आग की लपटें देखकर विस के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**अमरावती।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर हाल के विस चुनावों के दौरान गंभीर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस की अमरावती ग्रामीण जिला इकाई के अध्यक्ष बबलू देशमुख ने आयोग की निंदा करते हुए कहा कि आयोग भाजपा के पक्ष में है, जिसके विरोध में 14 जून को शाम पांच बजे अमरावती में मशाल जुलूस निकालकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनावी धोखाधड़ी के सबूत पेश करने के बावजूद चुनाव आयोग ने इस बाबत कोई जवाब नहीं दिया है।

### राष्ट्रपति ने विधेयक को की अनुमति प्रदान

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि झारखण्ड विस द्वारा पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति को प्रेषित किया गया था। राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन उपरांत विधेयक राज भवन को प्राप्त हुआ।

### मुंबई हाउसिंग घोटाला मामले में महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक आवास योजनाओं की आड़ में मुंबई के प्रमुख इलाकों में सस्ते फ्लैट देने का वादा करके लोगों से 1.22 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में डिंडोशी पुलिस ने आरोपी बेला डूिसजा को गिरफ्तार कर लिया है। वह कथित तौर पर महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में खुद को पेश कर शहर के जोगेश्वरी, गोरेगांव, माहिम और बांद्रा इलाके में सस्ते फ्लैटों का वादा कर रही थी।

## हेमन्त सोरेन से जर्मनी के राजदूत फिलिप ने की मुलाकात

**रांची,** 11 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन एवं इकोनॉमी काउंसलर ने भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मन राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानताएं हैं, ऐसे में कोल आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश- विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जर्मनी आगे का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।



विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

# ओम बिरला ने की हेगड़े को पुष्पांजलि अर्पित

**नई दिल्ली,** 11 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के.एस. हेगड़े की जयंती पर संविधान सदन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने भी हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की। के.एस. हेगड़े एक सुविख्यात सांसद और प्रतिष्ठित विधिवेत्ता थे। वे पहली बार 1952 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए और 1957 तक सदन के सदस्य रहे। तत्कालीन मैसूर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बाद में, उन्होंने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। 1967 में, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, जहां वे 30 अप्रैल 1973 को त्यागपत्र देने तक अपनी सेवाएं देते रहे । 1977 में, हेगड़े बैंगलोर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। 21 जुलाई 1977 को, डॉ. नीलम संजीव रेड्डी द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के बाद, हेगड़े को लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। जनवरी 1980 में अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद, हेगड़े कर्नाटक में अपने पैतृक स्थान पर बस गए। हेगड़े का निधन 24 मई 1990 को हुआ। लोकसभा सचिवालय द्वारा के.एस. हेगड़े के जीवन परिचय पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित एक पुस्तिका गणमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।



### प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गरुवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों के सेवा में प्रवेश से पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। मसूरी स्थित अकादमी में 127 वां सेवा में प्रवेश पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से राज्य प्रशासनिक सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में 19 राज्यों की सेवाओं से पदोन्नत कुल 97 अधिकारी भाग ले रहे हैं जिनमें 73 पुरुष और 24 महिला अधिकारी शामिल हैं। यह कार्यक्रम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन और मिशन कर्मयोगी के लक्ष्यों से प्रेरित है। यह अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रशासनिक भूमिकाओं से राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व के उत्तरदायित्वों में सुचारू रूप से परिवर्तित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## तेलंगाना में सड़क हादसा, तीन लोगों की गई जान

**हैदराबाद,** 11 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के याचरम में मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना नागार्जुनसागर राजमार्ग पर कल देर रात को तब हुयी, जब हैदराबाद के सात दोस्तों का एक समूह नागार्जुनसागर क्षेत्र में घूमने गया था। वापसी में उनकी कार को एक निजी बस ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान सैतेज, पवन और राघवेंद्र के रूप में हुयी है। वे महबूबनगर के रहने वाले थे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# नीतीश कुमार ने पटना वासियों को दी डबल डेक फ्लाईओवर की सौगात

## राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नए भवन का भी किया उद्घाटन

**पटना,** 11 जून (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 422 करोड़ रुपए की लागत से बने अशोक राजपथ पर कारगिल चौक (गांधी मैदान) से साइंस कॉलेज तक के डबल डेक फ्लाईओवर की सौगात पटना वासियों को दी। कारगिल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेक फ्लाईओवर का निरीक्षण भी किया। कहा जा रहा है कि इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इस डबल डेक फ्लाईओवर का कार्य प्रारंभ जनवरी, 2022 में हुआ था। इस पथ का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेक) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से प्रारंभ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपरी डेक की लंबाई 2175.50 मीटर है जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है। यह गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। नीचे के डेक की लंबाई 1449.30 मीटर है जो पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है। नीचे के डेक पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। इस पथ के डेक की चौड़ाई 8.5 मीटर है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने तीन करोड़ से ज्यादा की राशि से बने नवनिर्मित राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नए भवन का भी उद्घाटन किया। पुस्तकालय के इस नए भवन के बन जाने से अब पाठकों एवं शोधकर्ताओं को और सहूलियत होगी। बता दें कि राजकीय उर्दू पुस्तकालय, पटना की स्थापना वर्ष 1938 में दो मंजिला भवन में हुई थी, जो अशोक राजपथ के खजांची रोड मोड़ के सामने स्थित है।



## असम में भीषण गर्मी से सामान्य जनजीवन प्रभावित

**गुवाहाटी,** 11 जून (एजेंसियां)। असम में भीषण गर्मी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राजधानी गुवाहाटी में बुधवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि राज्य के अन्य शहरों में भी तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा कि तापमान में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी यह 'हीट वेव' घोषित किए जाने के स्तर तक नहीं पहुंची है। उन्होंने बताया कि 'हीट वेव' तभी घोषित की जाती है जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

राज्य के लोगों को 16 या 17 जून को ही कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान बारिश होने का अनुमान है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, तेजपुर और जोरहाट सहित राज्य के कई स्थानों पर मौसमी औसत से काफी अधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक गुवाहाटी में कल 37.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो सामान्य तापमान से 4.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी तरह यह डिब्रूगढ़ में कल 37.7 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस अधिक) दर्ज किया गया।

# ईडी की किसी भी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 11 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और अन्य विधायकों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई पर बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी सरकार को कानूनी दायरे में की गई किसी भी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह इस बारे में नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं।

यह मामला सरल है जैसे कि जब तक यह कानून के दायरे में हो, उन्हें जो करना है करने दें। अगर यह कानूनी रूप से किया जाता है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम बस इतना कह रहे हैं कि इसमे कानूनी प्रक्रियाओं का पालन होना चाहिए। अगर कानून का किसी तरह से उल्लंघन हुआ है, तो हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। हम किसी भी कानूनी क्रियान्वयन में बाधा या हस्तक्षेप नहीं करेंगे। कर्नाटक में जाति पुनर्सर्वेक्षण के मुद्दे पर सिद्दारमैया ने स्पष्ट किया कि पार्टी हाईकमान को प्रक्रिया से संबंधित शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा, 'मूल सर्वेक्षण 25 साल पहले किया गया था जबकि इसे लगभग नौ साल पहले किया जाना चाहिए था। इस मामले में 60 से 70 दिनों की कम अवधि में एक नया सर्वेक्षण किया गया और केवल गणना पूरी की गई, पूरी रिपोर्ट नहीं।

रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है। सिद्धांत रूप में रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन केवल गणना वाला हिस्सा स्वीकार नहीं किया गया है।




■ कानूनी प्रक्रियाओं के पालन होने पर दिया जोर

मांग | कश्मीर के लिए रेल संपर्क शुरू होने के साथ व्यापारियों ने रखी मांग

# जम्मू क्षेत्र की व्यापक आर्थिक तस्वीर पर विचार करे सरकार

**जम्मू, 11 जून (देशबन्धु)। कश्मीर वादी और शेष भारत के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित रेल संपर्क की शुरुआत को पूरे क्षेत्र में परिवहन बुनियादी ढांचे और आर्थिक एकीकरण में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया है। सेवा की शुरुआत के साथ-साथ जश्न के माहौल के साथ-साथ जम्मू में व्यापार संघों की चिंताएं उभरी हैं, जो संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए विचारशील नीतियों की मांग कर रहे हैं।**

भारतीय रेलवे द्वारा पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा के रूप में वर्णित नई ट्रेन सेवा से माल और यात्रियों की आवाजाही में वृद्धि, आपूर्ति श्रंखलाओं को सुव्यवस्थित करने और कश्मीर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अधिक सुलभ बनाने की उम्मीद है। जम्मू के एक व्यापारी अजय शर्मा कहते थे कि यह जम्मू और कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव है। उनका कहना था कि कश्मीर से परे, मार्ग के साथ-साथ क्षेत्रों को भी बेहतर रसद और गतिशीलता से लाभ होने की संभावना है। जबकि रेल लिंक कश्मीर के प्रसिद्ध सेब, अखरोट, बादाम और केसर को भारत भर के बाजारों में पहुंचाने के लिए तैयार है जिससे मुंबई जैसे महानगरों तक पहुंचने का समय 36 घंटे से कम हो जाएगा। पर अब जम्मू में आवाजें उठ रही हैं कि सरकार जम्मू क्षेत्र की व्यापक आर्थिक तस्वीर पर विचार करे। जम्मू ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज आनंद ने बुनियादी ढांचे में इस मील के पत्थर का स्वागत किया, लेकिन इसके प्रभावों पर ध्यान आकर्षित किया। वे कहते थे कि हम इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं।

यह कश्मीर को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। लेकिन यह अनिवार्य रूप से जम्मू में व्यापार को प्रभावित करेगा। सरकार को इस पहलू पर विचार करना चाहिए। जम्मू के एक अन्य व्यवसायी सुदर्शन सिंह ने भी इस भावना को दोहराया और क्षेत्रीय आजीविका की सुरक्षा के उपायों की वकालत की। उन्होंने कहा कि यह केवल वाणिज्य के बारे में नहीं है यह पर्यटन, यात्रा और जम्मू में लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करता है।

लाभों को संतुलित करने के लिए नीतिगत प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। हालांकि विशेषज्ञों का सुझाव है कि पूरक आर्थिक नियोजन यह सुनिश्चित कर सकता है कि दोनों क्षेत्र समृद्ध हों। उन्नत रेल नेटवर्क में पूरे उत्तर भारत में रसद, क्षेत्रीय पर्यटन और कृषि-औद्योगिक व्यापार में नए रास्ते खोलने की क्षमता है। नए मार्ग के साथ स्टेशन केवल पारगमन बिंदु नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास के केंद्र के रूप में काम कर सकते हैं। इस संदर्भ में रेलवे के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने ट्रेन के आर्थिक वादे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कश्मीर से कृषि उत्पाद अब दूरदराज के बाजारों तक तेजी से पहुंचेंगे, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इसी तरह, पर्यटकों के लिए सीधी ट्रेन की पहुंच पूरे क्षेत्र को बढ़ावा देगी। जबकि स्थानीय अधिकारियों का कहना था कि बेहतर कनेक्टिविटी से लंबे समय से चली आ रही गतिशीलता संबंधी समस्याएं भी दूर होंगी।



■ जम्मू में व्यापार को प्रभावित करेगा ऐतिहासिक कदम

## मेरे लिए अपनी बेटी को बड़े होते देखना सबसे खूबसूरत सिनेमा है : अली फजल

**मुंबई।** एक्टर अली फजल अपनी आने वाली फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने अपने सबसे खास सिनेमाई पलों को लेकर खुलासा किया और कहा कि उनके लिए सबसे खूबसूरत सिनेमा अपनी बेटी को बड़े होते हुए देखना है। अली फजल ने कहा कि हां, मैं ऐसा मानता हूं। मैं हाल ही में पिता बना हूं और मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत 'सिनेमा' अपनी 10 महीने की बेटी को बड़ा होते देखना है। इसमें वही दो बातें हैं, जो कलाकार के लिए जरूरी होती हैं, जिज्ञासा और अवलोकन। एक छोटे बच्चे में जो मासूमियत और अनजानापन होता है, वही उसे खास बनाता है। उसमें हर पल कुछ नया होता है। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं और अपनी मासूमियत खोते जाते हैं, हम खुद और कला से दूर होने लगते हैं।

# पौष्टिकता से भरपूर है मखाना

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। मखाना स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी होता है। यह एक हल्का, आसानी से पचने वाला खाद्य पदार्थ है और इसमें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। मखाने को अंग्रेजी में फॉक्स नट्स भी कहते हैं, जानते हैं क्यों? मखाने को फॉक्स नट्स इसलिए कहते हैं क्योंकि इसका आकार फॉक्स यानि लोमड़ी की तरह होता है। सफेद चेहरे पर एक बिंदु ऐसा जो हूबहू चालाक लोमड़ी की याद दिलाता है।

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के अनुसार, मखाने का मुख्य रूप से उत्पादन बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और ओडिशा में उगाया जाता है। अकेले बिहार में, यह लगभग 15,000 हेक्टेयर जल निकाय में उगाया जाता है। लगभग 5 लाख परिवार सीधे मखाना की खेती - कटाई, पॉपिंग, बिक्री और उत्पादन - में शामिल हैं। बिहार से हर साल लगभग 7,500 से 10,000 टन पॉप्ड मखाना बेचा जाता है। मखाना की पॉपिंग (बीज को छिलके से पॉप करने की प्रक्रिया)



- मखाने का मुख्य रूप से उत्पादन बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और ओडिशा में
- कच्चे लोहे के पैन में 320ए सेल्सियस तक उच्च तापमान पर भुना जाता है मखाना
- मैग्नीशियम तनाव कम करके अच्छी नींद लाने में मदद
- कैल्शियम की मौजूदगी हड्डियों और दांतों के लिए लाभकारी

मखाने को तैयार करने की प्रक्रिया तीन चरणों में शामिल है। बीज को पारंपरिक मिट्टी के बर्तन में या कच्चे लोहे के पैन में 250ए सेल्सियस से 320ए सेल्सियस तक उच्च तापमान पर भुना जाता है, 2 से 3 दिनों के लिए तड़के, फिर से भुनकर कर एक मैलेट (लकड़ी का हथौड़ा या मुंगरी) का उपयोग करके हाथ से मखाने को छिलके से अलग किया जाता है। भुनने के बाद हटाने के लिए अत्यधिक कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है क्योंकि हटाने में कुछ सेकंड की देरी से खराब गुणवत्ता वाला पॉप्ड मखाना बन जाएगा। शोध बताते हैं कि मखाने में मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है, जो कि हृदय स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद पाया जाता है। कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होने से यह भूख को नियंत्रित करता है। अगर आप वजन घटाने के बारे में सोच रहे हैं, तो इसका सेवन कर सकते हैं।

मखाने में मौजूद मैग्नीशियम तनाव कम करके अच्छी नींद लाने में मदद करता है। कैल्शियम की मौजूदगी हड्डियों और दांतों के लिए लाभकारी है। व्रत के दौरान अधिक मात्रा में इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है, हालांकि बड़े बुजुर्ग निसंकोच सेवन की सलाह देते हैं। मखाना एक कम कैलोरी वाला स्नैक है। इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ-साथ शरीर के लिए कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। मखाना भूख को कंट्रोल करने में मदद करता है।

# गर्भाशय कैंसर से पीड़ित मरीजों की ठीक से नहीं हो पा रही जांच

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, गर्भाशय कैंसर से पीड़ित मरीजों की लिंच सिंड्रोम नामक आनुवंशिक स्थिति की जांच ठीक से नहीं हो रही है। यह स्थिति मरीजों में गर्भाशय और आंतों के कैंसर का खतरा बढ़ाती हैं। लिंच सिंड्रोम 300 में से 1 व्यक्ति को प्रभावित करता है, लेकिन केवल 5 प्रतिशत लोग ही इसके बारे में जागरूकता रखते हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के शोधकर्ताओं का कहना है कि लिंच सिंड्रोम का पता चलना बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे मरीज कैंसर के खतरे को कम करने के लिए कदम उठा सकते हैं। यह न केवल उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि इलाज का खर्च भी घटाता है।

बीएमजी ऑन्कोलॉजी जर्नल में छपे रिसर्च के मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच यूके और आयरलैंड में गर्भाशय कैंसर के 2,500 से ज्यादा मामलों का अध्ययन किया गया।

शोध में सामने आया कि 91 प्रतिशत ट्यूमर की लिंच सिंड्रोम के लक्षणों के




- लिंच सिंड्रोम 300 में से 1 व्यक्ति प्रभावित
- गर्भाशय कैंसर के 2,500 से ज्यादा मामलों का अध्ययन किया

लिए जांच तो की गई, लेकिन जांच के नतीजे अक्सर डॉक्टरों की पूरी टीम को नहीं बताए गए। इसका मतलब है कि आगे की जेनेटिक काउंसलिंग (आनुवंशिक परामर्श) और ब्लड टेस्ट (रक्त जांच) की व्यवस्था नहीं हो पाई। जिन मरीजों को जेनेटिक काउंसलिंग की ज़रूरत थी, उनमें से दो-तिहाई को ही इसके लिए भेजा गया। लेकिन लंबी प्रतीक्षा सूची के कारण केवल 48 प्रतिशत मरीजों की ही जांच हो पाई।

जांच में इस कमी के कारण लिंच सिंड्रोम वाले कई गर्भाशय कैंसर के मरीजों का पता नहीं चल पाता, जिससे उनमें आंत के कैंसर का खतरा बना रहता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के सेंटर फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ के क्लिनिकल लेक्चरर डॉ. नील रयान ने कहा कि साफ-साफ गाइडलाइन (दिशानिर्देश) और ट्यूमर जांच की अच्छी दर के बावजूद, लिंच सिंड्रोम वाली बहुत सी महिलाओं का अब भी पता नहीं चल पा रहा है क्योंकि उन्हें समय पर ब्लड टेस्ट के लिए नहीं भेजा जा रहा है। यह न केवल उनके लिए, बल्कि उनके रिश्तेदारों के लिए भी खतरा है। ट्यूमर की जांच तभी किफायती है जब उससे बीमारी का पता चले। हमें जल्द से जल्द इस जांच को और लोगों तक पहुंचाना होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि शुरुआती पहचान से ऐसी दवाएं (जैसे एस्पिरिन) और नियमित जांच (जैसे कोलोनोस्कोपी) या हिस्टेरेक्टॉमी जैसे उपाय किए जा सकते हैं, जो भविष्य में कैंसर के खतरे को कम करते हैं।

# 'जेन्मा नचतिरम' का सफर मेरी जिंदगी का खूबसूरत चैप्टर : मालवी मल्होत्रा

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा अपनी नई फिल्म 'जेन्मा नचतिरम' के साथ हॉरर-थ्रिलर फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने जा रही हैं। एक्ट्रेस मालवी ने हाल ही में बताया कि आखिर यह फिल्म उनके लिए इतनी खास क्यों है? उन्होंने इस फिल्म के सफर को अपनी जिंदगी का खास चैप्टर करार दिया।



मालवी ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। हमेशा की तरह, मैंने इसमें बहुत मेहनत की है और अपने प्रदर्शन में पूरी कोशिश की है। भगवान की कृपा से यह एक शानदार महिला-केंद्रित फिल्म है और मुझे इसमें मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला है, इसके लिए मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। उन्होंने आगे कहा कि यह एक रोचक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसमें प्यार की कहानी भी है। मैं कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती। बस इतना कह सकती हूं कि जब यह फिल्म जल्दी ही सिनेमा हॉल में आएगी, तो हर कोई इसे देखकर एन्जॉय करेगा। मैं अपने निर्देशक बी. मणिवर्मन की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इस फिल्म में मौका दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं और फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

तमिल फिल्म जेन्मा नचतिरम में मालवी मल्होत्रा के अलावा, तमन आकाश, मैत्रेय, रक्षा चेरिन, शिवम, अरुण कार्थी, काली वेंकट, मुनीशकांत, वेलारामामूर्ति, थलाइवासल विजय, संथाना भारती, बॉयज़ राजन, नकालिते निवेदिता और यासर भी मुख्य भूमिका में हैं।

यह थ्रिलर फिल्म सुभाषिनी के. ने अमोहम स्टूडियो और व्हाइट लैंप पिक्चर्स के साथ मिलकर बनाई है। इस फिल्म का निर्देशन बी. मणिवर्मन ने किया है। 5 जून को फिल्म के निर्माता ने सोशल मीडिया पर इसका टीजर रिलीज किया, जिसकी शुरुआत एक लाइन से होती है, जहरीले पौधों को बढ़ने के लिए सबसे साफ पानी की जरूरत होती है।

# श्वास संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में पिपली कारगर

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। हमारे घर की रसोई में स्वाद के साथ-साथ हमारी सेहत के भी कई सारे खजाने छिपे रहते हैं, ऐसा ही एक खजाना है पिप्पली! यह एक आयुर्वेदिक औषधि है जो पाचन, श्वसन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा दिलाने में उपयोगी है। पिपली अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सांस की समस्या से जूझ रहे लोगों पर जबरदस्त असर करती है।

यह कफ और बलगम निकालने में मदद करता है। चूंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हैं, इसलिए यह दर्द निवारक के तौर पर काम करता है और जोड़ों के दर्द और सूजन कम करने में मददगार साबित होता है। चरक संहिता में पिप्पली को एक महत्वपूर्ण औषधि के रूप में वर्णित किया गया है, जिसका उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है।

यह विशेष रूप से खांसी, श्वसन संबंधी बीमारियों, और पाचन संबंधी समस्याओं के लिए उपयोग की जाती है। सुश्रुत संहिता में इसे दहन उपकर्ण के तौर पर जाना जाता है, यानी ऐसी औषधि जो त्वचा संबंधी तकलीफों को कम करने में मदद करती है। दरअसल, यह खून साफ कर कील-मुहांसों, मुहांसों, खुजली जैसी दिक्कतों को दूर करती है।

आयुर्वेद के अनुसार, यह पाइपरेसी परिवार की एक फूलदार बेल है, जिसे इसके फल के लिए उगाया जाता है, जिसे आमतौर पर सुखाया जाता है और मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लंबी मिर्च का स्वाद अपने करीबी रिश्तेदार पाइपर नाइग्रम के समान होता है, लेकिन उससे ज्यादा मीठा और कम



- कील-मुहांसों, मुहांसों, खुजली जैसी दिक्कतों को करती है दूर
- 1/4 से 1/2 चम्मच शहद या गर्म पानी के साथ लेने फायदा

तीखा होता है - जिससे काली, हरी और सफेद मिर्च प्राप्त होती है। यह मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करती है और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण सूजन कम करने में भी सहायक होती है। इसे इम्यूनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। यह पाचन तंत्र से लेकर श्वसन तंत्र तक को नियंत्रण में रखती है। इसकी तासीर गर्म होती है, जिस वजह से गर्भवती महिलाओं को इससे बचने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक, पिपली अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सांस की समस्या से जूझ रहे लोगों पर जबरदस्त असर करता है। यह कफ और बलगम निकालने में मदद करता है। पिप्पली से मेटाबॉलिज्म तेज गति से होता है।

# शतरंज मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं, एक गुरु की तरह है : उर्वा सावलिया

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। ऐतिहासिक ड्रामा शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता उर्वा सावलिया ने हाल ही में एक रोमांचक शतरंज सीन की शूटिंग की। इस सीन में पृथ्वीराज का किरदार जयचंद के खिलाफ शतरंज के साथ मुकाबला करता दिखता है। उर्वा ने बताया कि शतरंज उनके लिए सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक गुरु की तरह है। अभिनेता ने बताया कि उन्हें शतरंज से खासा लगाव है। शूटिंग के दौरान उर्वा की बचपन से शतरंज के प्रति रुचि ने इस सीन को और भी जीवंत बना दिया।



उर्वा ने अपनी शतरंज की कुशलता को इस सीन में बखूबी उतारा, जिससे यह मुकाबला बेहद वास्तविक और आकर्षक लगता है। सेट पर भी उनकी शतरंज के प्रति दीवानगी सबको दिखती है। वह शूटिंग ब्रेक में अक्सर को-स्टार्स के साथ शतरंज खेलते और उन्हें सिखाते नजर आते हैं, जिससे सेट पर सकारात्मक माहौल बनता है।

इस बारे में उर्वा ने कहा कि शतरंज मेरे लिए सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि धैर्य, रणनीति और आगे की सोच सिखाने वाला गुरु है। पृथ्वीराज के किरदार में अपनी इस रुचि को लाना मेरे लिए बहुत खास था। सेट पर सह-कलाकारों के साथ इसे साझा करना और उनके साथ दोस्ती का रिश्ता बनाना मेरे लिए खुशी की बात है। शतरंज मुझे बहुत पसंद है।

अभिनेता रोनित रॉय 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के पिता के किरदार में हैं।

अपनी इस भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस किरदार को निभाते समय उन्हें ऐसा लगा, जैसे वे अपनी असल जिंदगी के पिता होने के अनुभव को दोहरा रहे हैं। रोनित रॉय ने बताया कि जैसे वह अपने बच्चों के बारे में सोचते हैं और उनका ख्याल रखते हैं, वैसे ही पृथ्वीराज चौहान के पिता के रूप में उन्हें अपने बेटे के लिए वही भावना महसूस होती है। यह किरदार उनके लिए बहुत व्यक्तिगत और भावनात्मक है, क्योंकि इसमें वह अपने खुद के पिता होने के अनुभवों को महसूस करते हैं।

# विवादों में घिरी दिलजीत दोसांझ स्टारर 'सरदार जी 3'

### पाकिस्तानी कलाकारों की भागीदारी पर आपत्ति

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। महाराष्ट्र के बीजेपी चित्रपट कामगार आघाड़ी संघ ने पाकिस्तानी कलाकारों की मौजूदगी का हवाला देते हुए फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेताओं हानिया आमिर, नासिर चिन्योटी, डैनियल खावर और सलीम अलबेला शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी चित्रपट कामगार आघाड़ी संघ ने भू-राजनीतिक तनाव और कुछ पाकिस्तानी हस्तियों के भारत विरोधी बयानों के मद्देनजर इस सहयोग पर गंभीर चिंता जताई। खासकर, भारत के हालिया ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले के जवाब में सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों को लेकर संगठन नाराज है। संघ का कहना है कि भारतीय सिनेमा में पाकिस्तानी कलाकारों को जगह देना गलत है और यह देश की भावनाओं और सम्मान के खिलाफ है। संघ ने अपने बयान में कहा कि हम किसी भी पाकिस्तानी कलाकार को भारतीय सिनेमा से जोड़ने का कड़ा विरोध करते हैं। भाजपा चित्रपट कामगार संघ की मांग है कि 'सरदार जी 3' को सेंसर सर्टिफिकेट न मिले।

# अभिनेत्री मनीषा ने सोशल मीडिया पर साझा की फिटनेस ट्रिक

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पिलेट्स रूटीन की एक झलक साझा की। अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह संतुलन, शक्ति और आंतरिक शांति पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक माइंडफुल सेशन में भाग लेती दिख रही हैं।

पोस्ट के कैप्शन में, कोइराला ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए लिखा है कि कैसे पिलाटे उनके लिए सिर्फ एक व्यायाम से ज्यादा बढ़ गया है। मनीषा ने पिलाटे को एक कसरत से ज्यादा बढ़कर



मैं आज से अनारकली पिता श्री इतबार सिंग के नाम से जानी व पहचानी जाना चाहती हूँ तथा मुझे आज से अनारकली पिता श्री इतबार सिंग के नाम से पुकार जावें तथा मेरे समस्त शासकीय अर्धशासकीय अभिलेखों में, दस्तावेजों में अनारकाली के नाम से जाना तथा पढ़ा जाए एवं पुकार जावें। मैं अपना नाम अनारकली पिता इतबार सिंह शासकीय परिपत्र (गैजिट) में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ तथा अपने आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर आईडी (पहचान पत्र) में भी अनारकाली दर्ज करवाना चाहती हूँ।

**अनारकली**
**पिता श्री इतबार सिंग**
**निवासी ग्राम मांठ तहसील खरोरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती साधना दुबे पति श्री विष्णू नारायण दुबे निवासी अनमोल सुपर बाजार के पास, महावीर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. निजी संपत्ति पुराना खसरा नं. 247/13, भुईया रिकॉर्ड के अनुसार खसरा नं. 247/111, रकबा 1000 वर्गफुट जो कि पुरैना, रानी दुर्गावती वार्ड नं. 45, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 113/67, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है से संबंधित विक्रय विलेख दिनांक 12.11.2013 वाल्यूम नं. 60820, सीरियल नं. 4900, पेज 42 से 49 जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीबद्ध है, जिसे आर. एस. डेव्हलपर्स व्दारा पार्टनर 1. श्री संजय सुंदरानी पिता श्री जवाहरलाल सुंदरानी 2. श्री राजेश हरसानी पिता श्री हीरालाल हरसानी दोनों निवासी गली नं.2, कटोरा तालाब, रायपुर ने श्रीमती साधना दुबे पति श्री विष्णु नारायण दुबे निवासी अनमोल सुपर बाजार के पास, महावीर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. को विक्रय किया था।

उपरोक्त पूर्व पंजीकृत विक्रय विलेख कहीं गुम गया है। जो पर्याप्त खोजने पर भी नहीं मिल पा रहा । उक्त पूर्व विक्रय विलेख के गुम हो जाने की सूचना पोलिस थाने में दर्ज करवाई जा चुकी है। है वर्तमान में श्रीमती साधना दुबे व्दारा उपरोक्त संपत्ति को श्री विजय नायक पिता श्री दासू नायक निवासी एस. के. अली. किराना स्टोर, जय विहार कालोनी, तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. को विक्रय किया जा रहा है। श्री विजय नायक ने ऋण हेतू मेरे पक्षकार सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड रायपुर शाखा रायपुर के समक्ष आवेदन किया गया है। उक्त संपत्ति को बंधक रखे जाने पर यदि किसी व्यक्ति संस्था सहकारी सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में 07 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जायेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर
दिनांक 11.06.2025

**विजय शंकर तिवारी**
**अधिवक्ता**
**मो.नं.-94252-08945, 90390-08945**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANGAM KUMAR TIWARI S/O UPENDRA KUMAR TIWARI resident of MIG -6, SAHYOG PARK, MAHAVEER NAGAR, PURENA RAIPUR (C.G.) have changed my old name SANGAM KUMAR TIWARI S/O UPENDRA KUMAR TIWARI so in future I should be recognized by my new name that is SANGAM TIWARI S/O UPENDRA KUMAR TIWARI, in all Government and other documents.

**SANGAM TIWARI**
MIG -6, SAHYOG PARK, MAHAVEER NAGAR, PURENA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHESHAJ KUMAR SAHU /BHESHAJ KUMAR S/O SANT KUMAR resident of SCHOOL PARA,WARD NO 7, BENDRI, BENDRI 2, RAIPUR, (C.G.) 493661 have changed my old name BHESHAJ KUMAR SAHU /BHESHAJ KUMAR S/O SANT KUMAR so in future I should be recognized by my new name that is BHESHAJ SAHU S/O SANT KUMAR in all Government and other documents.

**BHESHAJ SAHU**
SCHOOL PARA,WARD NO 7, BENDRI, BENDRI 2, RAIPUR, (C.G.) 493661

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAUSAM AGRAWAL D/O VIJAY AGRAWAL resident of C-23, PHASE 1, EXTENSION, SAPPHIRE GREENS, VIDHAN, SABHA ROAD SHRI RAM BUSINESS PARK , AMA SEONI, GSI, RAIPUR, (C.G.) 493111 have changed my old name MAUSAM AGRAWAL D/O VIJAY AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MOUSAM AGRAWAL W/O MOHIT AGRAWAL in all Government and other documents.

**MOUSAM AGRAWAL**
C-23, PHASE 1, EXTENSION, SAPPHIRE GREENS, VIDHAN, SABHA ROAD SHRI RAM BUSINESS PARK , AMA SEONI, GSI, RAIPUR, (C.G.) 493111

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202506115600012/
अ-6/2024-2025
ग्राम-गुढ़ियारी प.ह.नं. 49
तहसील व जिला रायपुर
रायपुर, दिनांक 05.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती पूजा जाट पति श्री दीनदयाल जाट निवासी नजदीक बजाज भवन मैत्री नगर सुन्दर नगर डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 62/2, रकबा 1215 वर्गफुट भूमि को विक्रेता आकाश दुबे पिता अश्वनी दुबे निवासी दुबे किराना स्टोर के सामने सुंदरनगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.09.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 27.06.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 27.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./20250611500021/अ-6/2024-25
ग्राम-कोटा-3, प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक टी. राजा राव पिता स्व. टी. रघुनाथ राव निवासी सांई नाथ कालोनी रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक के पिता स्व. टी. रघुनाथ राव पिता स्व. टी. कामैया एवं माता स्व. टी. सावित्री पति स्व. टी. रघुनाथ राव के नाम पर ग्राम कोटा-3, प.ह.नं. 51, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 113/157 रकबा 0.0090हे. याने 1000 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में धारित की जाती है। आवेदक के पिता स्व. टी. रघुनाथ राव पिता स्व. टी. कामैया एवं माता स्व. टी. सावित्री पति स्व. टी. रघुनाथ राव द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 05.08.2002 के माध्यम से आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित कि है। आवेदक के पिता स्व. टी. रघुनाथ राव पिता स्व. टी. कामैया की मृत्यु दिनांक 20.06.2005 को एवं आवेदक की माता स्व. टी. सावित्री पति स्व. टी. रघुनाथ राव की मृत्यु दिनांक 14.03.2009 को हो गयी है। अतः उक्त भूमि में से मृतक वसीयतकर्तागण स्व. टी. रघुनाथ राव पिता स्व. टी. कामैया एवं स्व. टी. सावित्री पति स्व. टी. रघुनाथ राव का नाम विलोपित कर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक / वसीयत प्राप्तकर्ता द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20.06.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202506112800006/178
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार फिरदोश बानो पति श्री मोहम्मद शफीक, अनावेदक पक्षकार-ईरा कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदारान मोहम्मद इनाम उल्लाह वगै.

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फिरदौश बानो पति श्री मोहम्मद शफीक, निवासी-मकान नंबर-158, वार्ड नंबर-07, मेन रोड, मैनपुर गरियाबंद हाल मुकाम रायपुर छ.ग. द्वारा भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-16, प्लॉट नंबर-21/27 का भाग, रकबा 1798.12 वर्गफुट भूमि ईरा कंस्ट्रक्शंस भागीदारी संस्थान द्वारा भागीदारन 1. मोहम्मद इनाम उल्लाह पिता मोहम्मद इकरामउल्लाह, निवासी-नूरानी चौक राजालालाब, रायपुर एवं अन्य के नाम दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.03.2025 के माध्यम से विक्रेता ईरा कंस्ट्रक्शंस भागीदारी संस्थान द्वारा भागीदारन 1. मोहम्मद इनाम उल्लाह पिता मोहम्मद इकरामउल्लाह, निवासी-नूरानी चौंक राजातालाब, रायपुर एवं मोहम्मद सकलैन कामदार पिता मेहदी कामदार निवासी-फ्लैट नंबर 602, ब्लाक 08 अशोका रत्ना कचना रायपुर से क्रय किया है। अतएव आवेदिका द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 26.06.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहारमेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नजूल अधिकारी रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202505111800070
विषय-अ-6 अ सन् 2024-2025
मोहदी प.ह.नं. 00016
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती गायत्री धीवर, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गायत्री धीवर पति श्री नन्द कुमार धीवर निवासी भगत सिंह चौक भनपुरी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम मोहदी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. रायपुर-20 सिलयारी तहसील धरसींवा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 461/48 रकबा 0315 हे. भूमि आवेदिका के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि का रकबा बी 1 में 0.000 प्रदर्शित हो रहा है और पी 2 में सही रकबा 03150 हे. प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख के खसरा पांचसाला एवं बी1 पी 2 में खसरा नंबर 461/48 का सही रकबा 0.315 हे. दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि 10.06.2025 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00013 बाहनाकाडी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440204 000023

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00013 के अंतर्गत ग्राम बाहनाकाडी के वर्तमान भूमिस्वामी विनोद अग्रवाल पि. छगन लाल पिता/पति पता सा. रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/1 0.1900 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जनकु राम बंदे पिता/पति फिरंगी लाल बंदे पता ग्राम बाहनाकाडी कुरूद कैम्प तहसील आरंग, जिला रायपुर, जनक लाल बंदे पिता/पति फिरंगी लाल बंदे पता-124 बिजली आफिस वार्ड तुलसी 02 रायपुर तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार मंदिर हसौद**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00053 डूमरतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 722000059

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00053 के अंतर्गत ग्राम डूमरतालाब के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती दुर्गा खटवानी पिता/पति सी.एम. खटवानी पता फाफाडीह रायपुर, संजय पिता/पति श्याम सुंदर पता फाफाडीह, खेमचंद पिता/पति नारायण पता फाफाडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 424/79 0.0074 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती हेमलता भूपेन्द्र सिंह बैस पिता/पति भूपेन्द्र सिंह बैस पता बोदा, गोंदिया महाराष्ट्र के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202505100900158
अ/27 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र मिश्रा पिता दीनानाथ मिश्रा निवासी ग्राम पाटन तहसील पाटन द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 796 रकबा 0.76 हे. भूमि का अपने हिस्से की भूमि का खाता विभाजन किये जाने आवेदन पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक भूपेन्द्र मिश्रा पिता दीनानाथ मिश्रा निवासी ग्राम पाटन द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार खाता विभाजन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार पाटन**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

दिनांक 06.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजली साहू पिता/पति गीतेश कुमार साहू निवासी बिलासपुर की ग्राम लारा प.ह.नं. 31 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 धनेली तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 118 रकबा 0.170 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक आदेश दिनांक 24.04.2023 के परिपालन में दिनांक 09.06.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 31 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

# खेल जगत

## शूटिंग लीग इस खेल के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होने जा रही है : वलारिवन

**नई दिल्ली।** एनआरएआई द्वारा शुरू की गई पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लिए पूरे देश में उत्साह का माहौल है। म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर सुर्खियों में आई भारतीय राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन ने एसएलआई की घोषणा पर खुशी जताई। एसएलआई का पहला सत्र 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी, जैसा कि एनआरएआई तकनीकी समिति द्वारा तय किया गया है। प्रतियोगिता में कुल छह से आठ टीमें हिस्सा लेंगी और लीग चरण में उन्हें दो पूल में बांटा जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को चार स्तरों – एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर एवं यूथ चैंपियनशिप में बांटा जाएगा, ताकि अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उपलब्ध कराया जा सके।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2–1 से हराया



■ लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी

**एंटवर्प,** 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम पर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारत ने बेल्जियम के एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में बेल्जियम की टीम को 2–1 के कड़े स्कोर से हराया। लालथंतलुंगी (35%) और गीता यादव (50%) ने भारत के लिए गोल किए।

पहला हाफ गोल रहित रहा क्योंकि दोनों टीमें कड़े मुकाबले में गतिरोध को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। 35वें मिनट में, भारत ने आखिरकार पहला गोल किया, जब लालथंतलुंगी ने एक भाग्यशाली पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक गोल में बदला। आखिरी क्वार्टर में, वैन हेलेमोंट (48%) ने बेल्जियम के लिए फील्ड गोल के जरिए बराबरी का गोल किया। हालांकि, इसके ठीक दो मिनट बाद, गीता यादव ने खुद फील्ड गोल करके भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारत ने मैच के अंतिम 10 मिनट में बेल्जियम के हमलों को रोकने के लिए अच्छा बचाव किया और सुनिश्चित किया कि वे बेल्जियम पर एक और जीत का आनंद लें। अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, भारतीय टीम अब 5 मैचों के दौरे के लिए यूरोप पहुंच गई है, जहां उन्होंने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारतीय टीम ने हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में 3–2 से गेम जीता। लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी। अर्जेंटीना में, भारतीय टीम ने बेहतरीन विरोधियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चिली के खिलाफ 2–1 से जीत और 2–2 (2–3 शूट आउट) की हार दर्ज की, मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1–1 (2–0 शूट आउट) की जीत और 2–4 की हार हासिल की, और उरुग्वे को दो बार हराया – 3–2 और 2–2 (3–1 शूट आउट)। उल्लेखनीय है कि ये मैच एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए भारत की तैयारी का भी अहम हिस्सा हैं, जो दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाला है।

## विश्वकप 2026 में जगह बनाने में विफल रहने पर चिली के कोच गारेका ने दिया इस्तीफा

**एल ऑल्टो (बोलीविया),** 11 जून (एजेंसियां)। बोलीविया से मिली हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद समाप्त होने पर चिली की फुटबॉल टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मंगलवार को हुये मुकाबले में बोलीविया के हाथों मिली 2–0 से हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 में खेलने की उम्मीद खत्म हो गई है। एल ऑल्टो में म्यूनिसिपल स्टेडियम में मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में गारेका ने कहा, 'हमने कोचिंग स्टाफ के साथ एक निर्णय लिया और हमने खिलाड़ियों बताया कि हम ऐसे हालात को कम करना चाहते हैं। हमने नतीजे नहीं दिए। चिली की ऐसी स्थिति कोई नहीं चाहता था। मेरे अनुभव और करियर के हिसाब से यह बड़ा झटका है। मुझे अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा, ठीक उसी तरह जैसे चिली को भविष्य में अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा।

## टी-20 रैंकिंग : वरुण गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर कायम, राशिद दूसरे स्थान पर





**दुबई,** 11 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दल को आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में स्थान मिला है, जिसमें अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे आगे हैं। 37 वर्षीय राशिद ने इंग्लैंड की 3–0 की टी20 सीरीज जीत में निरंतरता का नमूना पेश किया, जिसमें चेस्टर-ले-स्ट्रीट में 1/22, ब्रिस्टल में एक हाई-स्कोरिंग क्लैश में 1–59 और साउथम्प्टन में अंतिम मैच में 2/30 के आंकड़े हासिल किए। उनके प्रयास श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और भारत के वरुण चक्रवर्ती दोनों को पीछे छोड़ने के लिए पर्याप्त थे, जिससे वे टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 710 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जो वर्तमान नंबर 1 न्यूजीलैंड के जैकब डफी से केवल 13 अंक पीछे है। लेगी का उदय इंग्लैंड के लिए एक प्रभावशाली रन को दर्शाता है, जिसने उसी प्रतिद्वंद्वी पर पहले की एकदिवसीय श्रृंखला जीत से अपनी गति को आगे बढ़ाया। इंग्लैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को भी उनके शानदार योगदान का इनाम मिला। अंतिम दो टी20 में उनके दो विकेट ने उन्हें रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 52वें स्थान पर पहुंचा दिया। श्रृंखला में रनों की भरमार थी, और बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी यह झलकता है। बेन डकेट ने तीसरे टी20 में 46 गेंदों पर 84 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया – एक ऐसी पारी जिसने उन्हें 48 पायदान ऊपर उठाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंचा दिया। हैरी ब्रूक की 35* और 34 रन की तेज पारी ने उन्हें छह पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 38वें स्थान पर पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज ने भी अपने पलों को बरकरार रखा। कप्तान शाई होप के 40 से अधिक रन की दो पारियों ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 14 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि रोवमैन पॉवेल ने अंतिम मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 79 रन की विस्फोटक पारी खेलकर शीर्ष 20 में जगह बनाई। ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने भी बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया और 70 रन और एक महत्वपूर्ण विकेट की बदौलत ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर 26वें स्थान पर पहुंच गए।

## 50,000 डॉलर के बोनस की पेशकश पर एआईएफएफ पर भड़के भूटिया

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर में हांगकांग से भारत की 0–1 की हार के बाद, भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कड़ी आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर खिलाड़ियों को मैच जीतने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की पेशकश की गई थी। अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के बाद, भारत को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए जीत की सख्त जरूरत थी।



हालांकि, स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया, जिससे एक और निराशाजनक परिणाम सामने आया।भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे से 'भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए' पद छोड़ने का आह्वान किया और इस तरह के तदर्थ वित्तीय प्रोत्साहनों के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। भूटिया ने कहा, 'हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं कि खिलाड़ियों को 2,500 रुपये का दैनिक भत्ता भी नहीं मिला है। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों के पास क्रिकेटरों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं हैं। वे लाखों या करोड़ों में नहीं कमाते। उनका मुआवजा मुख्य रूप से दैनिक भत्तों से आता है। फिर अचानक, कहीं से भी, अगर वे मैच जीतते तो 50,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार घोषित किया जाता। यह कहां से आया? अगर वे जीत जाते, तो क्या अगले चार मैचों के लिए भी यही बोनस दिया जाता? स्पष्ट रूप से कोई प्रणाली नहीं है, कोई रणनीति नहीं है। बिना किसी स्पष्टता के सिर्फ बेतरतीब फैसले लिए जा रहे हैं।' जुलाई 2023 में, भारत फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर था और उसका साल शानदार रहा।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स में घंटी बजाना सौभाग्य की बात : जय शाह

■ दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया



**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर घंटी बजाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। जून 2023 में भारत को 209 रनों से हराकर ओवल में जीती गई गदा को बरकरार रखने की कोशिश में, ऑस्ट्रेलिया ने मैच के पहले दिन बुधवार को लंच तक दक्षिण अफ्रीका के सामने 23.2 ओवर में 67/4 रन बना लिए। यह भी पहली बार है कि लॉर्ड्स आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी कर रहा है।

शाह ने बुधवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन खेल शुरू होने से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर घंटी बजाना सौभाग्य की बात है। ऑस्ट्रेलिया 2023–25 डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान लीग तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, जिसने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया और 69.44 अंक प्रतिशत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने दिसंबर 2024 में सेंचुरियन में दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस साल जनवरी में सिडनी में भारत पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज करके क्वालीफाई किया। डब्ल्यूटीसी 2023–25 चक्र के विजेता को 3.6 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे, जो 2021 और 2023 दोनों संस्करणों में दिए गए 1.6 मिलियन अमरीकी डॉलर से काफी ज़्यादा है, जबकि उपविजेता को 800,000 अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2.16 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल: दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले ऑस्ट्रेलिया को दिए चार झटके

**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां) मार्को यानसन और कैगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 23.2 ओवर में 67/4 कर दिया। जब से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीता और बादलों से घिरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, तेज गेंदबाजों ने टाइट लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके और बेहतरीन मूवमेंट निकालकर उस फैसले को सही साबित किया, जिसके चलते यानसन और रबाडा ने विकेट निकाले। कुछ बेहतरीन कैचिंग के साथ, इसका मतलब था कि पहला सत्र वास्तव में प्रोटियाज के नाम रहा। लंच के समय स्टीव स्मिथ 26 रन बनाकर क्रीज पर हैं और उन्हें अभी भी काफी बल्लेबाजी करनी है।

### सार संक्षेप

## तिलक मौजूदा काउंटी सत्र के लिए हैम्पशायर से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलने के साथ अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के लिए तैयार हैं, उन्होंने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए हैम्पशायर के साथ अनुबंध किया है।

### सुडोकू 6941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने की संकल्पना हो रही पूरी: मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के पदभार ग्रहण में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक की नई शाखा का किया वर्चुअल शुभारंभ

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। साय ने कहा कि नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा। इस पुनीत पहल के लिए उन्होंने सहकारिता विभाग को साधुवाद दिया।

# सरकारी मेडिकल कॉलेज बनें जनता की पहली पसंद: जायसवाल



- कांकेर में मेडिकल कॉलेज की समीक्षा में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा और सामुदायिक विकास दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बैठक लेकर मंगलवार को कांकेर जिले में समीक्षा की। मंत्री जायसवाल ने जिले के नांदनमारा स्थित इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित स्वशासी समिति की बैठक लेकर कॉलेज की कार्यप्रणाली, आधारभूत ढांचे और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने साफतौर पर निर्देश दिए कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को इस रूप में विकसित किया जाए कि वे जनता की पहली पसंद बनें। उन्होंने कहा कि बाह्य रोगी विभाग व अंत:रोगी सेवाओं में संवेदनशीलता और उत्कृष्टता लाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

जनता को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले, यही हमारी चिकित्सा व्यवस्था की पहचान होनी चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य सिर्फ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं है, अपितु आमजनता के प्रति संवेदनशीलता और उन्हें सम्मान भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने कॉलेज में पारदर्शिता, डिजिटल उपस्थिति प्रणाली, स्टाफ की नियमित नियुक्ति और उत्तरदायित्व तय करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत एवं अधिष्ठाता डॉ. खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### पत्रकारों के प्रदर्शन के बाद प्रशासन सख्त

# रेत घाट का रास्ता किया बंद, खनिज अधिकारी को भी शो काज नोटिस

**गरियाबंद,** 11 जून (देशबन्धु)। पितईबंद में पत्रकारों पर हुए हमले के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। पत्रकार संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार रात ही प्रशासन ने जिले के सभी सक्रिय रेत खदानों पर छापा मारा। राजस्व व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए कई अवैध खदानों की पड़ताल की। हालाकि घटना के बाद से सभी खदान कल बंद पाए गए। रात दो बजे तक टीम निरीक्षण करती रही।

वहीं बुधवार को कलेक्टर बीएस उइके ने पत्रकारों की मांग पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी खनिज अधिकारी रोहित साहू को कारण बताओ नोटिस थमाया है। इसके साथ ही प्रशासन ने पितईबंद रेत घाट के मुख्य मार्ग को भी जेसीबी से खुदवाकर बंद कर दिया है ताकि अवैध रेत परिवहन में आने वाले वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। दो दिनों से पत्रकारों के आक्रोश का सामना कर रहे प्रशासन की यह दो बड़ी कार्रवाई की है।

**हाईवा रोकने बनाए जाएंगे स्ट्रक्चर-** मंगलवार को कलेक्टर बीएस उइके व एसपी निखिल राखचे ने पत्रकारों को आश्वस्त किया है कि अवैध खदानों तक हाईवा न जा सके, इसके लिए ठोस कदम उठाएंगे। अस्थायी रैंपों को तत्काल प्रभाव से तोड़ा जाएगा। मंगलवार को टीअल बैठक में भी कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों और एसडीएम को अवैध खनन रोकने कड़े निर्देश जारी किए थे।

**खनन मार्ग पर गड्ढा, बैरिकेडिंग से रोका रास्ता-** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पत्रकारों के प्रदर्शन के बाद बुधवार तड़के



राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने पितईबंद खदान की ओर जाने वाले सभी रास्तों को जेसीबी से खुदवा दिया और बैरिकेडिंग कर दी। साथ ही निर्देश दिए कि अब बिना प्रशासन की अनुमति कोई वाहन घाट क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इसे लिए अधिकारी भी लगातार मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी करेंगे।

गौरतलब है कि 9 जून को खबर कवरेज के लिए गए पत्रकारों पर रेत माफिया के गुर्गों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना के बाद न केवल जिले बल्कि प्रदेशभर के पत्रकार संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया था। हालाकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया था।

**खनिज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस-** इधर, कलेक्टर ने जारी नोटिस में लिखा है कि घटना की जानकारी होने के बावजूद प्रभारी खनिज अधिकारी रोहित साहू द्वारा समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो च्कर्तव्य परायणताज्ञ के विपरीत है। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन माना गया है। अधिकारी को 24 घंटे में संतोषजनक जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई तय मानी जा रही है।

एसडीएम विशाल महाराणा ने बताया कि पितईबंद घटना के बाद कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार रात सभी अवैध खदानों पर औचक निरीक्षण किया गया। शिकायत मिलने पर टीम देर रात सड़कड़ा भी पहुंची थी। बुधवार को पितईबंद रेत घाट के मार्ग को गड्ढा खोदकर बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब जीत खनन और परिवहन की सूचना पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**NECC**

| 12.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 545 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 560 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA









प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

मिंटू (चिंटू से)- कौन कहता है औरतें कभी अपनी गलती नहीं मानती हैं?
चिंटू- क्यों, क्या हुआ?
मिंटू- मेरी बीवी तो रोज यही कहती है कि गलती हो गई तुमसे शादी की.

संपादकीय

## ऑटो में भी बरतें सावधानी

छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बड़े शहर जेबकतरों एवं उठाईगीरों के चलते निहायत असुरक्षित हो चुके हैं। राजधानी सहित बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा जैसे कई शहरों में बड़े पैमाने पर लोग ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। शहर के एक स्थान से दूसरी जगह जाने के लिये आटो रिक्शा परिवहन का एक सस्ता और तेज माध्यम है। बड़ी संख्या और लगभग सारा समय इनकी उपलब्धता से जनसामान्य को ये बहुत सुविधापूर्ण लगते हैं। उनमें बड़ी जादाद में शेयर रिक्शा चलते हैं।

तकरीबन हर शहर में अनेक स्थान ऐसे मिलेंगे जहां रिक्शा वाले कुछ लोगों को एक साथ बैठाकर फेरे लगाते हैं। इससे जहां यात्रियों का काफी कम किराया देकर काम चल जाता है तो रिक्शा वालों के लिये भी यह इस लिहाज़ से सहूलियत भरा होता है कि उन्हें निर्धारित रूट पर चलते हुए भी पर्याप्त कमाई हो जाती है। हर किसी के लिये पूरा रिक्शा तय करके जाना सम्भव नहीं होता क्योंकि उसका किराया बहुत अधिक होता है जो हर कोई वहन नहीं कर सकता।

जिस भी शहर में चले जाएं तो अलग-अलग दिशाओं में कुछ स्थानों से रिक्शे चलते हैं। ऐसे ही रिक्शों में एक अन्य तरह का खतरा भी होता है। जेब काटने वाले तथा पर्स, झोला, सामान आदि उठाने वाले उनमें बैठ जाते हैं। मौका पाते ही वे सामान लेकर गायब हो जाते हैं। अधिकतर निर्धारित स्थानों पर उनके सहयोगी खड़े रहते हैं जो चोरी का माल ले जाते हैं। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह सहयात्री चोर हो सकता है। कई बार वे मौका पाते ही स्वयं सामान या पैसे गायब कर किसी स्थान पर उतरकर नज़रों से ओझल हो जाते हैं।

जो लोग शेयर ऑटो रिक्शों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें बहुत सतर्क रहना चाहिये। कई बार ये समूह में होते हैं लेकिन ऐसा महसूस होने नहीं देते। वे अक्सर निशाना बने व्यक्ति को बातों में उलझा देते हैं या उन्हें भ्रमित कर उनकी वस्तुएं अथवा पैसे गायब कर देते हैं।

बिलासपुर में शुक्रवार को एक महिला ऐसी ही उठाईगिरी की शिकार हो गयी। तिफरा से निकलते वक्त उसकी बहन ने उसे पर्स में डालकर 50 हजार रुपये उनकी सबसे छोटी बहन के लिये दिये जो उसने झोले में रख दिये। पहले उसने नेहरू चौक का रिक्शा लिया जिसमें पहले से कुछ महिलाएं बैठी थीं। वहां से उसने मंगला चौक के लिये दूसरा रिक्शा पकड़ा। उतरने पर उसने पाया कि झोले में रखे पर्स की चैन खुली है और रुपये गायब हैं। उसे ख्याल आया कि वे महिलाएं उससे बात कर रही थीं। शक है कि उन्होंने ही रुपये उड़ाए होंगे।

सावधानी के साथ ज़रूरी है कि पहले से बैठे या बाद में बैठने वाले अनजान लोगों से नज़दीकियां न बढ़ाएं। कई बार रिक्शों के पीछे रखे सामान भी निकाल लिये जाते हैं।

# लौह अयस्क तस्करी का मामला, एनएमडीसी ने किया ड्रॉप टेस्ट

## बस्तर परिवहन संघ ने की कार्रवाई, 4 ट्रकों को किया ब्लैक लिस्ट

**जगदलपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। हाल ही में बस्तर में हो रही लोहा तस्करी के उजागर होने के बाद हर तरफ हड़कंप मचा हुआ है। एनएमडीसी बचेली और रेलवे के अधिकारी सचेत हो चुके हैं। परसों बचेली के रैक लोडिंग पॉइंट में भरे जाने वाले माल के वजन की तस्दीक की गई। वेब्रिज केलिब्रेशन के साथ ड्रॉप टेस्ट करवाया गया जिसके तहत लोड किये जाने वाले लौह अयस्क के वजन में हो रही गड़बड़ी की जांच की गई। इससे आने वाले समय मे वज़न के अत्याधिक मात्रा में घटने बढ़ने की संभावना को खत्म किया जा सके। इधर बस्तर परिवहन संघ ने भी अपने एक सदस्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस सदस्य की चार ट्रकों को बस्तर परिवहन संघ की काली सूची में डाल दिया गया है।वाहनों के मालिक अतुल चौहान द्वारा बस्तर परिवहन संघ के माध्यम से संचालित किये जा रहे ट्रक क्रमांक छ्त्त18क्त4300, छ्त्त26छ्4300, छ्त्त27क्त4300, छ्त्त17य्ह्व5553, को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है।बस्तर परिवहन संघ कार्यालय मे लगे नोटिस बोर्ड में यह सूचना लगाई गई है। जिसमे लिखा गया है कि जगदलपुर के रायकोट (बड़े आरापुर) रेल्वे साइडिंग से अवैध रूप से चोरी से लौह अयस्क परिवहन करने की वजह से इन चार वाहनों को ब्लैक लिस्टेड किया जा रहा है।






### संघ आगे भी करेगा कड़ी कार्रवाई : अध्यक्ष

बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। श्री पाठक ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बस्तर परिवहन संघ की

**अध्यक्ष ने दी चेतावनी कहा ऐसे कामों से दूर रहें**

विश्वसनीयता प्रभावित होती है। कई दशकों की मेहनत से इस संघ ने अपनी साख को मजबूत किया है।सभी सदस्य पूरी ईमानदारी से संघ के साथ जुड़ कर काम कर रहे हैं। कुछ लोगों की गलत हरकत से संघ की बदनामी होती है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसे अनैतिक कार्यों में लगे किसी भी सदस्य का नाम सामने आएगा तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अभी भी पड़ा है सैकड़ों टन अवैध लौह अयस्क

जगदलपुर के नज़दीक संचालित और इस घटना से जुड़ी रेल्वे साइडिंग के आस पास अभी भी लगभग 700 टन अवैध और चोरी का लौह अयस्क पड़ा हुआ है। जिसे रायपुर ले जाकर बेचने की तैयारी की जा रही है। ब्लेक लिस्टेड हो चुकी ट्रकों के अलावा भी कई और ट्रकें हैं जिनसे नियमित रूप से यह चोरी का लोहा भेजा जा रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक गाड़ी मालिक ने बताया कि परिवहन ठेकेदार सेंगर द्वारा गाड़ी मालिकों को बस्तर परिवहन संघ से दोगुना भाड़ा दिया जा रहा है।रायपुर में मुख्य रूप से 4 कंपनियों में यह चोरी का माल खपाया जा रहा है।जिनमे एक लोहा व्यापारी वह भी शामिल है जिसपर भिलाई स्टील प्लांट से रेल्वे की चोरी की गई पटरियां खरीदने का भी आरोप लग चुका है।

### बड़े भाजपा नेता का संरक्षण

इस पूरे सिंडिकेट का सरगना एक भाजपा नेता को बताया जा रहा है। चित्रकोट इलाके के एक बड़े आदिवासी नेता की सरपरस्ती में लोहा चोरी का यह खेल बड़े पैमाने पर खेला जा रहा है।

कांकेर में लोहा तस्करी करते पकड़ी गई ट्रकों को छुड़वाने के लिए इस भाजपा नेता द्वारा कांकेर जिले के अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# गिव ब्लड, गिव होप, टुगेदर वी सेव लाइव्स के थीम पर रक्त दान जन-जागरुकता कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर एस. हरीश के निर्देशानुसार एव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन मे विश्व रक्तदाता दिवस गिव ब्लड, गिव होप, टुगेदर वी सेव लाइव्स के थीम पर रक्त दान जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत किया गया। जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी. डी. बस्तिया ने जानकारी देते हुए बताया की सभी यू.पी.एस.सी. एवं यू.आ.आ.एम. के अलावा सुबह पी.जी. कॉलेज ग्राउंड पार्कों, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर लालबाग, 5 वीं बटालियन परपा एवं होम गार्ड कैम हाटकचोरा, के अलावा सार्वजनिक स्थान जैसे बिनाका मॉल, विशाल मेगा मार्ट, गली मोहल्लों में जागरूक कर रक्त दान करने हेतु प्रेरित कर शपथ लिया गया एवं 115 रक्तदान फार्म भरवाया गया। आगामी 14 जुन को रक्तदान हेतु प्रेरित लोगों को रक्त दान करने हेतु महारानी अस्पताल आने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर शहरी क्षेत्र के समस्त स्टाफ अलावा नरेश मरकाम, सुन्दर मरकाम, वर्षा नामदेव, मनीष खाखा, हेमो बघेल, पीला राम, मोहन कश्यप, कमलवती, तामेश्वरी मरावी, रजनी, मुकेश्वरी, अमित पटेल, शहरी एम.टी. सोनमनी, निलू ठाकुर, के अलावा वार्ड के मितानिन शामिल थे।

**विश्व रक्तदाता दिवस**

# केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें संवैधानिक मूल्यों की कर रही अनदेखी : सुशील मौर्य




**जगदलपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्भाग मुख्यालय राजीव भवन से संविधान बचाओ यात्रा अभियान के तहत विशाल मशाल रैली शहर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई।

**केंद्र की मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कर रही तार-तार : प्रेमशंकर**

यह मशाल रैली राजीव भवन से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग महारानी अस्पताल चौंक से महावीर चौंक, सिरहसार से लेकर गुरुनानक चौंक होते हुए पुन: राजीव भवन में इस मशाल रैली यात्रा का समापन हुआ। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें लगातार संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी कर रही हैं। यहां तक कि शासन-प्रशासन भी संविधान के हिसाब से नहीं चल रहा है। भाजपा सरकार आदिवासियों और महिलाओं के अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है। वही विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसलिए संविधान की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश के हर ज़िले और ब्लॉक स्तर पर च्संविधान बचाओ यात्राज् आयोजित कर रही है। इस तारतम्य में आज संविधान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मशाल रैली निकाली गई।

ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा संविधान को बचाना हमारा परम कर्तव्य है और इस कर्तव्य को पूरा करने के छत्तीसगढ़ का एक-एक कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ इस कर्तव्य को निभाएगा। संविधान को एक तरफा अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश करने वाली सत्ता में काबिज भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। आज संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा हो रहा है। नियमों को ताक पर रखकर एक तरफा उसका संचालन किया जा रहा है जनता और छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला गया है। जब देश में सिर्फ और सिर्फ नफरत की राजनीति को बढ़ावा देकर समाज में डर और असुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। यह हमारे संविधान पर हमला है. संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, जगदलपुर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग, उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, महामंत्री महेश द्विवेदी, राजेश राजेश राय, रविशंकर तिवारी, प्रकाश अग्रवाल, गौरनाथ नाग, बलराम यादव, कमलेश पाठक, पार्षद सूर्योपानी, सुशीला बघेल, अफरोज बेगम, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शराब दुकान का प्रस्ताव कांग्रेस की देन, आज कर रहे नाटक : महापौर



**जगदलपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। शहर के कोतवाली थाना के ठीक सामने स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर नगर निगम महापौर संजय पाण्डे ने स्पष्ट किया है कि यह मात्र कांग्रेस द्वारा प्रायोजित भ्रम और अफ़वाह मात्र है। नगर निगम जनता की भावनाओं का पूर्ण सम्मान करता है और ऐसी किसी भी योजना को समर्थन नहीं देगा जो रिहायशी एवं धार्मिक स्थलों के समीप सामाजिक वातावरण को प्रभावित करे। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि च्नगर निगम में शराब दुकान से संबंधित कोई प्रस्ताव सम्मिलित नहीं किया गया है, यह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपज है। जनता की आपत्ति और धार्मिक, सामाजिक भावनाओं का हम पूरा सम्मान करते हैं।ज्उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल धार्मिक आस्था और कानून व्यवस्था से जुड़ा ही नहीं है, बल्कि महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की सुरक्षा और क्षेत्र की सामाजिक संरचना से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। महापौर पाण्डे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अफ़वाह फैला कर जिस स्थल को प्रस्तावित स्थल बताया है, वहाँ से केवल 100 से 150 मीटर के दायरे में श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर, श्री शंकर मंदिर, पुलिस कॉलोनी, एसबीआई बैंक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अन्य शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में किसी भी सूरत में यह स्थान शराब दुकान के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि नियमानुसार भी किसी भी शराब दुकान को धार्मिक व रिहायशी स्थलों से उचित दूरी पर होना चाहिए।

**कांग्रेस की दोहरी नीति उजागर, जिसने शराब का बीज बोया, वही आज अफ़वाह फैला रही है**

**जनभावनाओं का होगा सम्मान, जिला प्रशासन के साथ समाज एवं संगठनों की बैठक से ही होगा कोई भी निर्णय : संजय पाण्डे**

**महापौर की पहल, शराब दुकान स्थानांतरण को लेकर राज्य शासन और जिला प्रशासन से करेंगे बातचीत**

महापौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति केवल दिखावे और भ्रम फैलाने पर टिकी है। च्जिस कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में पूरे बस्तर संभाग को शराब के जाल में धकेल दिया, वही आज शराब दुकान का विरोध करने का पाखंड कर रही है। कांग्रेस की शराब नीति ही इस समस्या की जड़ है, जिसने गांव-गांव में शराब पहुंचाई, अब वही पार्टी नैतिकता की बातें कर रही है, यह हास्यास्पद है।

महापौर पाण्डे ने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को लेकर राज्य शासन एवं जिला प्रशासन से चर्चा करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा समाज एवं संगठन प्रमुखों की राय एवं सहमति लेकर तथा शराब दुकान को शहर से बाहर किसी उचित स्थान पर स्थानांतरित करने का आग्रह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगर की सुरक्षा को लेकर पार्षद राठी ने जताई चिंता



**सुकमा,** 11 जून (देशबन्धु)। सुकमा नगर की आंतरिक सुरक्षा व तीसरी आंख को लेकर नगरपालिका सुकमा की पार्षद कांता राठी ने कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंप कर शहर में सीसी टीव्ही कैमरे, ट्रैफिक सिंगनल सहित संभावित बाढ़ को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरूण सिंह भदौरिया, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, एससी मौर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवाने भीउपस्थित थे। सुकमा नगरपालिका के वार्ड क्रं 13 शहीद चंद्रशेखर वार्ड की पार्षद कांता राठी ने जनहित के मुद्दो को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए कई विकास कार्यो को लेकर सजगता दिखानी शुरू कर दी है। सुकमा शहर में बढ़ते अपराध व नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पार्षद कांता राठी ने कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को ज्ञापन सौंप कर कहा कि नगरपालिका सुकमा जिला मुख्यालय सुकमा में स्थित है। जिला मुख्यालय में स्थित होने के वजह से शहर की सुरक्षा एक गंभीर समस्या है। असामाजिक गतिविधियों के अलावा कई तरह के प्रकरण आये दिन सुर्खियों में रहते है। तत्संबंध में सुकमा नगरपालिका क्षेत्र के एक दर्जन स्थानों पर सीसी टीव्ही कैमरे लगाया जाना आवश्यक है जिससे सुकमा के हजारों नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसुस कर सके।

- सीसीटीव्ही कैमरा सहित टैफिक सिंग्नल को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- वार्ड क्र. 13 की पार्षद कांता राठी ने कहा बारिश से पूर्व हो शहर के नाले की सफाई

एनएच 30 पर स्थापित हो टैफिक सिंग्नल

कलेक्टर सुकमा को सौंपे गयो ज्ञापन में पार्षद श्रीमति राठी ने कहा कि सुकमा नगरपालिका होने के साथ साथ जिला मुख्यालय भी है। सुकमा शहर के मध्य से एनएच 30 गुजरती है और यातायात का भारी दबाव शहर के मध्य रहता है और आये दिन दुर्घटनाये होते रहती है। जिला मुख्यालय होने व चौक चौराहो को देखते हुए शहर के महेश चैक, बस स्टेण्ड चैक व गादीरास चैक पर ट्रैफिक सिंग्नल लगाना अत्यंत आवश्यक है।

**संभावित बाढ़ से बचने किये जाये कारगर उपाय:**

कलेक्टर सुकमा को सौंपे गये ज्ञापन में पार्षद कांता राठी ने कहा कि नगर पालिका परिषद् सुकमा अंतर्गत आने वाले संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन हमेशा चिंतित रहा है। लेकिन वर्षा पूर्व उचित प्रबंधन के अभाव में शहर के भीतर बारिश व बाढ़ का पानी आ जाने से धन माल को नुकसान होता है। सुकमा नगरपालिका क्षेत्र के छोटे बड़े नालों की सफाई अत्यंत आवश्यक है। खासकर प्रेम नगर (वार्ड क्रमांक 08) में निकासी नाली की सफाई, महात्मा गांधी (वार्ड क्रमांक 07) में निकासी नाली की सफाई, राठी मार्ट के बाजु से जाने वाले नाला की सफाई एवं भाजपा कार्यालय के पास बरसात में पानी का जाम को रोकने हेतु निकासी की व्यवस्था जरूरी है। ज्ञापन के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बस्तर की आरवी अवस्थी ने स्वर्ण जीत छग के पदकों का खोला खाता

## प्रतियोगिता के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ को 1 स्वर्ण, 5 रजत सहित कुल 6 पदक





**जगदलपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। 6 वीं यूएमएआई राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप 9 से 14 जून तक रोहतक (हरियाणा) में चल रहा है। छग का 60 सदस्यीय दल जिसमें 51 खिलाड़ी, 9 अधिकारी शामिल है भाग ले रहा है। उदघाटन समारोह 10 जून को हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक मंजीत सिंह (उपाध्यक्ष हरियाणा ओलंपिक संघ, डिप्टी डायरेक्टर विजिलेंस हरियाणा शासन) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की।उदघाटन समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के अलावा निर्णायक मण्डल के अमन यादव, प्रणव शंकर साहू और कु हरबंश कौर को हरियाणा की लोक परंपरा अनुसार पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि म्यू थाई की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति एवँ ओलंपिक कॉउन्सिल ऑफ एशिया से च्ज्म्यू थाई खेलज्ज को च्ज्एशियन यूथ गेम्स 2025ज्ज में च्खेलज्ज के रूप में शामिल किये जाने की सूचना दी गई हैं। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एशियन यूथ गेम्स अक्टूबर 2025 बहरीन के लिए 14-15 वर्ष एवँ 16-17 वर्ष के बालक बालिकाओं के 16 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई दल का चयन किया जाएगा जिससे भारत के च्म्यू थाई खेल प्रेमियोंज् में उत्साह की लहर है। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले रहे है। 11 जून को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए जिसमे जगदलपुर (बस्तर) की आरवी अवस्थी ने फाइनल में असम के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण जीत कर छ ग के पदकों का खाता खोला। वहीं रायपुर की बालिका खिलाड़ी कु ऐशिनी वर्मा और नित्यम साहू, बस्तर की अन्वी जैन और वेदांशी ठाकुर तथा बालोद की हिमानी डरसेना ने फाइनल में परास्त होने के पश्चात रजत पदक जीता और छ ग के पदको की संख्या 06 पहुंचाई। आरवी अवस्थी स्वर्ण, 1ड्डद्धद्वठ्ठ रजत पदक हासिल करने वालों में ऐशिनी वर्मा, नित्यम साहू, अन्वी जैन, हिमानी डरसेना, वेदांशी ठाकुर, शामिल है। छ ग के अन्य सभी खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल या सेमी फाइनल में है। आज देर रात, कल एवँ परसो 13 जून को चैंपियनशिप के अन्तिम दिन छ ग के पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

- एशियन यूथ ओलंपिक बहरीन में म्यू थाई खेल के रूप में शामिल होने की घोषणा होने पर म्यू थाई खिलाड़ियों में अतिरिक्त उत्साह
- 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

# नवीन होंगे दंतेवाड़ा के सांसद प्रतिनिधि

**दंतेवाड़ा,** 11 जून (देशबन्धु)। सांसद महेश कश्यप की ओर से संभाग के बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर के लिए जिला स्तर सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति की गई है। दंतेवाड़ा जिले के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं गीदम के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा को दंतेवाड़ा सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसी तरह आनंद मोहन मिश्रा बस्तर, खेमचंद नेताम कोंडागांव, मंगउ राम कावड़े नारायणपुर, अरूण भदौरिया सुकमा तथा जिलाराम राणा बीजापुर जिले के लिए सांसद प्रतिनिधि होंगे। इस नियुक्ति संबंधी पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायकों, सभी भाजपा जिलाध्यक्षों तथा सभी कलेक्टरों को भी भेजी गई है।

**चार और जिलों के लिए की गई नियुक्ति**

# देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा पर्व का हुआ शुभारंभ

**जगदलपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व 2025 में देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून बुधवार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के शुभ मुहर्त में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के उमाशंकर पाढ़ी एवं राधाकांत पाणिग्राही के नेतृत्व में संपन्न करवाया गया। परंपरानुसार ग्राम आसना से महेंद्र जोशी के निवास में स्थापित भगवान शालीग्राम को लाकर श्रीजगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया, तत्पश्चात 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा इंद्रावती नदी से पवित्र जल लाकर शताब्दियों पुरानी परंपरानुसार भगवान शालीग्राम का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से अभिषेक कर विधि-विधान से देव स्नान पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया गया। तत्पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के 22 विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किया किया गया। भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किये जाने के साथ ही, भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का अनसर काल आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रथमा 12 जून से प्रारंभ होकर आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 25 जून तक जारी रहेगा, इस दौरान दर्शन वर्जित होगा।

360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा पर्व रियासतकालीन परम्परानुसार समस्त पूजा विधान संपन्न किये जायेगें, जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन होंगे। 27 जून को श्रीगोंचा रथ यात्रा पूजा विधान के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी जनकपुरी सिरहासार भवन में नौ दिनों तक श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित होगें। इस दौरान समस्त श्रृद्धालुओं को पुण्य लाभ का पावन अवसर प्राप्त होगा।



बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडें ने बताया कि बस्तर गोंचापर्व 2025 में देव स्नान पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि से प्रारंभ हो गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का अनसर काल आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रथमा 12 जून से प्रारंभ होकर आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 25 जून तक जारी रहेगा। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिप्रदा 26 जून गुरूवार को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के दर्शन लाभ श्रृद्धालुओं को श्रीमंदिरके बाहर होगें। को 27 जून शुक्रवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को श्रीगोन्चा रथ यात्रा, 30 जून सोमवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी को प्रात: 10 बजे से अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। 1 जुलाई मंगलवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्टी को हेरा पंचमी पूजा विधान होगा, 2 जुलाई बुधवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी को छप्पन भोग अर्पण, 4 जुलाई शुक्रवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी सामूहिक उपनयन संस्कार, 5 जुलाई शनिवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी बाहुड़ा गोन्या रथ यात्रा एवं कपाट फेड़ा पूजा विधान होगा। 6 जुलाई रविवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी देवशयनी एकादशी के साथ बस्तर गोंचा पर्व का आगामी वर्ष के लिए परायण के साथ संपन्न होगा। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के जगदलपुर क्षेत्रिय अध्यक्ष विवेक पांड़े ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ का 15 दिवसीय अनसर काल की अवधि होती है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ होते हैं, भगवान के अस्वथता के हालात में दर्शन वर्जित होते हैं। भगवान जगन्नाथ के स्वास्थ्य लाभ के लिए औषधियुक्त भोग का अर्पण कर भगवान जगन्नाथ की सेवा 15 दिनों के अनसर काल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जायेगा। औषधियुक्त भोग के अर्पण के पश्चात इसे श्रधालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। विशेष औषधियुक्त प्रसाद का पूण्यलाभ श्रद्धालु अनसर काल के दौरान श्रीजगन्नाथ मंदिर में पहुचकर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन दर्शन वर्जित होगा। इस दौरान इस अवसर पर देवशंकर पंडा, जीवेंद्र पाण्डे, धनेश्वर जोशी, संतोष पात्र, पूर्व अध्यक्ष हेमंत पाण्डे, महेश पाण्डे, रविन्द्र पाण्डे, रजनीश पाणिग्राही, सुदर्शन पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, वेणुधर पाणिग्राही, वैभव पाण्डे, ईश्वर पाणिग्राही, आशु आचार्य, गजेंद्र पाणिग्राही, बीम्भाधर पाण्डे, बनमाली पाणिग्राही, दिनेश पाण्डे, महेश्वरी पाण्डे, डाकेश्वरी पाण्डे, प्रशांत पाणिग्राही, आत्मा राम जोशी, पुरषोत्तम जोशी, कंचन आचार्य, महेंद्र पाढ़ी, कैलाश पाण्डे, जगबंधु जोशी, दीनदयाल जोशी, सरिता जोशी, सुनीता पाण्डे, विजय पाण्डे, दयमंती पाणिग्राही, रंभा पाण्डे, अजय जोशी, किशोर पाण्डे, मोहन जोशी, उदयनाथ पाणिग्राही नुरनेश पाणिग्राही सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहित 14 क्षेत्र के समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।

**12 जून से 25 जून तक अनसर काल में प्रभु जगन्नाथ के नहीं होंगे दर्शन**

## लापता युवती को जल्द बरामद करने की मांग



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार की 20 वर्षीय युवती पिछले 11 महीने से लापता है। घटना के 11 माह बीत जाने के बावजूद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिससे परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। युवती के परिवार वाले लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर आज छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने दुर्ग एसपी कार्यालय पहुंचकर घटना के बारें में एसपी विजय अग्रवाल को अवगत कराया और पीड़ित परिवार को लापता युवती की जल्द बरामद करने की गुहार लगाई। मामले को लेकर एसपी ने बच्ची के पिता व संगठन को कार्यवाही हेतु आश्वस्त कराया है मिली जानकारी के अनुसार, युवती 14 जुलाई 2024 की शाम को अपनी सहेली के यहां जाने ऑटो में सवार होकर निकली, लेकिन सहेली के यहां नहीं पहुंची। युवती के परिजनों ने उसी दिन जामुल थाना को सूचना दी, लेकिन अभी तक युवती का कोई पता नहीं चल सका। आवेदन देने दिलीप देशलहरा, अश्लेश मरावी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, ममता वर्मा, अन्नू, पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, राजेंद्र रजक आदि उपस्थित रहे।

## शहीद होने पर एएसपी को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। सुकमा के कोंटा में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे को दुर्ग पुलिस परिवार ने दी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिलाई दुर्ग शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग ग्रामीण अभिषेक झा, सहित तमाम सर्कल के सीएसपी और टीआई और पुलिसकर्मीयो ने भी दी श्रद्धांजलि, दुर्ग जिले के पाटन में बतौर एसडीओपी अपनी सेवा दे चुके है शहीद आकाश राव गिरपुन्जे।आईर्णईण्डीण् विस्फोट में शहीद हुए आईपीएस आकाश राव को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

### निगम में दी गई श्रद्धांजलि

निगम भिलाई में सुकमा जिले के कोटा आई.ई.डी. विस्फोट में शहीद होने वाले एडिशनल ए.एस.पी. आकाश राव गिरपुंजे शहीद होने पर निगम भिलाई के सभागार में शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दुर्भाग्य से वे आई.ई.टी इसके चपेट में आ गए। जिससे वे घायल हो गए, उन्हे कोटा के अस्पताल में लाया गया। जहां उन्होने अंतिम सांसे ली। एस.एस.पी. पार्थिव देव को रायपुर में लाकर गार्ड आफ आनर देकर अंतिम संस्कार किया गया। घायल हुए पुलिस कर्मियों शीध्र स्वस्थ हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसमें निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## गंदगी फैलाने वाले दो दुकानों से वसूला जुर्माना



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। घरों में साज.सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दरअसल दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेकना स्वीकार किया। इसी तरह केशवानी टाइल्स ने भी डस्ट सड़क किनारे डालने की बात कही। दोनो व्यापारियों से नगर पालिक निगम रिसाली ने 2000-2000 जुर्माना वसूला गया। निगम ने लोगों से आव्हान किया है,कि घर अवथा दुकान से निकलने वाला कचरा केवल कचरा पेटी में ही डाले।

## चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। संगठन के कोर कमेटी सदस्य व संरक्षक पुरण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि संगठन के कोर कमेटी सदस्य व संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने ईश्वर उपाध्याय व परिवार के सभी सदस्यों के इच्छानुसार सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि ईश्वर उपाध्याय उनके परिवार के कोई भी सदस्य आगामी जामुल नगर पालिका चुनाव 2026 में चुनाव नहीं लड़ेंग। ज्ञात हो की वर्तमान में जामुल में श्री राम कथा का विशाल आयोजन होना है इस आयोजन को कुछ लोग चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं, नगर पालिका चुनाव कि तैयारी के लिए ही राम कथा आयोजित की जा रही है ऐसी भ्रामक ख़बरें कुछ नेताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षा रखने वाले लोग फैला रहे हैं। इस बात का खंडन करते हुए पुरण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि ईश्वर उपाध्याय या संस्था का यह पहला आयोजन नहीं है।

## तिलेश्वर सम्हालेंगे जनसम्पर्क, शरद व रीता कद बढ़ा




**भिलाईनगर**, 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम भिलाई के 4 आधिकारियों का तबादला कर दिया गया। जिसमें जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला को स्थानांतरित कर निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर में प्रभारी राजस्व अधिकारी बनाया गया है। अजय शुक्ला इसके पूर्व जनसंपर्क अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव,गरीबी, उपशमन एवं समाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग एवं संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत, समाज कल्याण विभाग, सहायक परियोजना अधिकारी, पेंशन शाखा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित आयुक्त के निरीक्षण दौरे हेतु निर्देशानुसार सूची तैयार करने तथा सर्व संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से समन्वय करते हुए आवश्यक तैयारी एवं फॉलो अप सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री आवास योजना इकरारनामा में हस्ताक्षर करने जैसी जम्बो कार्य की जिम्मेदारी सम्हाल रहे थे। भिलाई निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती रीता चतुर्वेदी सहायक अधीक्षक काउंटर शाखा को वर्तमान कार्य के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना इकरारनामा में हस्ताक्षर करना एवं सहायक परियोजना अधिकारी एनयूएलएम बनाया गया है। जबकि तिलेश्वर साहू उद्यान अधिकारी को उद्यान विभाग से स्थानांतरित कर वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी का दायित्व दिया गया है। श्री साहू आयुक्त के निरीक्षण दौरे हेतु निर्देशानुसार सूची तैयार करना तथा सर्व संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से समन्वय करते हुए आवश्यक तैयारी एवं फॉलो-अप सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त भिलाई ने शरद दुबे डाटा एंट्री ऑपरेटर, जो कि प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी जोन-2 में वैशालीनगर में पदस्थ हैं, को वर्तमान कार्य के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव, गरीबी, उपशमन एवं समाजिक, कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग एवं संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग सहित समाज कल्याण विभागए पेंशन शाखा (सामाजिक सुरक्षा पेंशन) की जवाबदारी भी सम्हालेंगे। अचानक हुए इस तबादले के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सम्पति विवाद को लेकर भाई की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। वीति रात्रि मंगलवार को छावनी क्षेत्र में अपने भाई की हत्या कर फरार हुए भाई को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चंद घंटे में ही पकड़ लिया था। इसके बाद उसे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राजवीर सिंह और महेंद्र सिंह के बीच प्रॉपर्टी को लेकर अक्सर विवाद होता था। मंगलवार की रात भी दोनों के बीच जमकर वाद विवाद हुआ और गाली गलौच हुई। इसी बीच राजवीर सिंह ने पास रखा हुआ टँगीया उठाकर महेंद्र सिंह के सिर पर वार कर दिया। वहीं महेंद्र सिंह ने भी चाकू निकालकर राजवीर सिंह पर वार करने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही महेंद्र सिंह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद मौका पाते ही आरोपी राजवीर सिंह फरार हो गया था। इस घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस ने टास्क टीम बनाकर आरोपी भाई की तलाश में जुट गई। देर रात ही पुलिस ने हत्यारे राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि संपत्ति को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद होता था। कल यानी मंगलवार देर रात भी विवाद हुआ। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि राजवीर सिंह ने कुल्हाड़ी से वारकर अपने ही भाई की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने हत्यारे राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। छावनी पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।



## एससी, एसटी एसोसिएशन ने ईडी से की भेंट



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी,एस.टी एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस.सी, एस.टी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृतव में एक प्रतिनिधिमंडल सेक्टर 9 के डॉ. एम रवीन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा से भेंट कर अस्पतालों में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के चिकित्सको, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के खराब ग्रेडिंग, समय पर पदोन्नति नहीं मिलने पर विस्तार से चर्चा किये। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद व महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि सेक्टर-9 चिकित्सालय में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारियों, चिकित्सकों को पिछले कई सालों से खराब ग्रेडिंग दिया जा रहा है जिसके कारण से उनका समय पर पदोन्नति नहीं हो पा रहा है इस समस्या का समाधान प्रवंधन को करना होगा। इसके साथ ही सेक्टर-9 चिकित्सालय में जीवन रक्षक दवाईयों सहित रोजाना ली जाने वाली दवाईयों की भी भारी कमी है। सेक्टर.9 चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण यह अस्पताल रिफरल सेंटर की तरह कार्य कर रहा है। अस्पताल में सहायक स्टाफ, फार्मासिस्ट, नर्सों की कमी के कारण चिकित्सा सेवाओं में आए दिन अव्यवस्था देखी जाती है। जिससे मरीज एवं उनके परिजन परेशानी उठाते हैं। कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए सेक्टर-9 ने उपरोक्त सभी समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना एवं संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जो भी समस्या एसोसिएशन द्वारा बताई गई है उसका त्वरित निराकरण हेतु उचित पहल की जाएगी। एसोसिएशन से कोमल प्रसाद अध्यक्ष, महासचिव विजय कुमार रात्रे, चेतन लाल राणा, कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ एम रवीन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ मुखर्जी, डा. उदय धाबर्डे, विकास चंद्रा, मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे।

## सेल को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर टियर की मान्यता

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। सेल को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है जो कड़ी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और सीबीआईसी के कानूनों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं। यह प्रमाणन दुनिया भर में स्वीकार्य है और यह किसी भी संगठन के लिए अनुपालन, सत्यनिष्ठा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के प्रति उसकी निष्ठा का प्रमाण है। सेल के कार्यकारी निदेशक ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे। जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शराब दुकान का प्रस्ताव कांग्रेस...

करेंगे, ताकि जनता की भावनाओं, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता का पूर्ण सम्मान हो सके। महापौर ने अंत में जनता को आश्वस्त करते हुए कहा नगर निगम आपकी है, और हम आपके हितों और भावनाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोई भी निर्णय जनता की सहमति और सामाजिक मर्यादाओं को ध्यान में रखकर ही लिया जाएगा।

### नगर की सुरक्षा को लेकर...

अनुसार गायत्री माता मंदिर (कलेक्ट्रेट रोड ) के पास नाला सफाई, वार्ड क्रं. 13 शहीद चंद्रशेखर वार्ड स्थित नाले की सफाई अगर समय रहते हो जाती है तो संभावित नुकसान से बचा जा सकता है।

## समय पर हर कार्य करने का महत्व : पूनम दीदी

**भिलाईनगर**, 11 जून (देशबन्धु)। छ.ग. प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित नौ दिवसीय गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर के आठवें दिन तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि समय पर हर कार्य करने का विशेष महत्व होता है। समय पर कार्य न करने से चिंता तनाव होता है। सतयुग में सृष्टि पर भारत में देवी देवताओं का राज्य था, जहां शांति, खुशी, निश्चिंतता, सुखचैन अथाह धन सम्पदा वैभव था वहां आपसी संबंधों में निस्वार्थ प्यार था। उसी सतयुग स्वर्णिम भारत का गायन है। जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती थी बसेरा, वह भारत देश है। मेरा त्रेतायुग के अंत की जनसंख्या 33 करोड़ थी। आदि सनातन देवी देवता धर्म दैवीय संस्कृति जिसका शास्त्रों में 33 करोड़ देवी देवताओं का गायन है। फिर सृष्टि में काल चक्र द्वारा कलयुग का आगमन हुआ। जिसमें आत्मा रूपी बैटरी की डिग्री 0 हो गई. न तन का सुख, न मन का सुख, न संबंधों का सुख, अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, फास्ट फूड फास्ट ड्राइव फास्ट डेथ आदि बढ़ गए। समय परिवर्तनशील है, युग परिवर्तन का समय आ गया है। विश्व पटल पर भारत पुन: सोने की चिड़िया स्वर्णिम भारत के रूप में प्रत्यक्ष होगा। शिविर के अंतिम चरण में महाविजय उत्सव मनाया गया। जिसमें शंख, घंटी लेकर जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती थी बसेरा। गीत के साथ ब्रह्माकुमारी बहनें हाथ में शिव ध्वज लेकर तथा भारत माता द्वारा लहराते तिरंगे के साथ पीस ऑडिटोरियम के मंच पर प्रवेश होने पर मानो स्वर्णिम भारत सतयुग का आगमन खुशी उमंग उत्साह की किरणे संपूर्ण अंतर्दीशा भवन में प्रवाहित हो गई। विशेष हवन कुण्ड में पंडित द्वारा तनाव, भय, क्रोध, घृणा, डिप्रेशन, ईर्ष्या, हृदयरोग, सिरदर्द, डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, व्यसन गुटका, बीड़ी सिगरेट, शराब तंबाकू, सभी कमी कमजोरियों, सभी दु:ख.अशांति स्वाहा करवाया गया आज सभी ने अपनी अपनी कमजोरी परमात्मा को सामने रखते हुए कागज पर लिखकर उसी हवनकुण्ड अग्नि में स्वाहा किया यानि उन्हें समर्पित किया।



## नपाध्यक्ष ईश्वर ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बरसात पूर्व सफाई कार्य का निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। वार्ड-2 में चल रहे नाली निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड -1 में वार्ड वासियों द्वारा पानी टंकी का मांग किया गया। जिसे तत्काल स्वीकार करते हुए श्री ठाकुर ने बोर में मोटर डालने का निर्देश दिया एवं अपने स्वयं के अध्यक्ष निधि से पानी टंकी लगाने का निर्देश दिया कि सफाई निरीक्षण में कार्य के समय नपा अध्यक्ष ने संतुष्टि दिखाई और कहा कि बरसात पूर्व सभी बड़े नालों नालियों को अनिवार्य रूप से सफाई कार्य कर लेवें कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आना चाहिए। सफाई सुपरवाईजरों को निर्देश दिया गया कि सफाई कार्यों पर तो विशेष ध्यान देवें। पेयजल प्रभारी को कहा कि पानी का टेस्टिंग लगातार करावें क्योंकि मौसम के अनुसार पीने के पानी से कई शिकायतें मिलती है। इसके लिए आवश्यक दवाई की व्यवस्था कर लेवें। निरीक्षण के दौरान पार्षद खम्हन ठाकुर, संजय शमा, आनंद साह, दिलीप गुप्ता, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डेय, पेयजल प्रभारी दयालु राम जंघेल उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण मामले को लेकर कांग्रेस ने घेरा बीईओ दफ्तर

**कोण्डागांव,** 11 जून (देशबन्धु)। 11 जून को झीरम कांड में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई गयी। पुण्यतिथि मनाने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्कुल शिक्षक युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर बजरंगबली जी से आशीर्वाद लेते हुए कांग्रेस भवन से रैली निकालकर बस स्टैंड होते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोण्डागांव का घेराव करने निकले, जहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बेरीकेटिंग को हटाकर प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम से 10463 स्कूलों को डायस कोड को सीधे बंद करने का निर्णय ले चुकी है। इस तरह बस्तर संभाग मे 1163 एवं कोंडागांव जिले मे 397 स्कूल बंद कर रही है। जबकि भाजपा सरकार चुनाव के दौरान 35000 शिक्षकों के पद भरने का वादा कर सत्ता में आयी है, युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी नीति से जिससे 45000 शिक्षकों का पद समाप्त हो जायगा। भाजपा सरकार डबल इंजन सरकार का सपना दिखाने का वादा कर बेरोजगारों को रोजगार देने, स्थानीय भर्ती को चुनावी स्टंट बनाकर सरकार में आई लेकिन युक्ति युक्तकरण के नाम से रोजगार समाप्त करने का घिनौना खेल, खेल रही है। इससे स्कूलों में प्यून, हजारों रसोइया, स्वीपर, मध्यान्न भोजन बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह की बहनों के सामने जीवनयापन का संकट उत्पन्न हो जायेगा। युक्ति युक्तकरण से शिक्षा में गुणवक्ता कभी नहीं आएगा, इससे शिक्षकों को इधर-उधर करके परेशान करने का काम ही भाजपा सरकार कर रही है। जहां अच्छे शिक्षक हैं, वहां के बच्चे भी अपने अच्छे शिक्षक से दूर होंगे और पढ़ाई से वंचित हो जायेंगे। इस साल बोर्ड परीक्षा में भी रिजल्ट अच्छा नहीं आया है। सरकार शिक्षकों की भर्ती करना छोड़कर पद समाप्त करने में लगी है। प्रदेश के बेरोजगारों के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा? जिले के 397 स्कूल बंद करना सीधा सीधा आदिवासियों और जिले



## बेरीकेट्स हटाकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

में गरीब मध्यम वर्ग निवासी बच्चों पर असर होगा। पिछड़े क्षेत्र के स्कूल बंद करने का क्या पड़ा है, सरकार को ? भाजपा चाहती है कि आदिवासी बच्चे पढ़लिख कर होषियार न बनें और उद्योगपतियों को मिलने वाला माइंस निजीकरण के खिलाफ आवाज न उठा सकें, भविष्य में नौकरी न कर सकें। कांग्रेस की सरकार ने बंद स्कूलों को खोलने और प्रदेश में आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मिडियम स्कूल खोलने का काम किया था। कांग्रेस चाहती है कि गरीब का बच्चा इंग्लिश मिडियम में पढ़े लेकिन भाजपा को गरीब का बच्चा इंग्लिश मीडियम में पढ़े ऐसी शिक्षा व्यवस्था हजम नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार में अभी 67 नए शराब दुकान खुल रही है, आज युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में धंसा जा रहा है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, प्रदेश में पढ़े लिखें युवा नशाकर चाकू बाज़ी में उतर आये हैं। भाजपा के सत्ता में आने के बाद सभी विकास कार्य बंद हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की इस नीति का पुरजोर विरोध करती है, प्रदर्शन की शुरुआत करके ज्ञापन सौंप रही है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी झूमूकलाल दीवान, जिला महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी, रितेश पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, प्रदेश सचिव सकुर खान, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, ब्रिज सोढ़ी, लखमू कोर्राम, निर्मेद्र दीवान, देवेंद्र कोर्राम, जनपद सदस्य अनिल कोर्राम, रामनाथ नाग, जयराम मरकाम, गंगा राम नेताम, लक्ष्मण पांडे, कार्तिक पोयाम, सहदेव पोयाम, सालिक बघेल, घुड़न पोयाम, जितेंद्र दुबे, सेवक दीवान, धनसू नेताम, गनु पोयाम, रुपेश गोस्वामी, हीरा दीवान, सुनील रैकवार, गुणमती नायक, किशोर ध्रुव, नियाज खान, सुनील निर्मलकर, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, अंजू जोशी, धनाजी नेताम, बालसू नेताम, घसिया पोयाम, गीतेश बघेल सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं छात्र पालक मौजूद रहे।

# युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस ने खंड शिक्षा कार्यालय का किया घेराव

**फरसगांव,** 11 जून (देशबन्धु)। फरसगांव विकासखंड मुख्यालय में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा युक्तियुक्तकरण को लेकर खंड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे फरसगांव ब्लॉक प्रभारी विजय लांडगे ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इन दिनों प्रदेश भर में युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों, रसोइयों, स्वीपरो, महिला स्वच्छता समूह के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है, सरकार एक ओर अपने घोषणा पत्र में 57000 शिक्षकों की भर्ती करने की बात तथा गलत ढंग से पूर्व में बंद हुए स्कूलों को चालू करने की बात कहती है, वहीं एक झटके में 10463 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया, बदले में 67 नए शराब की दुकान खोले गए हैं, राज्य सरकार यह नहीं समझ पा रही है कि पाठशाला खोलें या मधुशाला, इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज फरसगांव ब्लॉक में खंड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया गया, इस दौरान मुख्य रूप से रवि घोष, जयलाल नाग, कल्ता मंडावी, शिव मंडावी, दिनेश जायसवाल, विजय लांडगे, गुरदीप सिंह पंढेर, विशाल शर्मा, प्रहलाद कुंजाम, उग्रेशमरकाम, महेन्द्र पांडे, मनहेर कोर्राम, बुधमन दिवान, रायमती, दुलम नाग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे, कांग्रेसियों ने बताया कि वर्तमान में काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है जिसमें भारी अनियमिता है, उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं वहां के सीनियर शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया है, तथा पिछले वर्ष जिन जिन विद्यालयों में नए शिक्षकों की भर्ती हुई वहां पर भी पुराने शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया है, काउंसलिंग में महिला शिक्षकों को 50 से 55 किलोमीटर की दूरी पर पदस्थापना की गई है जबकि पुरुष शिक्षक आज भी जिले में बचे हुए हैं युक्तियुक्तकरण की बात को प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा कि उनके ग्राम से स्कूलों को बंद करके सरकार निजीकरण को बढ़ावा देना चाह रही है।



## राज्य सरकार समझ नहीं पा रही है कि पाठशाला खोलें या मधुशाला

# संत कबीर प्रागट्य महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न

**कोण्डागांव,** 11 जून (देशबन्धु)। संत कबीर प्रागट्य महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ कोंडागांव में संपन्न हुआ जहां भजन-प्रवचन व शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र बना नजर आया।

जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित श्रीकृष्ण मंदिर के पीछे स्थित कबीर सत्संग भवन (कबीर कुटीर) में संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब का प्रागट्य महोत्सव आज बुधवार 11 जून को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन जिला स्तरीय स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे निशान पूजा व ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसे महंत बस्तर प्रचारक फुलदास जी ने संपन्न कराया। इसके पश्चात नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो कबीर कुटीर से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, मस्जिद चौक, चौपाटी मैदान, कोतवाली चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः कबीर कुटीर में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में कबीर धर्म नगरी दामाखेड़ा से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक महंत राजू दास साहेब द्वारा प्रस्तुत कबीर भजन एवं प्रवचन शामिल रहे। उन्होंने संत कबीर के जीवन, विचारधारा और सामाजिक समरसता पर आधारित भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

शाम के सत्र में स्थानीय ऑडिटोरियम में सात्विक यज्ञ, चौका-आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल बस्तर संभाग अध्यक्ष अर्जुन प्रधान ने किया। उन्होंने संत कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस सफल आयोजन में शंकर बघेल, बिहारी दास, शरद बघेल, लक्ष्मीकांत पंथ, आनंद दास, राजू मानिकपुरी सहित कई श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।




## भजन-प्रवचन व शोभायात्रा बने आकर्षण का केन्द्र

# जिले से रेत का अवैध खनन परिवहन नहीं, रात के अंधेरे में हो रहा चोरी

**कोण्डागांव,** 11 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले से रेत का अवैध खनन परिवहन नहीं, रात के अंधेरे में चोरी हो रहे होने और मामले की जानकारी मिलने पर समाचार कव्हरेज करने गए प्रेस प्रतिनिधियों पर ही रेत चोरी में संलिप्त लोगों के द्वारा अटैक कर देने का मामला सामने आया है।

छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकांष जिलों की तरह कोण्डागांव जिला भी रेत के अवैध खनन एवं परिवहन से अछूता नहीं है। यहां भी रेत के अवैध खनन एवं परिवहन का कारोबार चरम पर है। रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के कार्य में लगे रेत माफिया बेखौफ होकर रात के अंधेरे में भी नदी-नालों से रेत का अवैध खनन करके पड़ोसी राज्य ओड़ीसा तक परिवहन करते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात है कि कोण्डागांव खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन की नजर ऐसे रेत माफियों पर नहीं पड़ रही है, अथवा नजर पड़ने के बाद भी अनदेखी करने के साथ ही मुकदर्शक बने बैठे हैं। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि कानून व्यवस्था और शासन की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़ी करने वाली है।

**जिले के माकड़ी ब्लॉक के दण्डवन गांव से हो रहा रेत का अवैध खनन व परिवहन**

जागरूक ग्रामीणों से यह पता चलने पर कि माकड़ी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत दण्डवन के समीप से बहने वाली नारंगी नदी के दो स्थानों से रात में रेत का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। उक्त जानकारी मिलने पर सच्चाई जानने और समाचार कव्हरेज करने प्रेस प्रतिनिधियों की टीम मौके पर पहुंची, तो देखा कि भारी संख्या में टिप्पर वाहन अवैध रेत ले जा रहे हैं। एक वाहन चालक राहुल यादव ने बताया कि वह रेत को ओड़ीसा ले जा रहा है और यह टिप्पर देवनाथ प्रधान का है। उसने खुलासा किया कि उसे देवनाथ के कहने पर ही यह कार्य करना पड़ता है। कुछ ही दूरी पर एक से अधिक टिप्पर खड़े हैं जिनमें एक पोकलैंड मशीन से रेत भरा जा रहा था। मशीन चालक जगबंधु जो ओड़ीसा का निवासी है, ने बताया कि उसे 2200 रुपये प्रति घंटे की दर से भुगतान किया जा रहा है, लेकिन रेत कहां भेजा जा रहा है, उसे नहीं पता है।



## प्रेस प्रतिनिधि गए कव्हरेज करने तो कर दिया, अटैक

**रेत माफिया का आतंक और प्रेस प्रतिनिधियों पर दबाव**

प्रेस प्रतिनिधियों की टीम जब इन अवैध गतिविधियों का समाचार कव्हरेज कर वापस लौट रही थी, तभी लगभग 25-30 लोगों ने उन्हें घेर लिया। इन लोगों ने प्रेस प्रतिनिधियों से आक्रामक लहजे में पूछा कि 'यहां किसके कहने पर आए हो?' और धमकी देते हुए कहा कि च्यहां दोबारा मत आना, वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा।ज्ज यह स्पष्ट संकेत है कि अवैध रेत कारोबार में संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जिनके बलबूते पर ही रेत का अवैध खनन एवं परिवहन का कार्य रेत माफिया के द्वारा बेखौफ होकर किया जाता नजर आ रहा है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संगठित गिरोह में षामिल कुछ लोगों के द्वारा प्रेस प्रतिनिधियों के मांबाईल सेट छीनने का प्रयास किया गया और इलेक्ट्रॉनिक मीड़िया से सम्बद्ध प्रेस प्रतिनिधियों के आईड़ी भी तोड़ दिए गए।

# युक्तियुक्तकरण से जिले के 10 शिक्षकविहीन प्राथमिक विद्यालयों को मिले शिक्षक

**कोण्डागांव,** 11 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण से जिले के 10 शिक्षकविहीन प्राथमिक विद्यालयों को शिक्षक मिलने एकल शिक्षकीय 244 प्राथमिक शाला, दो मिडिल स्कूल, दो हाई स्कूल और एक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था होने तथा जिले में अब कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं रहने की जानकारी देते बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए किए जा रहे 'युक्तियुक्तकरण' प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की पहल पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से कोंडागांव जिले के 10 शिक्षकविहीन प्राथमिक विद्यालयों को आखिरकार शिक्षक मिल गए हैं, जिससे न केवल शैक्षणिक गतिविधियाँ फिर से गति पकड़ेंगी, बल्कि सैकड़ों बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित होगा। वहीं जिले के एकल शिक्षकीय 244 प्राथमिक शाला, दो पूर्व माध्यमिक शाला, दो हाई स्कूल और एक हायर सेकेण्डरी स्कूल में भी शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इस प्रकार जिले में अब कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं रहा।

जिले के माकड़ी विकास खण्ड के प्राथमिक शाला करमरी, प्राथमिक शाला डोंगरीपारा क्षमतापुर और प्राथमिक शाला नेवरा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला रावसवाही, कोण्डागांव विकास खण्ड के प्राथमिक शाला कोरमेल, प्राथमिक शाला बाखरा, प्राथमिक शाला ज्ञान ज्योति नयापारा छोटेबंजोड़ा, प्राथमिक शाला एहरा और प्राथमिक शाला खुटडोबरा पूरी तरह शिक्षाकविहीन थे। इन स्कूलों में वर्षों से शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। अब शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों को शिक्षा की नियमित और गुणवत्तापूर्ण सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार जिले के एकल शिक्षकीय विद्यालयों में भी युक्तियुक्तकरण के तहत आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। इनमें फरसगांव विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक शाला भैंसाबोड़, माध्यमिक शाला बाजारपारा फरसगांव, कोण्डागांव विकास खण्ड के हाई स्कूल डोंगरीगुड़ा और हाई स्कूल नवागांव और जिले के दूरस्थ अंचल माकड़ी विकास खण्ड के हाई स्कूल एरला सहित जिले के 244 प्राथमिक शालाओं में भी युक्तियुक्तरण के पश्चात शिक्षकों की आवश्यक व्यवस्था की गई है। इस युक्तियुक्तकरण से जिले के कोई भी विद्यालय शिक्षकविहीन या एकल शिक्षकीय नहीं रहा। यह बदलाव शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे जिले की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होने से गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

## जिले में अब कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं रहा

# प्रदेश सरकार साफ नियत से कार्य कर रही है : मद्दी

## छग राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष मद्दी का हुआ भव्य स्वागत

**कोण्डागांव**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी का कोण्डागांव आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बस्तर संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी को हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार कोण्डागांव आगमन पर उनका 11 जून को न्यू सर्किट हाउस में जोरदार स्वागत किया गया। पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं आतिशबाजी और कार्यकर्ताओं की गूंजती जयघोष के बीच उनका अभिनंदन भाजपा कोण्डागांव के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। अपने स्वागत उपरांत आयोजित लघु बैठक में श्रीनिवास राव मद्दी ने भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बेवरेज कॉरपोरेशन भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था, जिसे अब सुधारते हुए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बेवरेज कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारियों के साथ संवाद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता के कोण्डागांव आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिला अध्यक्ष दिपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, गोपाल दीक्षित, ओम प्रकाश टावरी सहित भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्तागण मौजूद थे।



## सार-संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड में प्रवेश हेतु आवेदन 30 तक

**कोण्डागांव,** 11 जून (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावंड जिला कोण्डागाँव, कक्षा 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं और 11 वीं में रिक्त सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। कक्षा 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं हेतु चयन, प्रवेश परीक्षा के आधार पर, जबकि कक्षा 11 वीं हेतु चयन मेरिट के आधार पर किया जाना है। प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि जून 2025 है। इसे विद्यालय की वेबसाईट या विद्यालय आकर प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी विद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

# देव स्नान पूर्णिमा पर सुरभि कालोनी में विशेष पूजा




**दंतेवाड़ा,** 11 जून (देशबन्धु)। देव स्नान पूर्णिमा पर सुरभि कालोनी स्थित श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# पीएमएफएमई योजनांतर्गत विखं स्तरीय शिविर पलारी में आज

**बलौदाबाजार**, 11 जून (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा विकासखण्ड स्तर पर जिले के सभी जनपद पंचायतों में पीएमएफएमई योजनांतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 12 जून को जनपद पंचायत पलारी, 16 जून जनपद पंचायत कसडोल, 20 जून जनपद पंचायत भाटापारा, 23 जून जनपद पंचायत सिमगा एवं 24 जून को जनपद पंचायत बलौदाबाजार में शिविर का आयोजन होगा। पीएमएफएमई योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्यमों यथा-मसाला उद्योग, मुरमुरा (मुरी), पोहा, मिनी राईस मिल, पशु आहार, बेकरी उत्पाद, आईसक्रीम, दलिया, नमकीन, मिक्चर, चिप्स, मिठाई निर्माण, आचार, पापड़, जैम, जेली, जूस एवं पल्प अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान का प्रावधान है। साथ ही योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट में जाकर आंनलाइन आवेदन कर सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

# कलशों में पवित्र जल से भगवान जगन्नाथ का स्नान

**दंतेवाड़ा,** 11 जून (देशबन्धु)। देव स्नान पूर्णिमा पर आज दंतेवाड़ा के जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। यह आयोजन रथ यात्रा से पहले एक महत्वपूर्ण उत्सव के रूप में जाना जाता है। स्नान पूर्णिमा के पर्व पर भगवान जगन्नाथ, बलभ्रद, देव सुभद्रा और सुदर्शन चक्र (चतुर्धा विग्रह) को स्नान बेदी पर ले जाकर 108 कलशों में पवित्र जल से उनका स्नान कराया जाता है। यह स्नान नवीकरण और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। आज के अनुष्ठान के बाद देवता अनासर (एकांतवास) में चले जाते हैं, जहां वे 14 दिनों तक विश्राम करते हैं, फिर रथ यात्रा के लिए तैयार होते हैं। स्नान पूर्णिमा का यह पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान जगन्नाथ, गणेश के रूप में पूजे जाते हैं जो बुद्धि और विघ्नहर्ता के प्रतीक हैं। इस दिन का स्नान और दर्शन भक्तों के लिए मोक्ष और पूण्य प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। इस बार रथ यात्रा का पर्व 27 जून को है। स्नान पूर्णिमा से लेकर रथ यात्रा और इसके बाद अलग-अलग अनुष्ठान होते हैं। दंतेवाड़ा में रथ यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। आज स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान जगन्नाथ का 14 दिन का विश्राम होगा, इसके बाद रथ यात्रा पर भगवान जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देंगे।



- देव स्नान पूर्णिमा पर जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा
- 14 दिनों तक विश्राम में रहेंगे महाप्रभु
- 27 को रथ यात्रा पर भक्तों को देंगे दर्शन

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, गीदम बीईओ निलंबित

## कमिश्नर के अनुमोदन पर कलेक्टर की कार्रवाई

**दंतेवाड़ा**, 11 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गड़बड़ी के चलते आखिरकार गीदम बीईओ शेख रफीक को निलंबित कर दिया गया है। यह निलंबन कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बस्तर कमिश्नर के अनुमोदन से किया गया है।

निलंबन आदेश के मुताबिक गीदम बीईओ ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में कई लापरवाही बरती। इसका आदेश में सिलसिलेवार जिक्र किया गया है। बताया गया है कि बीईओ द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में कुटरचना करते हुए गीदम ब्लाक के आश्रम शालाओं/विद्यालयों के रिक्त पदों को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जानबूझकर पृथक रखा। इसकी वजह से गीदम ब्लाक में 31 आश्रम शालाओं के रिक्त पदों को शामिल नहीं किया जा सका, जिसके कारण गीदम ब्लाक के 20 शिक्षकों को विकास खण्ड से अन्यत्र संस्थाओं में काउंसिलिंग के माध्यम से संस्था चुनना पड़ा, इसे बड़ी लापरवाही मानी गई। इसी तरह शिक्षकों के लिए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया हेतु निर्धारित वरिष्ठता में फेरबदल किया गया। आश्रम अधीक्षकों को अतिशेष से मुक्त रखा जाना चाहिए था, किन्तु गीदम बीईओ ने इसका पालन नहीं किया। विशिष्ट संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से पृथक रखा जाना चाहिए था, परन्तु गीदम बीईओ ने इसका पालन नहीं किया। शासन के निर्देशानुसार दिव्यांग व्यक्ति को युक्तियुक्तकरण से पृथक रखा जाना था, परन्तु गीदम बीईओ ने राज कुमार जैन (दृष्टिबाधित) प्राथमिक शाला बड़े पनेड़ा पटेलपारा को अतिशेष की सूची में प्रदर्शित किया। इन लापरवाहियों के चलते निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दंतेवाड़ा नियत किया गया है।

## संपादकीय

### ऑटो में भी बरतें सावधानी

*छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बड़े शहर जेबकतरों एवं उठाईगीरों के चलते निहायत असुरक्षित हो चुके हैं। राजधानी सहित बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा जैसे कई शहरों में बड़े पैमाने पर लोग ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। शहर के एक स्थान से दूसरी जगह जाने के लिये आटो रिक्शा परिवहन का एक सस्ता और तेज माध्यम है। बड़ी संख्या और लगभग सारा समय इनकी उपलब्धता से जनसामान्य को ये बहुत सुविधापूर्ण लगते हैं। उनमें बड़ी जादाद में शेयर रिक्शा चलते हैं।*

*तकरीबन हर शहर में अनेक स्थान ऐसे मिलेंगे जहां रिक्शा वाले कुछ लोगों को एक साथ बैठाकर फेरे लगाते हैं। इससे जहां यात्रियों का काफी कम किराया देकर काम चल जाता है तो रिक्शा वालों के लिये भी यह इस लिहाज़ से सहूलियत भरा होता है कि उन्हें निर्धारित रूट पर चलते हुए भी पर्याप्त कमाई हो जाती है। हर किसी के लिये पूरा रिक्शा तय करके जाना सम्भव नहीं होता क्योंकि उसका किराया बहुत अधिक होता है जो हर कोई वहन नहीं कर सकता।*

*जिस भी शहर में चले जाएं तो अलग-अलग दिशाओं में कुछ स्थानों से रिक्शे चलते हैं। ऐसे ही रिक्शों में एक अन्य तरह का खतरा भी होता है। जेब काटने वाले तथा पर्स, झोला, सामान आदि उठाने वाले उनमें बैठ जाते हैं। मौका पाते ही वे सामान लेकर गायब हो जाते हैं। अधिकतर निर्धारित स्थानों पर उनके सहयोगी खड़े रहते हैं जो चोरी का माल ले जाते हैं। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह सहयात्री चोर हो सकता है। कई बार वे मौका पाते ही स्वयं सामान या पैसे गायब कर किसी स्थान पर उतरकर नज़रों से ओझल हो जाते हैं।*

*जो लोग शेयर ऑटो रिक्शों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें बहुत सतर्क रहना चाहिये। कई बार ये समूह में होते हैं लेकिन ऐसा महसूस होने नहीं देते। वे अक्सर निशाना बने व्यक्ति को बातों में उलझा देते हैं या उन्हें भ्रमित कर उनकी वस्तुएं अथवा पैसे गायब कर देते हैं।*

*बिलासपुर में शुक्रवार को एक महिला ऐसी ही उठाईगिरी की शिकार हो गयी। तिफरा से निकलते वक्त उसकी बहन ने उसे पर्स में डालकर 50 हजार रुपये उनकी सबसे छोटी बहन के लिये दिये जो उसने झोले में रख दिये। पहले उसने नेहरू चौक का रिक्शा लिया जिसमें पहले से कुछ महिलाएं बैठी थीं। वहां से उसने मंगला चौक के लिये दूसरा रिक्शा पकड़ा। उतरने पर उसने पाया कि झोले में रखे पर्स की चैन खुली है और रुपये गायब हैं। उसे ख्याल आया कि वे महिलाएं उससे बात कर रही थीं। शक है कि उन्होंने ही रुपये उड़ाए होंगे।*

*सावधानी के साथ ज़रूरी है कि पहले से बैठे या बाद में बैठने वाले अनजान लोगों से नज़दीकियां न बढ़ाएं। कई बार रिक्शों के पीछे रखे सामान भी निकाल लिये जाते हैं।*

---

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।

मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

---

**22 सौ करोड़ का आबकारी घोटाला**

# दोषी अधिकारियों को प्रमोशन देने की तैयारी, डीपीसी के लिए पहुंचा प्रस्ताव

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए करीब 2200 करोड़ के शराब घोटाले में दोषी पाए गए एक दर्जन आबकारी अफसरों को प्रमोशन देने की तैयारी है आबकारी विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव राज्य लोक सेवा आयोग पीएससी को भेज दिया है इस प्रस्ताव में सहायक आयुक्त से उपायुक्त और जिला आबकारी अधिकारी से सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नति का प्रस्ताव है सूत्रों के मुताबिक जल्द ही इसे लेकर पीएससी में डीपीसी होने वाली है बहरहाल इस प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक गलियारे में खासी चर्चा है।

मालूम हो कि छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले का पर्दाफाश आयकर विभाग ने किया था फिर प्रवर्तन निदेशालय को केस ट्रांसफर हुआ आईटी और ईडी की जांच में 55 से अधिक अधिकारियों को शराब घोटाले में दोषी माना गया ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी ईओडब्ल्यू ने भी जांच की और उन्होंने भी दोषी माना इसके बाद एसीबी ने विभागीय अफसरों पर कार्रवाई के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा सामान्य प्रशासन विभाग ने अभियोजन स्वीकृति की जांच के लिए विधि विभाग को प्रस्ताव भेजा था कुछ दिनों पहले विधि विभाग से अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई गई किंतु इस बीच पदोन्नति की फाइल मूवमेंट के जरिए हुआ इसलिए इसे लेकर भी एक फाइल राज्य मंत्रालय महानदी भवन में चली जिसे मंजूरी दे दी गई है।



सूत्रों का कहना है कि आबकारी विभाग के अफसरों की मिलीभगत से यह प्रमोशन के प्रस्ताव तैयार किया गया है चूंकि प्रस्ताव विशेष सचिव ने तैयार किया है जिस पर सचिव और मुख्यसचिव ने अनुमति दी फिर मुख्यमंत्री ने भी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है यह सब कुछ ई ऑफिस ऑनलाइन फाइल मूवमेंट के जरिए हुआ इसलिए इसे सामान्य रूप से पदोन्नति माना गया लेकिन मंत्रालय के जानकारों का कहना है कि आमतौर पर ऐसा होता नहीं है यदि किसी अफसर के खिलाफ विभागीय जांच की अनुशंसा की गई है तो उसका प्रमोशन नहीं किया जाता है जानकार इसके पीछे और कुछ वजह तलाश रहे हैं लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को बैठे बिठा एक बड़ा मुद्दा मिल गया है जिसके बाद कांग्रेस ने हमला शुरू कर दिया है बहरहाल अब देखना यह है कि आबकारी विभाग के प्रस्ताव पर डीपीसी होती है या फिर राज्य शासन प्रस्ताव को वापस लेगी

---

**रायपुर जीएसटी की बड़ी कार्रवाई**

# 26 करोड़ के टैक्स फ्रॉड मामले में व्यापारी गिरफ्तार

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। टैक्स चोरी के मामले में रायपुर जीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है टीम ने अगस्त्य एंटरप्राइजेज और अग्रवाल एंटरप्राइजेज के संचालक अमन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है व्यापारी ने अलग-अलग फर्म के नाम पर करीब 26 करोड़ की टैक्स चोरी की थी लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल ने प्रदेश के अलग-अलग बोगस फर्म से 2023 से 2025 तक 144 करोड़ की खरीदी की। इसका इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेकर अन्य जिलों के व्यापारियों को पास ऑन कर के करीब 26 करोड़ का लाभ लिया।



**इन बोगस फर्म के नाम पर हुई खरीदी**

हुसैनी इंटरप्राइसेस धन लक्ष्मी इंटरप्राइजेस महावीर इंटरप्राइजेस यूनिक इंटरप्राइजेस ए अंसारी ट्रेडर्स विनायक वेंचर्स ललित ट्रेडलिंक और अगस्त्या इंटरप्राइजेस के नाम करीब 144 करोड़ की बोगस खरीदी की गई है। इससे शासन को करीब 26 करोड़ की टैक्स हानि पहुंची है।

**पेपर में मृतक को बताया जिंदा**

अमन अग्रवाल ने ऐसे व्यक्तियों के नाम से बोगस फर्म तैयार किया जिनकी मृत्यु 2010 में हो गई थी। लेकिन 2013 और 15 में उससे खरीदी दिखाई गई।

**स्टेट जीएसटी की पहली गिरफ्तारी**

फिलहाल लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल को स्टेट जीएसटी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह स्टेट जीएसटी द्वारा की गई पहली गिरफ्तारी है। आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा।

---

# नियुक्ति की मांग, हजारों डीएड अभ्यर्थी तूता में धरने पर बैठे




**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। तूता के धरना स्थल पर राज्य स्तरीय आंदोलन में 11 जून को डी.एड. के हजारों अभ्यर्थी पहुंचे। उन्होंने 2300 रिक्त पद पर छठवें चरण की काउंसलिंग करने को लेकर अपनी बात रखी। शासन तक इस बात को पहुंचाने के लिए पुरजोर ढंग से अपनी आवाज को बुलंद किया।

**जुलाई से पहले कॉउंसलिंग की मांग**

सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पद और शेष 984 पद सहित कुल 23 सौ जल्द छठी लिस्ट जारी करने की मांगों को लेकर डीएड अभ्यर्थी लगातार प्रयास कर रहे हैं। याचिका कर्ता का कहना है सहायक शिक्षक के पंचम चरण के कॉउंसलिंग में 2600 पदों पर भर्ती हुई थी अभ्यर्थियों को कॉमन मेरीट लिस्ट जिसमें डीएड के अलावा अन्य कुछ अपात्र लोग भी शामिल थे। सत्यापन में पात्र 1299 अभ्यर्थी को नियुक्ति मिल पाई है और 1316 पद रिक्त रह गए जिसमे अभी तक किसी को नियुक्ति नहीं मिली है जिसकी वैलिडिटी अभी 1 जुलाई 2025 तक बची हुई है, अभ्यर्थियों का कहना है कि जब अभी भी 1316+984 पद रिक्त है और भर्ती की वैलिडिटी भी बची है। भर्ती में मेरिट लिस्ट में भी आए हैं, विभाग रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग क्यों प्रारंभ नहीं कर रही है।

**कोर्ट के आदेश का नहीं हो रहा पालन**

अभ्यर्थियों ने बताया इस संदर्भ में विभाग कई बार जा चुके हैं लेकिन विभाग से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती। अफसरों का कहना है कि वह अभी लिस्ट के बारे में कुछ नहीं कह सकते की आएगी या नहीं जिससे परेशान होकर अभ्यर्थियों ने कोर्ट की ओर रुख किया। 29 तारीख को हुई सुनवाई में कोर्ट ने विभाग को फटकार लगाई, और अगली सूची क्यों जारी नहीं की जा रही है लेकिन सरकारी वकील के पास कोई जवाब नहीं था।

---

# प्रसूता की मौत, जांच के निर्देश, समिति 3 दिन में सौंपेगी रिपोर्ट




**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। बीरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता की मौत के मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जांच के निर्देश दे दिए हैं सीएमएचओ ने जांच समिति गठित कर दी है। इसमें चार सदस्यों को शामिल किया गया है समिति को अपनी रिपोर्ट 3 दिन के भीतर सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इस जांच दल में 4 सदस्यों को शामिल किया गया है, इनमें दो अधिकारी और दो विशेषज्ञ हैं।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वोहरा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निर्मला यादव, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ चंद्रा राव, नोडल अफसर मातृत्व शाखा डॉ प्रीति नारायण।

बिरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के 12 घंटे बाद रात दो बजे वार्ड ब्वॉय के इंजेक्शन लगाने और पानी पिलाने के बाद प्रसूता साक्षी निषाद की मौत हो गई थी। रात के समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि 22 वर्षीय साक्षी निषाद डिलीवरी के बाद से लगातार दर्द की शिकायत कर रही थी। बार-बार बोलने के बाद भी वार्ड ब्वॉय डॉक्टर को नहीं बुला रहा था, आखिरकार दर्द से कराहते हुए प्रसूता की मौत हो गई।

मृतिका के पति दीपक निषाद ने रायपुर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी और खमतराई थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पत्नी की मौत का जिम्मेदार हॉस्पिटल प्रबंधन और तैनात कर्मचारियों को ठहराते हुए कार्यवाई करने की मांग की थी।

## रांवाभाटा स्वास्थ्य केन्द्र के लापरवाह डाक्टर पर कड़ी कार्यवाही की जाए : कांग्रेस

बीरगांव ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी एवं पार्षद इकराम अहमद ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रांवाभाटा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं राक्षिकालीन ड्यूटी से गायब रहने वाले डाक्टरों की वजह से रांवाभाटा निवासी श्रीमती साक्षी निषाद की मृत्यु हो गई। लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों एवं डाक्टरों पर कडी कानूनी कार्यवाही एवं नवजात बच्चें की परवरिश व पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा उठाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में बीरगांव के जनप्रतिनिधि कलेक्टर रायपुर से मुलाकात करेंगे। आज पंकज शर्मा ने बिरगांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जाकर मृतक के परिवारजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं कुंभकरणी नींद के कारण साक्षी निषाद जो 12 घंटे पहले मां बनी थी उसकी दुखद मृत्यु हो गई, एक दुधमुंही बच्ची के सर से मॉं की ममता रूपी छॉव हमेशा के लिये दूर हो गई है। इस घटना के जिम्मेदार लोगो पर कडी कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिये। बीरगांव नगर पालिक निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा कि रांवाभाटा की सरकारी हास्पिटल में रात्रि के समय जिस डाक्टर की ड्यूटी थी वह गायब था। केवल एक नर्स के भरोसे हास्पिटल छोड दिया गया था। जबकि आसपास की बडी आबादी इस अस्पताल के भरोसे ही रहती है। इसके पूर्व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण उरला स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में एक बच्चें की जान चली गई थी। लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण यह दुखद घटना फिर से घट गई है इसके बाद भी शासन-प्रशासन की नींद नहीं टूटी है।

पंकज शर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, इकराम अहमद, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, ओमप्रकाश साहू, रानी गोस्वामी, अश्वनी यादव, पार्षद मो. रियाज ओमप्रकाश, ईश्वर बंजारे, डिकेन्द्र सिन्हा, जानू भार्गव, चंदन पाल, छवि धीवर, सुदन सिकली, कोमल साहू, राजू सिन्हा, जगमोहन साहू, राजन मिश्रा, मोहन बंजारे, राकेश पाल, केतन सिंह, महेश राजभर, हरीश धृतलहरे, अरूण तिवारी, मनीष मिश्रा, विशाल पांडे ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से मांग की है कि विभाग की लापरवाही के करण जो जान गई है उसके लिये दोषियों पर कडी से कडी कानूनी कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवज दे। साथ ही बच्चें की परवरिश एवं पढ़ाई का संपूर्ण खर्च सरकार वहन करें।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य सेवाएं आयुक्त डॉ. प्रियंका शुक्ला को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाई करने कहा, जिसके बाद जांच समिति का गठन किया गया। अब मृतिका के पति और परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई से न्याय की उम्मीद है।

---

# केवल आधार सत्यापित उपयोगकर्ता ही बुक करा सकेंगे तत्काल टिकट

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। यात्रियों को तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुलभ कराने और उनके हितों की रक्षा के लिए भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण संशोधनों की घोषणा की है। इनका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी सत्यापन अनिवार्य हो जाएगा।

यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटर (पीआरएस काउंटर) और एजेंटों



उपयोगकर्ता सत्यापन बढ़ाना और योजना का दुरुपयोग रोकना है।

नए प्रावधान में कई व्यवस्था की गई है जिसमें ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार सत्यापन-एक जुलाई से, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग केवल आधार सत्यापित द्वारा बुकिंग में सिस्टम-आधारित ओटीपी सत्यापन में कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकटों की बुकिंग के दौरान उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी। यह प्रावधान भी 15 जुलाई से लागू होगा।

अधिकृत एजेंटों के लिए बुकिंग समय की पाबंदी में रेल आरक्षण के शुरुआती समय में बल्क (एक साथ बहुत सारे) बुकिंग रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसी क्लासेस के लिए, यह प्रतिबंध सुबह 10 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक और गैर-एसी क्लास के लिए, सुबह 11 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक लागू होगा। ये बदलाव तत्काल बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जा रहे हैं कि योजना का लाभ वास्तविक उपयोगकर्ताओं को मिले। रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (सीआरआईएस) और आईआरसीटीसी को इस बारे में आवश्यक प्रणालीगत संशोधन करने और सभी रेलवे जोन और संबंधित विभागों को सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं।

रेल मंत्रालय ने सभी यात्रियों से इन परिवर्तनों पर ध्यान देने का अनुरोध किया है। असुविधा से बचने के लिए उसने आईआरसीटीसी उपयोगकर्ताओं को अपने प्रोफाइल आधार नम्बर के साथ जोड़ने का आग्रह किया है।

---

# राजधानी में खुलेंगी 7 नई शराब की दुकानें

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। ज़िले में शराब प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। जिला प्रशासन ने राजधानी में 7 नई शराब दुकानों की निविदा जारी की है। इनमें से 5 दुकानें सिर्फ आरंग विधानसभा क्षेत्र में खोली जानी हैं, जिनमें खौली, पलौद, समोदा और नया रायपुर सेक्टर-9 जैसे गांव शामिल हैं। कभी शराब दुकान के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग अब दोबारा आंदोलन कर सकते हैं। बाकी 2 दुकानें टेमरी और दोंदेखुर्द गांव में खुलेंगी।




**शराब दुकान खोलने को लेकर आबकारी आयुक्त ने भेजा पत्र**-कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) के नाम से उपायुक्त आबकारी के हस्ताक्षर से बीते कल 10 जून को जारी निविदा में आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी किये गये बीते 2 जून के आदेश का हवाला देते हुये जारी निविदा में इन ग्रामों में शराब दुकान हेतु जगह मुहैया कराने के इच्छुक व्यक्तियों से अपने भवन / परिसर के मालिकाना हक के दस्तावेज सहित रेट सीलबंद लिफाफा में आसन्न 2 जुलाई तक जमा करने कहा गया है और उसी दिन निविदा खोलने की भी जानकारी दी गयी है।

शराब विरोधी मुहिम से जुड़े किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने इस सरकारी फरमान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि बीते 31 मई को चलाये जा रहे सरकारी सुशासन तिहार के समापन के बाद अब लग रहा है कि प्रशासन ने कुशासन त्यौहार मनाने की शुरुआत कर दी है।

---

# यूजीसी ने संस्थानों को छात्रों से ऑनलाइन एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग लेने दिए निर्देश

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। यूजीसी ने उन संस्थानों को निर्देश दिया है जो छात्रों द्वारा अनिवार्य एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग के साथ-साथ अनुपालन अंडरटेकिंग प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं, यूजीसी ने सभी संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों से अनिवार्य ऑनलाइन एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग लें और 30 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करें।

■ **30 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करें छात्र**

संस्थानों को अपने कैंपस में रैगिंग रोकने के लिए अपनाए गए सभी उपायों की विस्तृत रिपोर्ट भी देनी होगी। जिसमें जागरूकता अभियान, अनुशासनात्मक कार्रवाई, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, एंटी-रैगिंग कमेटी और सेल का गठन और वर्कशॉप और सेमिनार शामिल है। अगर कोई संस्थान इन नियमों का पालन नहीं करता, तो यूजीसी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। साथ ही यूजीसी ने इन संस्थानों को परिसर में रैगिंग को रोकने के लिए अपनाए गए उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रदान करने का भी निर्देश दिया है।

---

# बाल आश्रम में नाबालिग से रेप का आरोपी बरी

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। रायपुर के एक बाल आश्रम में 14 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को कोर्ट ने आरोप से बरी कर दिया है। पीड़िता ने अपने दोस्त को बचाने के लिए झूठा बयान दिया था। पीड़िता के बयान को झूठा पाते हुए कोर्ट ने आरोपी को सभी दोषों से मुक्त कर दिया है।

■ **लड़की ने दोस्त को बचाने दिया था झूठा बयान**

■ **4 साल जेल में रहा बंद अब आएगा बाहर**

मामला 26 नवंबर 2021 के रायपुर के एक बाल आश्रम का है। जहां एक नाबालिग की गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर संस्था ने पूछताछ की। लड़की ने आरोप लगाया कि उसके साथ आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हुई। इस मामले में आरोपी 4 साल से जेल में बंद है। बुधवार को विशेष न्यायालय प्रथम फास्ट ट्रैक (पॉक्सो) न्यायाधीश अच्छे लाल काछी ने फैसला सुनाया है।

बचाव पक्ष के वकील प्रणय थिटे ने बताया कि किशोरी ने अपने बॉयफ्रेंड जिससे वह गर्भवती हुई थी उसे बचाने के लिए झूठ बोला था। पीड़िता ने पुलिस और कोर्ट में यह बताया था कि उसके गर्भ के लिए आरोपी ही जिम्मेदार है लेकिन जब पीड़िता ने जिस नवजात शिशु को जन्म दिया था उसका और आरोपी का डीएनए टेस्ट कराया गया। रिपोर्ट में यह साफ हो गया कि पीड़िता उस नवजात की मां है लेकिन आरोपी उसका पिता नहीं है।

**असल आरोपी का नाम छुपाया**

बचाव पक्ष के वकील प्रणय ने बताया कि कोर्ट में पीड़िता के सामने जब डीएनए रिपोर्ट को रखा गया और उससे पूछा गया तो वह पहले वह रोने लगी और उसने बताया की वह डर गई थी कि उसने असली आरोपी का नाम लेने के बजाय दूसरे लड़के का नाम ले लिया। पुलिस के बयान और कोर्ट में नाबालिग ने यह बात छुपाई थी कि वह किसी अन्य लड़के की वजह से वह गर्भवती हुई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता के बयान पर भरोसा कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता के बयान पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह खुद अपने बयान से पलट चुकी है और डीएनए परीक्षण से आरोपी निर्दोष साबित हुआ है। इसलिए आरोपी को सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है।

**4 साल बाद मिला न्याय**

अधिवक्ता प्रणय थिटे ने बताया कि लड़की ने शुरू से हर स्तर पर झूठ बोला और असली आरोपी को बचाने के लिए निर्दोष युवक को झूठा फंसाया था और उसके झूठे बयान के आधार एक बेगुनाह व्यक्ति को लगभग 4 सालों तक जेल में रहना पड़ा जिसे आज जाकर न्याय मिला है।

# बहु व समधन से पीड़ित ससुर ने अपनी जान की सुरक्षा के लिए एसपी से लगाई गुहार

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। राजधानी में अमरनाथ त्यागी और उनके पुत्र सूर्यकांत त्यागी ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश प्रशासन से अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना हैकि आज के भ्रष्ट युग में अपनी बेटी की ससुराल की संपत्ति हड़पने के लिए उसके मां.बाप और परिवार षड्यंत्र रच रहे हैं। उनकी बहू और उसके मायके वालों द्वारा उन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस पर सफाई देते हुए अमरनाथ त्यागी ने कहा कि उनकी समधिन शारदा त्यागी और उनकी बेटी रेखा त्यागी उर्फसोनल त्यागी झूठे नैरेटिव तैयार कर उनकी और उनके बेटे सूर्यकांत त्यागी की हत्या की साजिश रच रही हैं। उनका दावा है कि करोड़ों रुपए की पारिवारिक संपत्ति को हड़पने की नीयत से यह पूरा षडयंत्र रचा गया है। शारदा त्यागी की पृष्ठभूमि पर भी उन्होंने सवाल उठाए। श्री त्यागी का कहना है की शारदा त्यागी का परिवार आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पति श्यौराज सिंह त्यागी मेरठ जिले के निगरानीशुदा बदमाशों की सूची में कुख्यात हिस्ट्रीसीटर के रूप में सूचीबद्ध रह चुके हैं। जबकि शारदा त्यागी उनके पति श्यौराज सिंह त्यागी और उनके पुत्र चंद्रशेखर त्यागी स्वयं हत्या जैसे गंभीर आरोपों में आरोपित रहे हैं। बेटी को बनाया मोहरा अमरनाथ त्यागी नेआरोप लगाया कि शारदा त्यागी अपनी बेटी रेखा त्यागी को मोहरा बनाकर उनकी तथा उनके बेटे सूर्यकांत त्यागी की छवि धूमिल करने की कोशिश कर हत्या करने की साजिश रच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बेटी के गर्भपात और भ्रूण लिंग परीक्षण जैसे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और झूठे हैं। क्योंकि चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार रेखा त्यागी यह संबंध मेंगी उर्फसोनल त्यागी प्राकृतिक रूप से संतान उत्पत्ति में अक्षम बताई गई है?। इस संबंध में श्री त्यागी ने बताया कि शारदा त्यागी उनकी माननीय न्यायालय के निर्णय अनुसार प्राप्त हुई 10 एकड़ जमीन को अपनी बता कर और फर्जी वसीयत दिखाकर रायपुर के कुछ भू माफ्यिाओं से बेचने का सौद कर रही है तथा होटल और धर्मशाला में रुक कर शारदा त्यागी का परिवार टोकन मनी के रूप में एक भू. माफ्यिा से 3 करोड़ रूपया ले चुका है। जो अमरनाथ त्यागी और उनके पुत्र को 500 प्रति वर्ग फुट की दर से बैनामा रजिस्ट्री करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। और ना मानने पर जान से मारने की धमकी देकर दुष्परिणाम भुगतने की धमकियां दे रहे हैं। इसलिए अमरनाथ त्यागी एवं उनके पुत्र ने रायपुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह को शिकायती पत्र देकर शासन से उनकी और उनके परिवार की जान. माल की सुरक्षा की प्ार्थना की है।

**भूमाफियाओं के चंगुल में फंस मां बेटी रच रहे षड़यंत्र**

***तेलीबांधा टी आई से जब इस संदर्भ बातचीत की गई तो उनका कहना था कि इस मामले में जांच चल रही हैं आज अमरनाथ त्यागी से बयान लिया गया है जो कि पुरा नही हो पाया है।***

## 10 सूत्रीय मांग को लेकर 15 सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर**, 11 जून। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ अध्यक्ष आर एन ध्रुव ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में अनुसूचित जातिए जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनरू अधिसूचित करना एवं मानण् सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 01 05 2023 एवं 24 02 25 को पदोन्नति में तत्काल लागू करवाना अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़े वर्गों के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की कार्यवाही करवाना जनसंख्या के आधार पर अजा जजा आरक्षण का निर्धारण एवं जिला व संभाग स्तरीय स्थानीय भर्ती आरक्षण पर अधिनियम बनाने की कार्यवाही राज्य में आरक्षित वर्गों के छात्रवृत्ति के लिए 2011 से निधारित 2 50 लाख आय सीमा को समाप्त करवानाए फर्जी जाति प्रमाण.पत्र धारितों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही शीघ्र करवानाए जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण करवानाए अनुसूचित जातिए जनजाति उपयोजना ;निधियों का निर्धारणए आबंटन एवं उपयोगिताद्ध बजट अधिनियम बनवानाए छत्तीसगढ़ लोक सेवा ;अनुसूचित जातिए जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षणद्ध अधिनियम 1994 के प्रावधानों का शत प्रतिशत लागू करवानाए 5 वीं अनुसूची क्षेत्रों की 85 विकास खंडों में स्थानीय प्रशासन का पेसा कानून के तहत् प्रभावी क्रियान्वयन करवाना तथा छण्गण् भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 ;6द्ध के तहत अजजा की भूमि अंतरण प्रतिबंध में पट्टा को शामिल नहीं करने जारी परिपत्र दिनांक 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जाना शामिल है।

## महास्नान पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक संपन्न



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती, टुरी हटरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में स्नान पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। भगवान श्री जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा एवं बलदाऊ भैया का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आरती पूजन एवं महास्नान का पर्व संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने सबसे पहले विधिवत पूजा अर्चना की भगवान को स्नान कराया तत्पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने भी बारी-बारी से भगवान को बहुत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूर्णिमा स्नान कराके पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस संदर्भ में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि - *प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को महास्नान पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा एवं बलदाऊ जी का महास्नान कराया जाता है।* मान्यता यह है कि श्रद्धालु भक्तों के द्वारा *अत्यधिक स्नान से भगवान के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव के कारण उन्हें कुछ दिनों तक एकांतवास में रखकर भगवान की सेवा की जाती है, पूर्ण स्वस्थ होने के पश्चात भगवान अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए उनके दरवाजे तक जाते हैं।* इस पर्व को हम रथ यात्रा के रूप में मानते हैं। भगवान श्री जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा एवं बलदाऊ जी के साथ एक सप्ताह तक जनकपुर में निवास करते हैं तत्पश्चात वे पुन: अपने निर्धारित स्थान पर विराजते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को स्नानपूर्णिमा का पर्व संपन्न होता है। महास्नान के पावन पर्व पर विशेष रूप से तिलक दास जी, राजेश अग्रवाल, विजय पाली, कान्हा उपाध्याय, प्रकाश ठाकुर, संदीप वर्मा, प्रवीण सोनी ,अरुण साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## सीए छात्रों का राष्ट्रीय कांफ्रेंस 'समर्थ' 14, 15 को

### प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे विशिष्ट अतिथि

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। सीए छात्रों के लिए राष्ट्रीय कांफ्रेंस 'समर्थ' का आयोजन पं.दीन दयाल ऑडीटोरियम, रायपुर में दिनांक 14 और 15 जून को आईसीएआई रायपुर ब्रांच ,सिकासा रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे । इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश भर के लगभग दो हजार सीए छात्र भाग ले रहे हैं। कांफ्रेंस डायरेक्टर सीए पंकज शाह, आईसीएआई (सीआईआरसी)रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा , सिकासा अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव तथा सी ए संजय बिलथरे की अगुआई में सीए छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विजय शर्मा से भेंट कर राष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए आमंत्रित किया । 14 और 15 जून को होने वाले इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में उद्घाटन और आभार सत्र के अलावा कुल 10 सेशन होंगे जिसमें चार कौशल उन्नयन सत्र तथा चार ज्ञान सत्र होंगे इसके अलावा दो विशेष सत्र भी होंगे जिसमें प्रथम सेशन में बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरमैन(ओ) सीए (डॉ )रोहित रोआटिया सीए छात्रों को संबोधित करेंगे दूसरा सेशन वर्क लाइफ बैलेंस पर होगा जिसमें डॉ तनुश्री नेरल सीए छात्रों को संबोधित करेंगी । सभी सत्रों में अपने अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित और अनुभवी वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है जिनमें इंदौर से सीए धवल कोठारी, मुंबई से सीए अनिषा जैन, दिल्ली से सीए अवप्रीत नंदा तथा सीए इंदरजीत कौर भामरा, कोलकाता से सीए ईशा जायसवाल, मुंबई से सीए भवन बोराना, सीए शुभम सिंघल के साथ ही रायपुर से सीए भ्रमर जैन, सीए जी एस अग्रवाल ,सीए जी जी अग्रवाल तथा सी ए बी एल अग्रवाल वक्ता के रूप में शामिल होकर अपना अनुभव और मार्गदर्शन सीए छात्रों को देंगे ।



## 1900 दिनों में आवाम-ए-हिन्द गरीबों को करा रहा नि:शुल्क भोजन



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। शहर की सर्वधर्म जनहित एवं सामाजिक संस्था अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति अपने नैतिक जिम्मेदारी व दायित्वों के निर्वहन में 28 वर्षों से निरंतर कार्य करते आ रही है। इसी मानवीय कड़ी में संस्थापक, मो. सज्जाद खान अपनी टीम और सहयोगकर्तागणों की हौसला अफजाई करते हुए अपने कुशल नेतृत्व में संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 1900 दिन पूर्ण कर निर्धन, जरूरतमंदों तथा शासकीय डी.के.एस. अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल का वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने बताया कि, भूख-प्यास का कोई धर्म नहीं होता, इसी पीड़ा को अपने ऊपर उठाते हुए कोई बेबस भूखा न रहे न कोई भूखा सोए इसी उद्देश्य से संस्था स्वतंत्र रूप से बिना किसी शासकीय अनुदान प्राप्त किए आपसी सहयोग से कोरोनाकाल के शुरुआती दिनों से अनेक विषम परिस्थितियों, कठिनाइयों का सामना करते हुए संस्था वंचित निर्धन, असहाय जरूरतमंदों, निम्न तबकों की सहायता कर उन्हे मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है जिसमें अब तक लाखों निर्धन, जरूरतमंद लोग इस भोजन सेवा से लाभ प्राप्त कर चुके हैं, यही हमारी बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा संस्था अन्य जनहित कार्य जैसे - सामाजिक सद्भाव, भाईचारा कायम करना, अन्याय, अत्याचार, शोषण उत्पीड़न तथा भ्रष्टाचारा के विरूद्ध आवाज बुलंद करना, स्वच्छता नशामुक्ति अभियान चलाना, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक आपदा की घड़ी में अपना सक्रिय योगदान देना इत्यादि कार्य करते आ रही है।

संस्थापक, मोहम्मद सज्ज़ाद खान के साथ राजेंद्र शर्मा, अनिल शुक्ल, महावीर जैन, ज़ुबैर खान, राजकुमार साहू, वसीम अकरम, मोतीचंद जैन, अरहम खान, कुलविंदर सिंह, दीपक सोनी, फराज खान एवं अन्य सदस्यों द्वारा इस मानवीय कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।

## आज़ महामाया मंदिर में जुड़वास शांति हवन होगा



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। आज 12 जून गुरूवार को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में शांति हवन जुड़वास का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक एवं व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि महामाया सेवा समिति के राजेश यादव की पूरी टीम व्यवस्था में लगी हुई है। हवन पूजन पं विवेक महराज द्वारा दोपहर सम्पन्न कराया जावेगा। माता रानी का दरबार दिन रात 24 धंटे खुला रहेगा।

## आंधी-बारिश से खुली बिजली विभाग की पोल

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। राजधानी में मंगलवार शाम को हुई कुछ देर की बारिश ने बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी आंधी और बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई रायपुर के पॉश इलाके शंकर नगर में पांच घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहाण् बिजली बंद होने से नाराज़ लोगों की भीड़ देर रात बिजली कार्यालय पहुंच गई इस दौरान लोगों ने हंगामा करते हुए विभाग को चेतावनी दी कि अगर एक घंटे के भीतर बिजली बहाल नहीं हुई तो वे चक्काजाम करेंगे हालात बिगड़ते देख कर्मचारी दफ्तर छोड़कर निकल गए् स्थिति को संभालने के लिए बिजली कार्यालय में पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

## वंदना ऑटो से एनआईटी मार्ग में चल रहे विकास कार्यों का विधायक राजेश मूणत ने लिया जायजा

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। आज प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग में वन्दना ऑटो से एनआईटी मार्ग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण पैदल भ्रमण करते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल, अपर आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ यू. एस. अग्रवाल, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर,जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा जूनियर, ईश्वर लाल टावरे, नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में दिए हैं। इस मार्ग में डिवाइडर बन चुका है,किंतु उस पर जाली तथा पोल लगाने का कार्य अभी अधूरा है. इसी प्रकार सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने का कार्य भी अपूर्ण है. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने अनुपम उद्यान ( महावीर पार्क) की साइड रोड पर भी दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं।



**महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप ने किया पैदल भ्रमण**

पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पुल का निरीक्षण करने के दौरान वहां पर की साफ - सफाई व्यवस्था को लेकर गहन असंतोष व्यक्त किया।

रायपुर पश्चिम विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों को कहा कि वे नियमित तौर पर निरीक्षण किया करें, ताकि परिसर एकदम साफ- सुथरा रहे. उन्होंने यहां स्थित कला केंद्र भी देखा और इसके परिसर को भी व्यवस्थित रखने कहा। इसके पश्चात पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत वर्तमान चौपाटी तथा जहां यह चौपाटी शिप्ट होनी है उसे भी देखने गए और इस हेतु आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को स्थल पर दिए।

## संत कबीर दास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सिविल लाइन के पास साहेब संत शिरोमणी कबीर दास जी की चौक में उनकी प्रतिमा के पास ,आज उनकी जयंती को सेन समाज के पदाधिकारी ने पूजा ,अर्चना कर हर्सोउल्लष के साथ मनाई गई, तथा उनके बताए हुए सत मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के साथ अतिथि के रूप में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव श्री अनिल सेन, कर्मचारी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष श्री सुशील कौशिक ,मानिकपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कृष्णा दास, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती इंद्राणी ठाकुर ,श्री राधे श्याम श्रीवास ,नारायण प्रसाद सेन ,राजु श्रीवास,श्री ईश्वर लाल सेन ,रमेश दाउलाल श्रीवास, श्रीमती श्यामा सेन श्रीमती लता शांत श्रीवास रवि सती श्रीवास कमलेश श्रीवास शत्रुघ्न श्रीनिवास अनिल ठाकुर नोहर लाल सेन श्रीमती मथुरा सेन आदि अन्य सभी ने उनके कायल चित्र पर श्रीफल एवं पुष्प माला से तथा दीप प्रज्वलित कर उनके जयकारे के साथ संत साहिब कबीर दास की जयंती को हरसोलश के साथ मनाया गया, उक्त कार्यक्रम में मानिकपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष डां कृष्णा दास ने नशा मुक्त समाज बनाने की अपील की गई,, जिसमें आजकल के युवा वर्ग पूर्णता नशे के गिरफ्त में जा रहे हैं ,एवं उनका भविष्य अंधकार मय हो रहा है, तथा प्रदेश के युवा सचिव श्री अनिल सेन ने बेटियों के साथ साथ बेटों को भी उच्च शिक्षित करने की सभी से अपील की गई। साथ-साथ श्री सुशील कौशिक ने वर्तमान को स्थिति को देखते हुए जल बचाओ एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने का सभी से अपील की, उक्त जानकारी रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।

## निधन

### श्रीमती मंजू पारवानी



**रायपुर**, 11 जून। होली हार्ट स्कूल के पास, सिविल लाइन, रायपुर निवासी श्रीमती मंजू पारवानी (पति स्व. अशोक पारवानी) का आकस्मिक निधन बुधवार 11 जून को हो गया है। वे 62 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार, 12 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिलीप व विनय पारवानी की माता, सुनील, मनोज, नीरज व करनजीत पारवानी की चाची और राजकुमार व अनूप पारवानी की भाभी थीं।

### मुंद्रा देवी तिवारी



**भिलाई**, 11 जून। आमदी नगर हुडको निवासी मुंद्रा देवी तिवारी उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को दोपहर एमआईजी-2/140 हुडको से निकली और दुर्ग शिवनाथ नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। वे विश्वास तिवारी, उमेश तिवारी और वशिष्ठ तिवारी की मां थीं।

## बाल-बाल बची यात्री की जान

### ट्रेन में चढ़ते समय प्लेटफार्म पर फिसला पैर आरपीएफ् निरीक्षक ने ऐसे बचाई जान




**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। चलती ट्रेन में चढ़ने की लापरवाही किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती है लेकिन जब सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुण किसी सुरक्षाकर्मी में हों तो बड़ा हादसा भी टल सकता है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है राजनांदगांव रेलवे स्टेशन सेए जहां रेलवे सुरक्षा बल ;त्प्थ्द्ध के निरीक्षक समीर खलखो ने अपनी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक यात्री की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। यह घटना उस वक्त घटी जब गाड़ी संख्या 07005 ;चेरला पल्ली रक्सौल एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर सुबह 11.05 बजे ट्रेन के आगमन के बादए निर्धारित ठहराव के पश्चात 11.09 बजे वह स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी। उसी समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया। यह दृश्य किसी भी गंभीर हादसे में तब्दील हो सकता थाए लेकिन मौके पर ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक समीर खलखो ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दौड़कर यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस प्रयास में उनके साथ सहायक उप निरीक्षक आरण् एसण् बागड़ेरिया भी उपस्थित थे। घटना के बाद सुरक्षित यात्री ने आरपीएफ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके साहसिक कार्य की सराहना की।

### धारदार चाकू के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**, 11 जून। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खमतराई बाजार के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगो को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा खमतराई बाजार पहुंचकर आरोपी अमित झा पिता रमन झा उम्र 22 साकिन गोवर्धन नगर थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धास्दार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## विद्याचरण शुक्ल को पुण्यतिथि पर कांग्रेस-भाजपा ने किया नमन



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद द्वारा झीरमघाटी माओवादी हमले में शहीद पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। परिषद, कांग्रेस, भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित सैकड़ों शुक्ल समर्थकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

राधेश्याम भवन लभाण्डी एवम् विद्याचरण शुक्ल उद्यान स्थित प्रतिमा एवं चित्र में वरिष्ठ नेताओं ने पुष्प अर्पित कर, विद्या भैया का स्मरण करते हुए कहा कि वे बहुत ही लोकप्रिय नेता थे। देश और प्रदेश के विकास में उनके द्वारा किये गये कार्यों को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता।जनता से उनका सीधे संवाद था। किसान, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य, कर्मचारी आदि क्षेत्रों के लोग उनसे मिलकर अपनी बातें रखते और त्वरित निराकरण पाते थे जीवन की अंतिम सांस तक वे पार्टी हित के लिये कार्य करते रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, संगीता सिन्हा, एमआईसी अमर गिदवानी, परिषद प्रवक्ता नितिन कुमार झा, प्रमोद तिवारी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रमोद चौबे, आभा मुदलियार, सलाम रिजवी, राजेन्द्र तिवारी, सुरेश उपाध्याय, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, सुरेश मिश्रा, बुलाकी वर्मा, मनोज कंदोई, अनुभव शुक्ला, मनोज ठाकुर, संजय मिश्रा, विकास गुप्ता, गंगा यादव, शरद शुक्ला, गिरीश देवांगन, दीपक मिश्रा, चन्द्रशेखर शुक्ला, डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकार, रवि शर्मा, राहुल शुक्ला, गौतम मिश्रा, हमीद खान सहित सैकड़ों शुक्ल समर्थक उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर महापौर समेत शहरवासियों ने विद्याचरण शुक्ल को किया याद

आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल की 12वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से राजधानी शहर में रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम के शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल उद्यान परिसर स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने उन्हें समस्त नगरवासियों की ओर से सादर नमन करते हुए मूर्ति स्थल पर आदरांजलि अर्पित की नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी पूर्व पार्षद श्री मनोज कंदोइ सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्वश्री अनुभव चरण शुक्ला प्रमोद तिवारी नवीन चंद्राकर जोन 4 सहायक अभियंता दीपक देवांगन गणमान्यजनों ने शुक्ल को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल पर नमन किया।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ रायपुर पुलिस की साइबर टीम ने किया है। ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस ने झारखंड गुजरात और आंध्रप्रदेश में एक साथ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**2.66 करोड़ की साइबर ठगी का मामला :** प्रार्थी हेमंत कुमार जैन ने रायपुर के गुढियारी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 2.66 करोड़ की ठगी की गई है। मामले में धारा 318;4 3;5 भा न्या सं के तहत केस दर्ज कर जांच को रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपा गया।

**तकनीकी साक्ष्यों से आरोपियों की हुई पहचान :** पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर रेंज साइबर टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर मुख्य आरोपियों की पहचान की। सभी आरोपी ठगी के बाद अलग.अलग राज्यों में स्थान बदलकर रह रहे थे। इसके बाद पुलिस टीमें हजारीबाग ;झारखंड अहमदाबाद और गांधीनगर ;गुजरात ईस्ट गोदावरी आंध्रप्रदेश भेजी गई जहां एक साथ रेड कार्रवाई की गई।

**गिरफ्तार आरोपी और उनकी पृष्ठभूमि :** अशोक खैराती लाल शर्मा अहमदाबाद गुजरात, नागेंद्र कुमार महतो हजारीबाग झारखंड, शेख बाबा मन्डापेटा ईस्ट गोदावरी आंध्रप्रदेश, प्रियांक ब्रह्मभट्ट पाटण गुजरात।

इनमें से शेख बाबा कर चुका है और प्रियांक ग्रेजुएट है। नागेंद्र और अशोक ट्रांसपोर्ट और वेयरहाउस से जुड़े रहे हैं। ये सभी एक.दूसरे से जुड़े और जल्दी पैसा कमाने की लालच में साइबर ठगी में संलिप्त हो गए।

**संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई शुरू :** ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज पुलिस ने जब्त कर लिए हैं और अटैचमेंट की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों से आधार कार्ड कंप्यूटर स्कैनर प्रिंटर और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**ऑपरेशन साइबर शील्ड की बड़ी सफलता :** रायपुर रेंज पुलिस के लिए यह ऑपरेशन साइबर शील्ड के अंतर्गत एक और बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि साइबर अपराधों के खिलाफ अब पुलिस सिर्फ तकनीकी रूप से नहीं बल्कि रणनीतिक रूप से भी पूरी तरह तैयार है।

# 150 से अधिक मालवाहक वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डा लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 02 के सर्विस रोड पर लापरवाही पूर्वक नो पार्किंग में खड़ी भारी मालवाहक वाहनों के विरुद्ध अभियान कार्यवाही के निर्देश पर थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध एवं थाना प्रभारी यातायात भनपुरी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी 150 से अधिक भारी मालवाहक वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।

शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नम्बर 01 व 02 में भारी मालवाहक वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक नोपार्किंग में वाहन खड़ी कर दिया जाता है जिससे सामान्य यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है साथ ही सड़क दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है अभियान चलाते हुए रिंग रोड नम्बर 02 में नोपार्किंग में खड़ी 150 से अधिक भारी मालवाहक वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई व 02 वाहनों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। साथ ही दोबारा वाहन खड़ी करने पर बीएनएस की धारा 285 के तहत आम रोड पर वाहन खड़ी कर अन्य वाहन चालकों के लिए संकट उत्पन्न करने के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने की चेतावनी दी गयी।

# चौबे कालोनी लेडीज क्लब ने बढ़ते कदम को दी शवपेटिका



**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। चौबे कॉलोनी लेडीज क्लब ने अपने गठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक संस्था बढ़ते कदम को (शवपेटिका) कॉफिन प्रदान की है। बढ़ते कदम संस्था मृत्यु के क्षण में मानवगरिमा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए चौबे कॉलोनी लेडीज़ क्लब ने इस अभियान में अपना सहयोग दिया है। अपनी स्थापना के वक्त से ही चौबे कॉलोनी लेडीज़ क्लब ने अनेक सामाजिक कार्य किए हैं। चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन शाला के विकास हेतु लगातार 15 बरसों तक आनंद मेले का आयोजन लेडीज़ क्लब ने किया और उससे अर्जित राशि विद्यालय को प्रदान की। नेत्र चिकित्सक डॉ. सक्सेना के चिकित्सालय में नेत्र परीक्षण मशीन प्रदान की, ताकि गरीबों का निशुल्क नेत्र परीक्षण हो सके। वर्ष 2007 में विख्यात पाकशास्त्री तरला दलाल के मुख्य आतिथ्य में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर भारत की रसोई का अनूठा आयोजन भी किया गया। इस मौके पर दस महिलाओ को तेजस्विनी सम्मान भी प्रदान किया। गर्मियों में प्याऊ संचालन, वॉटर कूलर आदि के वितरण के अलावा संस्था बीच-बीच में अनाथ बच्चों, बेसहारा महिलाओं के कल्याण के लिए कदम उठाती है।

# एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा करने निर्देश



**पुलिस के पदोन्नत अधिकारियों के कंधे पर लगाया अशोक स्तंभ व स्टार**

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। आज पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा द्वारा सिविल लाईन स्थित सी.4 भवन के सभाकक्ष में दो पालियों में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह व जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रथम पाली में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिला रायपुर के उप पुलिस अधीक्षक अमन कुमार रमन कुमार झा ;भा पु से एवं उप पुलिस अधीक्षक अजय वर्मा ;भा पु स के कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर एवं कैप पहनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तथा निरीक्षक नरेश पटेल श्रीमती श्रुति सिंह सुश्री मंजूलता राठौर एवं सुश्री लता चौरे के कंधे पर स्टार लगाकर एवं कैप पहनाकर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर सभी को शुभकामनाएं दी गई। द्वितीय पाली में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा कर एक वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराध गंभीर अपराध के निराकरण तथा सीसीटीएनएस आई.4 सी के समस्त पोर्टलो में एंट्री के साथ ही एनडीपीएस पशु तस्करी एवं आबकारी एक्ट के प्रकरणों में फाइनेंसियल इन्वेस्टिगेशन कर अपराध से अर्जित संपत्ति का अटैचमेंट एवं जप्त वाहन के राजसात एवं नीलामी की कार्यवाही तथा आदतन अपराधियों के विरुद्ध पिट एनडीपीएस की कार्यवाही करने एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वालेए तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले अवैध पार्किंग बिना हेलमेट एवं अवैध पार्किंग के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश देने के साथ ही रैंक वार चुनौतियों को स्वीकार कर बेहतर पुलिसिंग के निर्देश दिये गये। सभी थानों के सी सी टी एन एस_ आरक्षकों सहित थाना स्टॉफ को विवेचनाए सायबर अपराध में उपयोगी आई.4.सी के सभी पोर्टल की जानकारी हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर जानकारी दी गई साथ ही सभी स्टॉफको पोर्टल फ्रेंडली बनाने के लिए विशेष पहल करने हेतु राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जेवरातों के क्रेता सहित 2 गिरफ्तार**



**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रार्थी त्रिभुवन चौहान ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दुर्गा चौक गोवर्धन नगर खमतराई रायपुर में रहता है। वह 11 मई को अपने घर पर ताला बंद कर सपरिवार कुम्हारी दुर्ग गया था तथा रात्रि में वहीं रूक गया था कि दूसरे दिन को प्रार्थी वापस रायपुर अपने घर आकर देखा तो उसके घर का सामने का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सभी सामान बिखरा हुआ था एवं घर में रखा आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था लॉकर में रखा नगदी रकम तथा सोने एवं चांदी के जेवरात नहीं थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया था अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को थाना प्रभारी खमतराई को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में भी जानकारियां एकत्र कर तस्दीक कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखकर लगातार अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को आरोपी सुन्दरू देवार उर्फ तोहीन जो पूर्व में भी पर्स स्नेचिंग के मामले में जेल निरूद्ध रह चुका ह के उक्त घटना में संलिप्तता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सुन्दरू देवार उर्फतोहीन की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर सुन्दरू देवार उर्फतोहीन ने अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार करने के साथ ही चोरी के सोने के जेवरात को खमतराई निवासी अशोक सोनी के पास बिक्री करना बताया गया कि अशोक सोनी की पतासाजी कर उसे पकड़कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी के जेवरातों को क्रय करना बताया गया। जिस पर आरोपी सुन्दरू देवार उर्फतोहीन एवं अशोक सोनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 20 ग्राम सोने के जेवरात कीमती लगभग 2 00 000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य 02 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# 144 पौवा देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार




**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। चारपहिया वाहन में अवैध शराब परिवहन करते ग्राम कुर्रा के सोनेसिल्ली रोड स्थित एक राइस मिल के पास मारुति वेगनआर कार ;सीजी 04 बी 5279द्ध में 144 पौवा देशी शराब के साथ दो आरोपियों को थाना गोबरानवापारा पुलिस और एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत करीब 2 50 000 आंकी गई है। अवैध शराब के खिलाफपुलिस के द्वारा इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है और मुखबिरों को भी इसमें लगाया गया है। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना गोबरानवापारा पुलिस और एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। इसी दौरान जैसे तस्करों की कार ग्राम कुर्रा के सोनेसिल्ली रोड स्थित एक राइस मिल के पास पहुंची पुलिस ने कार को रोककर तलाशी ली जिसमें डिक्की में छुपा कर रखी गई 144 पौवा देशी शराब को जप्त किया। पूछताछ में आरोपी अपना नाम मनोज टंडन ;28 वर्ष एवं लिखेन्द्र सोनवानी ;24 वर्ष निवासी अभनपुर का रहने वाला बताया। दोनों आरोपी शराब परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफथाना गोबरानवापारा में के तहत धारा 34;2 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की।

# ड्रग्स पैडलर्स को दस-दस साल की सजा

**आरोपियों में युवतियां भी शामिल**

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। मादक पदार्थ ड्रग्स की तस्करी से जुड़े पांच ड्रग्स पैडलर्स को कोर्ट ने दस.दस साल की सजा सुनाई है साथ ही सभी पर एक.एक लाख का जुर्माना लगाया हैण् आरोपियों में प्रखर मारवा मो.ओवेश अभय कुमार मिर्चे प्रिया स्वर्णकार नेहा भगत शामिल है इन आरोपियों को 2022 में नारकोटिक्स सेल की टीम ने एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था सभी आरोपी गोवा से ड्रग्स लाकर रायपुर में सप्लाई करते थे नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली थी कि पंडरी इलाके के अंबुजा माल के पास लग्जरी चार पहिया वाहन सवार कुछ व्यक्ति अपने पास ड्रग्स रखे है से खपाने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहे हैं टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी तो कार में दो युवक और एक युवती सवार थीए जिन्होंने अपना नाम प्रखर मरवा मो आवेश और प्रिया स्वर्णकार बताया कार की तलाशी लेने पर एमडी ड्रग्स बरामद किया गया था पूछताछ में आरोपियों ने एमडी ड्रग्स को गोवा से लाने की बात कही थी

इन आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि पहले भी गोवा में ड्रग्स लाकर राजधानी में खपा चुके हैं ड्रग्स सप्लाई में नेहा भगत और अभय कुमार मिर्चे को भी गिरफ्तार किया गया था सभी पांचों आरोपी एमजी ग्लोस्टर क्रमांक सीजी 04 एनएम 1234 और एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम जे 6828 में घूम.घूम कर एमडी ड्रग्स की तस्करी करते थे

# छत्तीसगढ़ बोर्ड की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से




**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ;माशिमं की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से आयोजित की जाएगी। 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई और 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई प्रारंभ होगी। गत वर्ष से पूरक परीक्षा के बजाय माशिमं द्वारा दूसरी बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। दूसरी परीक्षा के लिए फॉर्म भी भरे जा रहे हैं। सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि खत्म हो चुकी है। अब विलंब शुल्क के साथ 20 जून तक तथा विशेष विलंब शुल्क के साथ 21 से 30 जून तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 15 बजे तक आयोजित होगी। माशिमं ने दूसरी मुख्य परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी जिसमें कक्षा 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक चलेगी। वहीं 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पहली परीक्षा में अनुत्तीर्ण के अलावा पूरक तथा कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी श्रेणी सुधार के लिए सम्मिलित हो सकेंगे।

**समय सारणी कक्षा बारहवीं :** 8 जुलाई. हिन्दी 10 जुलाई अंग्रेजी 11 जुलाई संस्कृत 12 जुलाई. इतिहासए व्यवसाय अध्ययनए कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित ड्राइंग एंड पेंटिंगए आहार एवं पोषण 14 जुलाई. मराठीए उर्दूए पंजाबी सिंधी बंगाली भौतिक शास्त्रए 16 जुलाई. समाज शास्त्र 17 जुलाई. राजनीति विज्ञान रसायन शास्त्र लेखा शास्त्र फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र वस्तु चित्रण एवं आलेखन शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा 18 जुलाई. मनोविज्ञानए 19 जुलाई. रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट आईटी ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्निशियन हेल्थ केयरए एग्रीकल्चर मीडिया एंड इंटरटेनमेंट टेलीकम्प्यूनिकेशन बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस एंड इंश्युरेंस ब्यूटी एंट वेलनेस इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर 21 जुलाई. गणित कम्प्यूटर एप्लीकेशन भारतीय संगीत चित्रकला नृत्यकला स्टेनो टायपिस्ट कृषि गृह विज्ञान वाणिज्यिक गणित औद्योगिक संगठन के मूल तत्व 22 जुलाई. जीव विज्ञान अर्थशास्त्र पशुपालन दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कट पालनए भारतीय कला का इतिहासए विज्ञान के तत्व।

**कक्षा दसवीं :** 9 जुलाई.गणित 11 जुलाई प्रथम भाषा हिन्दी 14 जुलाई. द्वितीय भाषा अंग्रेजी 15 जुलाई. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विषय 16 जुलाई. विज्ञान 18 जुलाई. सामाजिक विज्ञानए 19 जुलाई. तृतीय भाषाए 21 जुलाई. केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीतए केवल मूक बधिर छात्रों के लिए ड्राइंग एंड पेंटिंग।

# बाल-बाल बची यात्री की जान




**ट्रेन में चढ़ते समय प्लेटफॉर्म पर फिसला पैर, आरपीएफ निरीक्षक ने बचाई जान**

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। चलती ट्रेन में चढ़ने की लापरवाही किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती है लेकिन जब सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुण किसी सुरक्षाकर्मी में हों तो बड़ा हादसा भी टल सकता है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है राजनांदगांव रेलवे स्टेशन सेए जहां रेलवे सुरक्षा बल ;त्व्थ्द्ध के निरीक्षक समीर खलखो ने अपनी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक यात्री की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। यह घटना उस वक्त घटी जब गाड़ी संख्या 07005 ;चेरला पल्ली रक्सौल एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर सुबह 11.05 बजे ट्रेन के आगमन के बादए निर्धारित ठहराव के पश्चात 11.09 बजे वह स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी। उसी समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया। यह दृश्य किसी भी गंभीर हादसे में तब्दील हो सकता थाए लेकिन मौके पर ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक समीर खलखो ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दौड़कर यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस प्रयास में उनके साथ सहायक उप निरीक्षक आरण् एसण् बागड़ेरिया भी उपस्थित थे। घटना के बाद सुरक्षित यात्री ने आरपीएफअधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके साहसिक कार्य की सराहना की।

# हाईवा वाहन में लूट, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने हाईवा चालक लूट के मामले में आरोपियों को पकड़ लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी मुकेश साहू ने थाना राखी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम बेंद्री स्थित सिलके कंपनी में हाईवा वाहन चलाने का कार्य करता है। वह 9 जून को हाईवा वाहन में मंदिर हसौद से पत्थर लोड कर कंपनी के क्रेसर प्लांट ग्राम बेंद्री नवा रायपुर रोड होते जा रहा था तथा उसके साथ हेल्फर विष्णु प्रजापति एवं साथी अभिषेक यादव कृष्णा कुमार यादव भी थे। रात्रि लगभग 02:30 बजे सेक्टर 24 नवा रायपुर सीबीडी रेल्वे स्टेशन के पास पहुंचे थे उसी समय पीछे से एक संफेद रंग की स्कार्पियों वाहन का चालक प्रार्थी के हाईवा ट्रक के सामने अपनी वाहन को लाकर खड़ी कर दिया जिससे प्रार्थी हाईवा वाहन को रोका तो स्कार्पियों से 05 लडके उतरकर हाईवा वाहन के पास आकर हाईवा के सामने सीसा को राड से तोड.फोड किये फिर वाहन के दरवाजा को खोलकर उपर चढकर गाली गलौच करते हुये प्रार्थी के गला में चाकू टिका कर उसका हेल्फर विष्णु प्रजापति एवं साथी अभिषेक यादव व कृष्णा कुमार यादव के पर्स नगदी रकम एवं 02 नग मोबाईल फोन को लूटने के साथ ही उनके साथ मारपीट कर चोट पहुंचाये और भाग गये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना राखी में अपराध अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को गम्भीरता से लेते थाना प्रभारी राखी निरीक्षक अजीत राजपूत को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी राखी के नेतृत्व में थाना राखी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी एवं अन्य आहतों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर अज्ञात आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये वाहन के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा प्रकरण में संलिप्त आरोपी सोनू पटेल अजय साहू आकाश पासवान एवं लोकेश साहू को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की 03 पर्स नगदी रकम 600 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन क्रमांक सी जी 04 पी एफ5907 एवं 01 नग चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

## उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।

मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

## संपादकीय

### ऑटो में भी बरतें सावधानी

*छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बड़े शहर जेबकतरों एवं उठाईगीरों के चलते निहायत असुरक्षित हो चुके हैं। राजधानी सहित बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा जैसे कई शहरों में बड़े पैमाने पर लोग ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। शहर के एक स्थान से दूसरी जगह जाने के लिये आटो रिक्शा परिवहन का एक सस्ता और तेज माध्यम है। बड़ी संख्या और लगभग सारा समय इनकी उपलब्धता से जनसामान्य को ये बहुत सुविधापूर्ण लगते हैं। उनमें बड़ी जादाद में शेयर रिक्शा चलते हैं।*

*तकरीबन हर शहर में अनेक स्थान ऐसे मिलेंगे जहां रिक्शा वाले कुछ लोगों को एक साथ बैठाकर फेरे लगाते हैं। इससे जहां यात्रियों का काफी कम किराया देकर काम चल जाता है तो रिक्शा वालों के लिये भी यह इस लिहाज़ से सहूलियत भरा होता है कि उन्हें निर्धारित रूट पर चलते हुए भी पर्याप्त कमाई हो जाती है। हर किसी के लिये पूरा रिक्शा तय करके जाना सम्भव नहीं होता क्योंकि उसका किराया बहुत अधिक होता है जो हर कोई वहन नहीं कर सकता।*

*जिस भी शहर में चले जाएं तो अलग-अलग दिशाओं में कुछ स्थानों से रिक्शे चलते हैं। ऐसे ही रिक्शों में एक अन्य तरह का खतरा भी होता है। जेब काटने वाले तथा पर्स, झोला, सामान आदि उठाने वाले उनमें बैठ जाते हैं। मौका पाते ही वे सामान लेकर गायब हो जाते हैं। अधिकतर निर्धारित स्थानों पर उनके सहयोगी खड़े रहते हैं जो चोरी का माल ले जाते हैं। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह सहयात्री चोर हो सकता है। कई बार वे मौका पाते ही स्वयं सामान या पैसे गायब कर किसी स्थान पर उतरकर नज़रों से ओझल हो जाते हैं।*

*जो लोग शेयर ऑटो रिक्शों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें बहुत सतर्क रहना चाहिये। कई बार ये समूह में होते हैं लेकिन ऐसा महसूस होने नहीं देते। वे अक्सर निशाना बने व्यक्ति को बातों में उलझा देते हैं या उन्हें भ्रमित कर उनकी वस्तुएं अथवा पैसे गायब कर देते हैं।*

*बिलासपुर में शुक्रवार को एक महिला ऐसी ही उठाईगिरी की शिकार हो गयी। तिफरा से निकलते वक्त उसकी बहन ने उसे पर्स में डालकर 50 हजार रुपये उनकी सबसे छोटी बहन के लिये दिये जो उसने झोले में रख दिये। पहले उसने नेहरू चौक का रिक्शा लिया जिसमें पहले से कुछ महिलाएं बैठी थीं। वहां से उसने मंगला चौक के लिये दूसरा रिक्शा पकड़ा। उतरने पर उसने पाया कि झोले में रखे पर्स की चैन खुली है और रुपये गायब हैं। उसे ख्याल आया कि वे महिलाएं उससे बात कर रही थीं। शक है कि उन्होंने ही रुपये उड़ाए होंगे।*

*सावधानी के साथ ज़रूरी है कि पहले से बैठे या बाद में बैठने वाले अनजान लोगों से नज़दीकियां न बढ़ाएं। कई बार रिक्शों के पीछे रखे सामान भी निकाल लिये जाते हैं।*

## जनभावनाओं के अनुरूप बघेरा में नहीं खुलेगी नई शराब दूकान : यादव



**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)।दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 56 बघेरा में अब शराब दुकान नहीं खुलेगी, क्षेत्र की जनता की मांग और शराब दुकान से होने वाले नुकसान को देखते हुए दुर्ग शहर विधायक विधायक गजेन्द्र ने आबकारी विभाग के अधिकारी को शराब दुकान नहीं खोलने निर्देश दिए है। खबर के बाद नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र का आभार जताया है।

गौरतलब है बघेरा में नई शराब दुकान खोलने निविदा करने के सूचना के बाद से ही क्षेत्र के नागरिक इसका विरोध कर रहे थे, बघेरा सहित आस पास ग्रामीणों ने बैठक कर शराब दुकान खोलने का विरोध कर रहे थे।

क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर दुकान नहीं खोलने आग्रह किया था। नागरिकों की मांग को विधायक गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिए और तत्काल आबकारी विभाग के अधिकारीयों से बघेरा में खुलने वाली नई शराब दुकान को स्थगित करने निर्देश दिए। एक दिन पूर्व वार्ड 56 में उद्यान निर्माण के भूमिपूजन में भी नागरिकों के समक्ष उन्होंने वादा किया था कि किसी भी शर्त में बघेरा में शराब दुकान नहीं खोलने देंगे।

बघेरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आस पास नागरिको के आवागमन का मुख्य मार्ग है। शराब दुकान खुलने से यहां घटना बढ़ेगा, असामाजिक तत्वों का डेरा और अपराध भी बढ़ेगा जिसे देखते हुए नागरिक इसका विरोध कर रहे थे।

## युक्तियुक्त करण प्रक्रिया में गंभीर अनियमिता को लेकर विकास खंड अधिकारी जयसिंह भारद्वाज निलंबित

**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)।शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डौण्डी जिला बालोद जयसिंह भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति, बालोद की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में की गई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

जांच में सामने आई मुख्य गड़बड़ियां : रीता गरेवाल, शिक्षक विज्ञान टी संवर्ग, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डी की नियुक्ति संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में हुई है, जिनका कार्यभार ग्रहण तिथि 12 जुलाई 2022 है। संबंधित कर्मचारी परिवीक्षा अवधि में है। परिवीक्षा अवधि में होने के बावजूद उक्त शिक्षिका को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है। नूतन कुमार साहू शिक्षक विषय गणित पूर्व माध्यमिक शाला कुमड़कट्टा संस्था में एक ही गणित विषय का शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है।

पूर्व माध्यमिक शाला साल्हे में कला विषय में श्रीमती लेखनी साहू कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर श्रीमती परमिला ठाकुर शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है। पूर्व माध्यमिक शाला धुरवाटोला में विषय कला में भूपत कुमार धनेन्द्र को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर रविन्द्र कुमार बड़तिया शिक्षक विषय गणित को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला पूत्तरवाही विषय कला में संजय जायसवाल कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर मोतिम सिन्हा शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है।

इन सभी मामलों में जयसिंह भारद्वाज की ओर से घोर लापरवाही और अनियमितता सामने आई हैए जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत संभागीय आयुक्त को प्राप्त अधिकारों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में श्री भारद्वाज का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बालोद निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

## अवैध घुसपेठियों के खिलाफ पुलिस ने आज दिनभर फिर चलाया अभियान





**संदिग्धों के लिये फिंगर प्रिंट**

**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए आज विशेष टीम गठित कर दुर्ग जिले के अलग.अलग क्षेत्रों में आकस्मिक चेकिंग किया गया।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा के नेतृत्व में थाना प्रभारी नंदनी नगर, धमधा के साथ पृथक पृथक पुलिस की टीम बनाकर नंदनी टॉउनशीप एवं वार्ड 7 के रहवासी क्षेत्रों रहने वाले 263 लोगो को चेक किया जाकर 35 संदिग्ध लोगों के फिंगर प्रिंट लिये गये। दुर्ग शहर अंतर्गत गयानगर क्षेत्र में नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के नेतृत्व में थाना प्रभारी दुर्ग, पद्नाभपुरए भिलाई नगर व सुपेला के साथ पृथक पृथक पुलिस की टीम बनाकर आकस्मिक चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान दुर्ग में बाहर से आकर रहने वाल कुल 26 व्यक्ति मिले, जिसमें 03 हुगली जिला पश्चिम बंगाल एवं 23 पश्चिम मिदनापुर के निवासी मिले सभी का फिंगर प्रिंट लिया गया, इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो को चेकिंग कर सत्यापन किया जा रहा है। यह अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

## पुरानी रंजिश के चलते दो लोगो के बीच मारपीट, एक की हत्या

- ग्राम खुटेरी भट का मामला
- शक के आधार पर एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**गुण्डरदेही**,11 जून (देशबन्धु)।रनचिरई थाना क्षेत्र के गांव खुटेरी भट में दो लोगो की पुरानी रंजिश के कारण एक 40 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई फिर हाल पुलिस ने शक के आधार पर गांव के एक व्यक्ति को पकड़कर पुछताछ कर रही है घटना बुधवार की शाम 5 से 6 बजे के बीच बताया जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही देवव्रत बिंझेकर 40 साल व सुदामा ठाकुर 50 साल दोनो मंगलवार शाम को पास के गांव जोरातराई का बाजार गया था जहां दोनो मे वही वाद-विवाद व मारपीट हुआ जिसमे सुदामा ठाकुर ने बिंझेकर के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज कराई थी अगले दिन बुधवार को खुटेरी मे शाम को फिर दोनो मे धरम दुकान के पास पुरानी रंजिश के चलते वाद-विवाद व मारपीट हुई दोनो मे वाद-विवाद के चलते सुदामा ठाकुर ने देवव्रत बिंझेकर की हत्या कर दी गई इधर रनचिरई टीआई ने बताया की शक के आधार पर सुदामा ठाकुर को पकड़कर थाना ले जाया गया है सबुत नही मिला है अभी जांच जारी है।

## जिले के सभी शिक्षकविहीन शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना

### शिक्षा विभाग का दावा, नए सत्र में पहले दिन से सभी स्कूलों में होगी पढ़ाई

**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)। गुरू बिन ज्ञान नहीं रेए यह कहावत वर्षों से सुनते आ रहे हैं। गुरू ही लोगों को सही ज्ञान और मार्गदर्शन देता है। बच्चों को सही दिशा व उच्च स्थान में पहुंचाने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन इसका असली अर्थ तब समझ आता है जब स्कूल में शिक्षक हों। दुर्ग जिले के कई प्राथमिक स्कूलों बच्चे थे, पर शिक्षक नहीं थे, अब सभी स्कूलों ममें शिक्षक है।

शिक्षा विभाग ने जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी में यह दावा किया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। अब बच्चों को स्कूल खुलने का इंतजार है। अब वह नए जोश और उमंग से स्कूल में आएंगे और क्यों न आए क्योकि अब उन्हें नये शिक्षक मिलने वाला है। जहां सालों से कोई शिक्षक नही था वहां अब बच्चों और शिक्षकों की आवाज गूंजेगी। हम बात कर रहे हैं शिक्षक विहीन शालाओं की दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक शाला अगार में बच्चों की दर्ज संख्या 85 है जहां एक भी शिक्षक कार्यरत नही थ, परंतु काउंसिलिंग के बाद अब वहां 3 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला ढौर में दर्ज संख्या 42 और शिक्षक की संख्या निरंक काउसलिंग उपरांत 2 शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी बरहा में दर्ज संख्या 25 अब 2 शिक्षक पदस्थ हैं।

पहले स्कूल तो था पर गुरुजी नहीं थे। शासकीय प्राथमिक शाला अगार में 85 बच्चे पंजीकृत हैंए लेकिन एक समय था जब वहां एक भी शिक्षक नहीं थे। बच्चे स्कूल जरूर आते थ, पर पढ़ाई नहीं हो पाती थी। लेकिन हाल ही में हुई शिक्षकों की काउंसलिंग ने गांव के स्कूल की तस्वीर बदल दी। तीनों स्कूलों में अब शिक्षक पदस्थ हो चुके हैं। आगामी सत्र से स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल और कक्षाओं से आवाजें गुंजेगी। पहले बच्चे इंतजार में लगे रहते थे कि कब शिक्षक आएंगे और पढ़ाएंगे। बच्चों के इंतजार के दिन खत्म हो गए। अब बाकी स्कूलों के सामान शासकीय प्राथमिक शाला अगार, शासकीय प्राथमिक शाला ढौर एवं शासकीय प्राथमिक शाला खपरी बरहा में भी पढ़ाई होगी। शिक्षक आएंगे, कक्षाएं लगेगी और बच्चे पूरे मन से पढ़ाई में जुट जाएंगे। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला खपरी बरहा की शाला में भी अब बदलाव देखने को मिलेगा, यहां 25 बच्चों के लिए अब दो शिक्षक मौजूद हैं, जो हाल ही में काउंसलिंग के बाद पदस्थ किए गए हैं।

## शिविर में 28 दिव्यांगजनों का किया गया पंजीयन



**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाया था तथा ऐसे दिव्यांगजन जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है किंतु उक्त प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, के लिए उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 10 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) विकासखण्ड दुर्ग में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण चिन्हांकन मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार आयोजित शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से कुल 28 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा उपस्थित दिव्यांगजनों का परीक्षण जिला चिकित्सालय दुर्ग के चिकित्सक अस्थिबाधित विशेषज्ञ डा. आर.के.नायक, नेत्र बाधित विशेषज्ञ डॉ. बी.एन.वाहने तथा श्रवण बाधित विशेषज्ञ डॉ.रेणु तिवारी द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में प्रिया साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) के सरपंच संतोष सारथी उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य किशोरी देशमुख एवं संगीता माखन साहू तथा उपसंचालक समाज कल्याण के शिविर प्रभारी जंतराम ठाकुर व अन्य पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रोफेशनल मीट एंड प्रदर्शनी

- केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित सम्मिलित होंगे

**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का आयोजन 12 जून दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजे से अविश एडूकाम में ओम परिसर के पास आर्य नगर में आयोजित किया गया है। आयोजित होने वाली प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्थानीय वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे आयोजित होने वाली उक्त कार्यक्रम मे दुर्ग जिले के डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, उद्योगपति, व्यापारीगण, व्यापार एसोसिएशन के सदस्यगण, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण, समाज सेवी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन, समाज प्रमुखगण, भाजपा समस्त जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश, जिला मंडल पदाधिकारी सदस्य एमंडल अध्यक्षगण, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम संयोजक सदस्यगण वरिष्ठ, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण शामिल होंगे।

## संत कबीर साहेब प्रगटोत्सव सोल्लास संपन्न




**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्भाव कबीर सेवा समिति के तत्वावधान में सिविल लाईन शीतला तालाब धरा धाम समृद्धि बाजार के पास स्थित समभाव कबीर कुटी मंदिर राममंदिर एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में सदगुरू कबीर साहेब का 627 वीं प्रगटोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम महंत विक्रमदास महंत मोहित दास, दिवान बजरंग दास के अलावा संभाग के अन्य संतों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

एक दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम प्रातः गुरू महिमा पाठ से प्रारंभ होकर मध्यान सत्संग प्रवचन के पश्चात सात्विक चौका आरती प्रसाद वितरण एवं सार्वजनिक भंडारा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा, गोवर्धन प्रसाद जायसवाल, मनहरण यदु, दीना सिन्हा, अशोक यादव, विरेन्द्र सिन्हा, रविदास, शैलेन्द्र चौहान एवं राजु सोनी का सहयोग रहा।

## योगेश तिवारी ने विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह को विवाह वर्षगांठ की दी शुभकामनाएं



**बेमेतरा** 11 जून (देशबन्धु)।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को उनकी विवाह वर्षगांठ के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं।

इस विशेष अवसर पर योगेश तिवारी डा. सिंह के रायपुर स्थित आवास पर पहुंचे और उन्हें एवं उनकी धर्मपत्नी वीणा सिंह को शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके दाम्पत्य जीवन की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की।

शिष्टाचार मुलाकात के दौरान योगेश तिवारी ने कहा कि डा. रमन सिंह और वीणा सिंह का जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। इनका सहज, सादगीपूर्ण एवं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## शंकर नगर में नाला निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



**दुर्ग**, 11 जून (देशबन्धु)।नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर निर्माणधीन नाले का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया।

महापौर अलका बाघमार द्वारा राजस्व प्रभारी व पार्षद शेखर चन्द्राकर एवं टीम सहित वार्ड नागरिको के साथ शंकर नगर सुभाष स्कूल के पीछे से लेकर गजानंद मंदिर चौक तक 43 लाख की लागत से निर्मित की जा रही नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। शंकर नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण निर्मित नाला निर्माण का बहाव अन्य नाला की तरफ जोड़ा गया है। ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके। गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोब मेंनटेन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश महापौर ने दिया।

उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।

महापौर ने निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को साफ कहा गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और निर्माण कार्य को तय सीमा के अंदर किये जाने के सख्त निर्देश दिये।

## सिक्ख समाज ने मनाया प्रकाश पर्व



**बेमेतरा**, 11 जून (देशबन्धु)। बुधवार दोपहर को सिक्ख समाज बेमेतरा गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल एवं धर्म प्रचार कमेटी छत्तीसगढ़ द्वारा गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल के दफ्तर में पिछले 5 दिन से चल रहे गुरमत कैम्प के बच्चो के साथ भगत कबीर जी का 627 वां प्रकाश पर्व मनाया गया जिसमे अरदास करके कड़ा प्रसाद बाटकर बड़े ही धूमधाम उत्साह से मनाया गया अध्यक्ष हरजीत सिंघ ने बताया की गुरु ग्रंथ साहिब जी में 17 रागो में 227 पघ और 237 श्लोक भगत कबीर जी की बाणी गुरु ग्रंथ साहिब जी में दर्ज है।

भगत कबीर जी एक महान योद्धा थे जिन्होंने गरीबो को अपने हक के लिए लड़ना सिखाया और कर्मकांड से डट कर मुक़ाबला किए इस बीच भाई मनप्रीत सिंघ (पंजाब वाले) प्रचारक द्वारा बच्चो को भगत कबीर जी का इतिहास बताया गया

जिस में सिक्ख समाज गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल बेमेतरा के अध्यक्ष हरजीत सिंघ खनूजा, सचिव हरदीप सिंघ छाबड़ा (राजा), बलवंत सिंघ गुंबर, हरजीत सिंघ हुरा, वरिंदर सिंघ सलूजा, कश्मीर सिंघ, प्रीतम हुरा, घनश्याम गुंबर, पप्पी सिंघ अजमानी, हेमंत नेहरू,

महिला पदाधिकारी अध्यक्ष गुरप्रीत कौर छाबड़ा (शैली), रानी कौर हुरा, जसबीर कौर छाबड़ा, मीना कौर हुरा, पूजा गुंबर, बबली कौर हुरा उपस्थित थे।

# शुद्ध पेयजल सप्लाई आयुक्त ने किया निरीक्षण

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। आज बुधवार को निगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन-3 मदर टेरेसा नगर के वार्ड-32 कुम्हार पारा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डायरिया प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर भिलाई निगम द्वारा अभियान छेड़ा गया है। आयुक्त स्वयं सुबह 7:30 बजे से ही वार्ड जोन आयुक्त सतीश यादव, इंजीनियरों एवं पार्षद पति धर्मेन्द्र दिवाकर के साथ वार्डों का दौरा किए और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। जोन-3 के वार्डों में पेयजल को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी इंजीनियरों की अलग.अलग टीम बनाकर संपूर्ण वार्डों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सघन स्तर पर सफाई कार्य में जुटे हुए है। ताकि किसी भी प्रकार से जलजनित बिमारी न फैल सके। वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाईप लाइन को देखे और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। कहीं पर भी पाइप लाईन में लिकेज की समस्या आ रही है तो उसका तत्काल संधारण कराये। संधारण के दौरान वार्ड में नागरिको को किसी प्रकार की पेयजल की समस्या न हो पाए, वार्ड के सभी गली, मोहल्लो में प्रतिदिन साफ-सफाई करते रहने, जरूरत पड़े तो पानी का सेंपल लेकर उसे लैब में जॉच के लिए भेजे। यदि पानी में शुद्वता न दिखे तो टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। मितानिन डोर.टू.डोर नागरिको के घर पर जाकर जागरूक कर रही है और आवश्यक सलाह दे रही है। आयुक्त नागरिको से मिलकर उनको समझाए किसी प्रकार की डायरिया से संबंधित कोई लक्षण दिखे तो तत्काल डॉक्टर से सलाह ले और ईलाज कराए। बाहर के खादय सामग्री खाने से बचे, पानी उबालकर पिये, गर्म भोजन करें और सुरक्षित रहें। तत्पश्चात सेक्टर-1 पिंक उद्यान का निरीक्षण किए और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किए की उद्यान में जो भी गाजर घास एवं अनावश्यक खरपतवार है। उसे निकलवा दिया जाए। वहां से होकर चंद्रा मोर्या टाकिज के समीप अंडरब्रिज में जलभराव की स्थिति को देखे उपस्थित कर्मचारियो से कहे कि वहां पानी का भराव न हो, जो भी कचरा फसता है उसे तत्काल निकलवा कर हटा दिया जाए। जिससे आने जाने वाले नागरिको को किसी प्रकार की समस्या न हो और आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, सुपरवाईजर श्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की सप्लाई को लेकर कड़े निर्देश दिये है। बताया जा रहा है कि निगम आयुक्त ने बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर निगम के संबंधित अधिकारियों को पाईप लाईन के लिकेज व अन्य खामियों के दूर करने का निर्देश दिया।



# दुर्ग रेंज के 9 निरीक्षक पदोन्नत होकर बने उप पुलिस अधीक्षक



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। आईजी दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन आईजी कार्यालय 32 बंगला भिलाई में किया गया। यह अवसर दुर्ग रेंज में पदस्थ 9 निरीक्षकों को उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुग विजय अग्रवाल द्वारा सभी नवपदोन्नत अधिकारियों को स्टार लगाकर एवं केप पहनाकर पदोन्नत किया गया और उनका सम्मान किया गया। पदोन्नत होने वाले निरीक्षकों में तुल सिंह पट्टावी बालोद, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल बालोद, श्रीमती संतोषी ग्रेस बेमेतरा, यशकरणदीप ध्रुव दुर्ग, श्रीमती ममता अली शर्मा दुर्ग, विपीन रंगारी जिला दुर्ग, श्रीमती नवी मोनिका पाण्डेय जिला दुर्ग, कुंज बिहारी नागे दुर्ग, एम्ब्रोस कुजूर दुर्ग शामिल थे। आईजी श्री गर्ग एवं एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी नवपदोन्नत उप पुलिस अधीक्षकों को पदोन्नति की बधाई दी। इस अवसर पर अतिरिक पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग सुखनंदन राठौर, चन्द्र प्रकाश तिवारी उप पुलिस अधीक्षक लाइन दुर्ग, पनिक राम कुजूर उप पुलिस अधीक्षक, नीलकंठ वर्मा रक्षित निरीक्षक, दुर्ग, पुलिस पी.आर.ओ प्रशांत कुमार शुक्ला, फोटोग्राफर शेख मोहम्मद उपस्थित रहे।

# लापता युवती को जल्द बरामद करने की मांग



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार की 20 वर्षीय युवती पिछले 11 महीने से लापता है। घटना के 11 माह बीत जाने के बावजूद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिससे परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। युवती के परिवार वाले लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर आज छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने दुर्ग एसपी कार्यालय पहुंचकर घटना के बारें में एसपी विजय अग्रवाल को अवगत कराया और पीड़ित परिवार को लापता युवती की जल्द बरामद करने की गुहार लगाई। मामले को लेकर एसपी ने बच्ची के पिता व संगठन को कार्यवाही हेतु आश्वस्त कराया है मिली जानकारी के अनुसार, युवती 14 जुलाई 2024 की शाम को अपनी सहेली के यहां जाने ऑटो में सवार होकर निकली, लेकिन सहेली के यहां नहीं पहुंची। युवती के परिजनों ने उसी दिन जामुल थाना को सूचना दी, लेकिन अभी तक युवती का कोई पता नहीं चल सका। आवेदन देने दिलीप देशलहरा, अश्लेश मरावी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, ममता वर्मा, अन्नू, पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, राजेंद्र रजक आदि उपस्थित रहे।

# शहीद होने पर एएसपी को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। सुकमा के कोंटा में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे को दुर्ग पुलिस परिवार ने दी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिलाई दुर्ग शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग ग्रामीण अभिषेक झा, सहित तमाम सर्कल के सीएसपी और टीआई और पुलिसकर्मीयो ने भी दी श्रद्धांजलि, दुर्ग जिले के पाटन में बतौर एसडीओपी अपनी सेवा दे चुके है शहीद आकाश राव गिरपुन्जे।आईर्णईण्डीण् विस्फोट में शहीद हुए आईपीएस आकाश राव को भाव पूर्ण श्रद्वांजलि दी गई।

### निगम में दी गई श्रद्धांजलि

निगम भिलाई में सुकमा जिले के कोटा आई.ई.डी. विस्फोट में शहीद होने वाले एडिशनल ए.एस.पी. आकाश राव गिरपुंजे शहीद होने पर निगम भिलाई के सभागार में शहीद को श्रद्वांजलि अर्पित की गई। दुर्भाग्य से वे आई.ई.टी इसके चपेट में आ गए। जिससे वे घायल हो गए, उन्हे कोटा के अस्पताल में लाया गया। जहां उन्होने अंतिम सांसे ली। एस.एस.पी. पार्थिव देव को रायपुर में लाकर गार्ड आफ आनर देकर अंतिम संस्कार किया गया। घायल हुए पुलिस कर्मियों शीध्र स्वस्थ हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसमें निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गंदगी फैलाने वाले दो दुकानों से वसूला जुर्माना



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। घरों में साज.सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दरअसल दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेकना स्वीकार किया। इसी तरह केशवानी टाइल्स ने भी डस्ट सड़क किनारे डालने की बात कही। दोनो व्यापारियों से नगर पालिक निगम रिसाली ने 2000-2000 जुर्माना वसूला गया। निगम ने लोगों से आव्हान किया है,कि घर अवथा दुकान से निकलने वाला कचरा केवल कचरा पेटी में ही डाले।

# चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। संगठन के कोर कमेटी सदस्य व संरक्षक पुरण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि संगठन के कोर कमेटी सदस्य व संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने ईश्वर उपाध्याय व परिवार के सभी सदस्यों के इच्छानुसार सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि ईश्वर उपाध्याय उनके परिवार के कोई भी सदस्य आगामी जामुल नगर पालिका चुनाव 2026 में चुनाव नहीं लड़ेंग। ज्ञात हो की वर्तमान में जामुल में श्री राम कथा का विशाल आयोजन होना है इस आयोजन को कुछ लोग चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं, नगर पालिका चुनाव कि तैयारी के लिए ही राम कथा आयोजित की जा रही है ऐसी भ्रामक ख़बरें कुछ नेताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षा रखने वाले लोग फैला रहे हैं। इस बात का खंडन करते हुए पुरण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि ईश्वर उपाध्याय या संस्था का यह पहला आयोजन नहीं है।

# तिलेश्वर सम्हालेंगे जनसम्पर्क, शरद व रीता का कद बढ़ा




**भिलाईनगर**, 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम भिलाई के 4 आधिकारियों का तबादला कर दिया गया। जिसमें जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला को स्थानांतरित कर निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर में प्रभारी राजस्व अधिकारी बनाया गया है। अजय शुक्ला इसके पूर्व जनसंपर्क अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव,गरीबी, उपशमन एवं समाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग एवं संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत, समाज कल्याण विभाग, सहायक परियोजना अधिकारी, पेंशन शाखा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित आयुक्त के निरीक्षण दौरे हेतु निर्देशानुसार सूची तैयार करने तथा सर्व संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से समन्वय करते हुए आवश्यक तैयारी एवं फॉलो अप सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री आवास योजना इकरारनामा में हस्ताक्षर करने जैसी जम्बो कार्य की जिम्मेदारी सम्हाल रहे थे। भिलाई निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती रीता चतुर्वेदी सहायक अधीक्षक काउंटर शाखा को वर्तमान कार्य के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना इकरारनामा में हस्ताक्षर करना एवं सहायक परियोजना अधिकारी एनयूएलएम बनाया गया है। जबकि तिलेश्वर साहू उद्यान अधिकारी को उद्यान विभाग से स्थानांतरित कर वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी का दायित्व दिया गया है। श्री साहू आयुक्त के निरीक्षण दौरे हेतु निर्देशानुसार सूची तैयार करना तथा सर्व संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से समन्वय करते हुए आवश्यक तैयारी एवं फॉलो-अप सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त भिलाई ने शरद दुबे डाटा एंट्री ऑपरेटर, जो कि प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी जोन-2 में वैशालीनगर में पदस्थ हैं, को वर्तमान कार्य के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव, गरीबी, उपशमन एवं समाजिक, कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग एवं संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग सहित समाज कल्याण विभागए पेंशन शाखा (सामाजिक सुरक्षा पेंशन) की जवाबदारी भी सम्हालेंगे। अचानक हुए इस तबादले के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सम्पति विवाद को लेकर भाई की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। वीति रात्रि मंगलवार को छावनी क्षेत्र में अपने भाई की हत्या कर फरार हुए भाई को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चंद घंटे में ही पकड़ लिया था। इसके बाद उसे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राजवीर सिंह और महेंद्र सिंह के बीच प्रॉपर्टी को लेकर अक्सर विवाद होता था। मंगलवार की रात भी दोनों के बीच जमकर वाद विवाद हुआ और गाली गलौच हुई। इसी बीच राजवीर सिंह ने पास रखा हुआ टँगीया उठाकर महेंद्र सिंह के सिर पर वार कर दिया। वहीं महेंद्र सिंह ने भी चाकू निकालकर राजवीर सिंह पर वार करने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही महेंद्र सिंह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद मौका पाते ही आरोपी राजवीर सिंह फरार हो गया था। इस घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस ने टास्क टीम बनाकर आरोपी भाई की



तलाश में जुट गई। देर रात ही पुलिस ने हत्यारे राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि संपत्ति को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद होता था। कल यानी मंगलवार देर रात भी विवाद हुआ। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि राजवीर सिंह ने कुल्हाड़ी से वारकर अपने ही भाई की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने हत्यारे राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। छावनी पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

# एससी, एसटी एसोसिएशन ने ईडी से की भेंट



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी,एस.टी एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस.सी, एस.टी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृतव में एक प्रतिनिधिमंडल सेक्टर 9 के डॉ. एम रवीन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा से भेंट कर अस्पतालों में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के चिकित्सको, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के खराब ग्रेडिंग, समय पर पदोन्नति नहीं मिलने पर विस्तार से चर्चा किये। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद व महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि सेक्टर-9 चिकित्सालय में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारियों, चिकित्सकों को पिछले कई सालों से खराब ग्रेडिंग दिया जा रहा है जिसके कारण से उनका समय पर पदोन्नति नहीं हो पा रहा है इस समस्या का समाधान प्रवंधन को करना होगा। इसके साथ ही सेक्टर-9 चिकित्सालय में जीवन रक्षक दवाईयों सहित रोजाना ली जाने वाली दवाईयों की भी भारी कमी है। सेक्टर.9 चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण यह अस्पताल रिफरल सेंटर की तरह कार्य कर रहा है। अस्पताल में सहायक स्टाफ, फार्मासिस्ट, नर्सो की कमी के कारण चिकित्सा सेवाओं में आए दिन अव्यवस्था देखी जाती है। जिससे मरीज एवं उनके परिजन परेशानी उठाते हैं। कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए सेक्टर-9 ने उपरोक्त सभी समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना एवं संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जो भी समस्या एसोसिएशन द्वारा बताई गई है उसका त्वरित निराकरण हेतु उचित पहल की जाएगी। एसोसिएशन से कोमल प्रसाद अध्यक्ष, महासचिव विजय कुमार रात्रे, चेतन लाल राणा, कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ एम रवीन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ मुखर्जी, डा. उदय धाबर्डे, विकास चंद्रा, मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे।

# सेल को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर टियर की मान्यता



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। सेल को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है जो कड़ी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और सीबीआईसी के कानूनों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं। यह प्रमाणन दुनिया भर में स्वीकार्य है और यह किसी भी संगठन के लिए अनुपालन, सत्यनिष्ठा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के प्रति उसकी निष्ठा का प्रमाण है। सेल के कार्यकारी निदेशक ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे। जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

# 22 वर्ष पूर्व गुम हुए बालक को किया गया दस्तयाब

**भिलाई नगर,** 11 जून (देशबन्धु)। ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 1 से 10 जून तक चलाए गए विशेष अभियान में वर्षों से लापता 151-महिला एवं 72- पुरूष कुल-223 गुम इंसानों को प्रदेश एवं देश के विभिन्न हिस्सों से बरामद किया गया है। इस अभियान के तहत थाना भिलाई भट्टी पुलिस द्वारा वर्ष 2003 में गुम हुए बालक को किया गया दस्तयाब। 31 मई 2003 को प्रार्थी यादव राज रेड्डी उम्र 42 वर्ष पता चार्टर नंबर 13स्त्र सड़क 26 सेक्टर 4 भिलाई भट्टी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र राज किरण रेड्डी उम्र 16 वर्ष जो कक्षा दसवीं की पढ़ाई करता था, परीक्षा में कम अंक आने से पिता के द्वारा डांट दिए जाने पर 30 मई 2003 को दोपहर 12ः00 बजे ट्यूशन जा रहा हूं कहकर घर से निकला और वापस नहीं आया ।सूचना पर थाना भिलाई भट्टी में गुम इंसान क्रमांक 10/2003 दर्ज कर गुमशुदा का जांच पतासाजी किया गया।

गुमशुदा नाबालिक होने से एवं उसके बारे में कोई जानकारी पता नहीं चलने पर *गुमशुदा को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने अपराध घटित होने की शंका पर अपराध क्रमांक 180/2014 धारा



363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गुमशुदा बालक के संबंध में आसपास के क्षेत्र रेल्वे स्टेशन तथा भीड़भाड़ इलाकों में लगातार पता तलाश किया गया किंतु कोई जानकारी नहीं मिली । *गुमशुदा बालक के पता तलाश के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित करवाकर तथा पंपलेट छपवाकर वितरण किया गया । दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में भी प्रसारण कराया गया । फलस्वरूप आज 11 जुन को सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की गुमशुदा राज किरण रेड्डी 22 वर्ष उपरांत अपने घर माता-पिता के पास आ गया है। इस सूचना पर गुमशुदा का कथन लेकर विधिक कार्यवाही कर गुमशुदा को दस्तयाब किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई भट्टी के निरीक्षक राजेश कुमार साहू, सउनि भारत चौधरी, आरक्षक जी जगमोहन की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# नपाध्यक्ष ईश्वर ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बरसात पूर्व सफाई कार्य का निरीक्षण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। वार्ड-2 में चल रहे नाली निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड -1 में वार्ड वासियों द्वारा पानी टंकी का मांग किया गया। जिसे तत्काल स्वीकार करते हुए श्री ठाकुर ने बोर में मोटर डालने का निर्देश दिया एवं अपने स्वयं के अध्यक्ष निधि से पानी टंकी लगाने का निर्देश दिया कि सफाई निरीक्षण में कार्य के समय नपा अध्यक्ष ने संतुष्टि दिखाई और कहा कि बरसात पूर्व सभी बड़े नालों नालियों को अनिवार्य रूप से सफाई कार्य कर लेवें कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आना चाहिए। सफाई सुपरवाईजरों को निर्देश दिया गया कि सफाई कार्यों पर तो विशेष ध्यान देवें। पेयजल प्रभारी को कहा कि पानी का टेस्टिंग लगातार करावें क्योंकि मौसम के अनुसार पीने के पानी से कई शिकायतें मिलती है। इसके लिए आवश्यक दवाई की व्यवस्था कर लेवें। निरीक्षण के दौरान पार्षद खम्हन ठाकुर, संजय शमा, आनंद साह, दिलीप गुप्ता, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डेय, पेयजल प्रभारी दयालु राम जंघेल उपस्थित थे ।

# आयुक्त ने ली तकनीकि अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा कर प्रतिदिन कार्यो की मानिटरिंग करने के अलावा अपने अपने वार्ड में अतिक्रमण होते देख नोटिस देकर हटाने तथा अवैध प्लाटिंग की जॉच करने के अलावा बिजली, पानी की भी स्थिति देख निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रिया करने निर्देशित किए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराये तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि महापौर महोदय द्वारा भी समीक्षा बैठक में सभी कार्य चालू कर चालू कार्य में प्रगति लाने कहा गया है। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डवार निर्माण कायो की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरे कार्य किये गये है और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू करावे नही करने की स्थिति में नोटिस जारी करे। गुणवत्ताहीन कार्यो के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य सही करावे, सही कार्य का ही भुगतान के लिए आगे बढ़ावे। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यो की चरणबद्ध बिलिंग करे, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शौचालय मरम्मत कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण करे, इस संबंध मे ठेकेदारो को निर्देशित करे। उन्होंने एसएलआरएम सेन्टर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर मरम्मत एवं पीठ निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक निधि, सांसद निधि तथा महापौर व पार्षद निधि के अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करावे, चालू कार्य समय सीमा में पूर्ण करावे। ठेकेदार को कार्यादेश के साथ साथ स्टीमेंट की भी कापी देवे और निर्देशित करे कि सभी साईड में प्लान



**अपने-अपने वार्ड में अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग की जांच करने, निर्माण कार्य के अलावा बिजली, पानी की स्थिति देखने के दिए निर्देश**

की कापी उपलब्ध रहे, जिससे कार्य का मिलान कर सके।

आयुक्त ने बैठक में कहा कि बारिश के पूर्व सभी पानी टंकियों की सफाई कर लिकेज ठीक करावे व वाल्व मरम्मत करावे तथा वाहन आदि मरम्मत कर दुरूस्त रखे एवं सभी आवश्यक समाग्री का भंडारण रखे। उन्होंने अत्यधिक बारिश पर बाढ़ की स्थिति से निपटने आवश्यक व्यवस्था कर कन्ट्रोल रूप स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओ एवं कार्यपालन अभियंताओ से भी अपने अपने प्रभारित वार्ड के उप अभियंताओ से कार्यो की जानकारी लेकर मानिटरिंग करे कहा। किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निराकरण करे। नागरिको व पार्षदों द्वारा बताये गये कार्य तथा उनकी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करे। इसके अलावा उन्होंने सभी उप अभियंताओ से कहा कि निर्माण कार्यो के अलावा अपने अपने क्षेत्र में अतिक्रमण भी देखे और अतिक्रमण पर नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही करे। इसी प्रकार अवैध प्लाटिंग की जॉच कर संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर प्लाट ध्वस्त करे। इसके अलावा वार्ड में बिजली, पानी व अन्य कार्य की भी मानिटरिंग कर समस्या पर उसका निराकरण करावे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने वृक्षारोपण के संबंध में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी वृक्षारोपण के लिए अपने अपने वार्ड में स्थल चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए ऐसे स्थल का चयन करे जहॉ पौधे सुरक्षित रहकर पेड़ का रूप ले सके। वृक्षारोपण उपरांत उसकी उचित देख भाल करना है इस संबंध में आस पास के लोगो एवं वार्डवासियो को वृक्षारोपण से जोड पौधे की सुरक्षा करने समझाईस देवे। शासन की मंशानुरूप वोमेन फार ट्री तथा एक पेड मॉ के नाम पेड लगाने निर्देशित किया गया है, इस संबंध में जारी दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करे। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री दीपक खांडे, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व श्री वसीम खान सहित उप अभिंयतागण उपस्थित थे।

# समय पर हर कार्य करने का महत्व :पूनम दीदी



**भिलाईनगर,** 11 जून (देशबन्धु)। छ.ग. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित नौ दिवसीय गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर के आठवें दिन तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि समय पर हर कार्य करने का विशेष महत्व होता है। समय पर कार्य न करने से चिंता तनाव होता है। सतयुग में सृष्टि पर भारत में देवी देवताओं का राज्य था, जहां शांति, खुशी, निश्चिंतता, सुखचैन अथाह धन सम्पदा वैभव था वहां आपसी संबंधों में निस्वार्थ प्यार था। उसी सतयुग स्वर्णिम भारत का गायन है। जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती थी बसेरा, वह भारत देश है। मेरा त्रेतायुग के अंत की जनसंख्या 33 करोड़ थी। आदि सनातन देवी देवता धर्म दैवीय संस्कृति जिसका शास्त्रों में 33 करोड़ देवी देवताओं का गायन है। फिर सृष्टि में काल चक्र द्वारा कलयुग का आगमन हुआ। जिसमें आत्मा रूपी बैटरी की डिग्री 0 हो गई. न तन का सुख, न मन का सुख, न संबंधों का सुख, अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, फास्ट फूड फास्ट ड्राइव फास्ट डेथ आदि बढ़ गए। समय परिवर्तनशील है, युग परिवर्तन का समय आ गया है। विश्व पटल पर भारत पुनः सोने की चिड़िया स्वर्णिम भारत के रूप में प्रत्यक्ष होगा। शिविर के अंतिम चरण में महाविजय उत्सव मनाया गया। जिसमें शंख, घंटी लेकर जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती थी बसेरा। गीत के साथ ब्रह्माकुमारी बहनें हाथ में शिव ध्वज लेकर तथा भारत माता द्वारा लहराते तिरंगे के साथ पीस ऑडिटोरियम के मंच पर प्रवेश होने पर मानो स्वर्णिम भारत सतयुग का आगमन खुशी उमंग उत्साह की किरणे संपूर्ण अंतर्दीशा भवन में प्रवाहित हो गई। विशेष हवन कुण्ड में पंडित द्वारा तनाव, भय, क्रोध, घृणा, डिप्रेशन, ईर्ष्या, हृदयरोग, सिरदर्द, डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, व्यसन गुटका, बीड़ी सिगरेट, शराब तंबाकू, सभी कमी कमजोरियों, सभी दुःख.अशांति स्वाहा करवाया गया आज सभी ने अपनी अपनी कमजोरी परमात्मा को सामने रखते हुए कागज पर लिखकर उसी हवनकुण्ड अग्नि में स्वाहा किया यानि उन्हें समर्पित किया।

## केसीजी पुलिस यातायात नियमों का पालन करने लोगो को कर रहा जागरूक



**खैरागढ़,** 11 जून (देशबन्धु)। केसीजी पुलिस द्वारा एक ओर लगातार समझाईश देते हुए चालानी कार्यवाही की जा रही है वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए जय स्तंभ चौक छुईखदान में जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने तथा 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों मे एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने, राहवीर (गुड सेमेरिटन), तथा दुर्घटना मे घायल का नगद रहित इलाज के संबंध में जानकारी एवं समझाईश दी गई। इसके साथ ही यातायात से संबंधित सुगम, निर्बाध, सुव्यवस्थित आवागमन सुचारु रूप से संचालन किये जाने की भी अपील की जा रही है।

## भाजपाइयों ने नगर के राशन दुकानों में मनाया चावल उत्सव

**बागबाहरा**, 11 जून (देशबन्धु)। आज बुधवार को भाजपा शहर मंडल बागबाहरा की अध्यक्ष सुश्री डिंपल डाली ध्रुव के नेतृत्व में बागबाहरा शहर स्थित वार्ड 3, 4 और 5 के शासकीय राशन दुकानों में चावल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा पूरे राज्य भर में भाजपा सरकार द्वारा बरसात के दिनों में राशन हितग्राहियों को असुविधाओं से बचने के लिए अगले 3 महीने का चावल जून में ही वितरित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने भूखमरी के दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले की सरकार थी तो हमने किस प्रकार से लोगों को भूख से मरते हुए देखा है। लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद गरीब को भूखे पेट सोने की समस्याओं से छुटकारा मिला है। इसके साथ-साथ साहू जी ने नगर क्षेत्र बागबाहरा में चल रहे विकास कार्यों की भी तारीफ की। और राज्य सरकार की नारी शक्तिकरण रूपी महतारी वंदन योजना से मिल रही मातृशक्ति की सहूलियत और सहायता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की है। मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी कठिनाई के जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। चावल वितरण के दौरान हितग्राहियों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती अलका चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, शंकर तांडी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुबेलाल साहू, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष बाला चंद्राकर, पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, राहुल अग्रवाल, पार्षद सविता दीवान, प्रीति महेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन देवांगन, दुर्गा वस्त्रकार, रफीक खान, हितेंद्र देवांगन, योगेश चिन्दा, अजीत तांडी, भोजनाथ देवांगन, लुभान चंद्राकर के साथ वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

## राष्ट्रहित में समृद्ध भारत सम्मेलन का होगा आज आयोजन

### मुख्य वक्ता होंगे संजय विनायक जोशी



**बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर के जिला अडिटोरियम में 12 जून गुरूवार को शाम 4 बजे से समृद्ध भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संजय विनायक जोशी पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (भाजपा) उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा उक्त सम्मेलन में अन्य विद्वतजनों का सानिध्य एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। समृद्ध भारत की अवधारणा के लिए आयोजित इस महती सम्मेलन के आयोजक बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद कुमार शर्मा है। श्री शर्मा ने राष्ट्रहित में आयोजित समृद्ध भारत सम्मेलन में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## रेडी टू ईट आपूर्ति हेतु दावा आपत्ति 18 तक

**बलौदाबाजार**, 11 जून (देशबन्धु)। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने हेतु प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करते हुए प्रावधिक सूची जारी किया गया है। सूची में दावा आपत्ति करना हो तो 18 जून 2025 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-बलौदाबाजार में डाक या कोरियर के माध्यम् से निर्धारित तिथि एवं समय में प्रस्तुत कर सकते है।

## महापौर मधुसूदन यादव आज वार्ड नं. 22 व 45 में विकास कार्यों के लिए करेंगे भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराए जाते है। इसी कडी में वार्ड नं. 22 व 45 में स्वीकृत कार्य के तहत सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए कल दिनांक 12 जून गुरूवार को महापौर मधुसूदन यादव भूमिपूजन करेंगे। विकास कार्य के तहत वार्ड नं. 45 में विकास कार्य कराने दोपहर 12 बजे अटल आवास के पास सामुदायिक भवन एवं जीवन कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा भूमपूजन किया जावेगा। इसी कडी में वार्ड नं. 22 के लिए स्वीकृत कार्यो में सीमेंट कांकिटींग रोड निर्माण तथा अनुपम नगर उद्यान में व नीलगिरी पार्क में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए वार्डवासियो की उपस्थिति में दोपहर 12:30 बजे अनुपम वाटिका अनुपम नगर में भूमिपूजन करेंगे।

## स्व. अनूप अग्रवाल को दी गई श्रद्धांजलि



**थान खम्हरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज सहित नगर के अनेक प्रबुद्ध लोगों तथा संस्थाओं ने नगर के स्व. अनूप अग्रवाल (गोलू) को श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर के युवक अनूप अग्रवाल उम्र 38 साल पिता स्व. जयप्रकाश अग्रवाल का बीमारी के बाद 8 जून को दुखद निधन हो गया था। श्रद्धांजलि बैठक 15 जून को तथा पगड़ी रस्म 19 जून को रामजी लाल जगदीश प्रसाद भवन में आयोजित है।

## 36 लीटर अवैध देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**फिंगेश्वर,** 11 जून (देशबन्धु)। नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे आज दिनांक 10.06.2025 को जरियें मुखबीर से थाना प्रभारी फिंगेश्वर को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बरभांठा आरोपी दुलेश्वर यादू उर्फ मोनू यादू के द्वारा क्षेत्र में दो अलग-अलग सफेद रंग के बोर में 200-200द्रद्य भरा हुआ, कुल 36.000 बल्क लीटर कीमती 20,000 रूपए है। अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखे है। कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ कर तलाशी लिया गया। जिसके कब्जे से देशी शराब प्रत्येक में 200-200द्रद्य भरा हुआ, *कुल 36.000 बल्क लीटर कीमती 20,000 रूपए* को अपने कब्जे मे रखा होना पाया गया। आरोपी से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध मे वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई कागजात नही होना बताया। प्रकरण में आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया।

## किल्लापारा के युवा धर्मप्रेमियों में अलख जगाने हर मंगलवार को कर रहे हनुमान चालीसा का पाठ



**खैरागढ़**, 11 जून (देशबन्धु)। नगर के किल्लापारा में युवाओं के द्वारा धर्मप्रेमियों में अलख जगाने हर मंगलवार को भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर भक्तों को प्रसादी का वितरण भी कर रहे है। वार्ड के युवा प्रकाश राजपूत ने बताया कि वार्ड के युवाओं सहित महिला, बुजुर्ग व बच्चें प्रति मंगलवार भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ भी करते हैं जिससे पूरा वार्ड भक्तिमय हो जाता है। इसके साथ ही वार्डवासियों सहित राहगीरों को प्रसादी का वितरण भी किया जाता है। उक्त भक्तिमय कार्य को संपन्न कराने में वार्ड के युवा प्रकाश सिंह, भागवत यादव, सुधीर तिवारी, रमन तिवारी, विक्की यादव, सन्नी यादव व जित्तू यादव सहित युवाओं का योगदान रहता है।

## लोहरसी में इन्द्रजीत के हाथों 11 लाख 38 हजार का नवीन तालाब का हुआ भूमिपूजन

**राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम लोहरसी में महात्मागांधी रोजगार गारेंटी के तहत 11 लाख 38 हजार के लागत से ग्राम रवेली सरहद से लगे आम बगीचे के पास बुधवार को जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक के हांथो सुबह 7 बजे गाँव के देवी देंवताओ को स्मरण कर के विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया जिसके बाद गाँव के सभी मजदूरों ने श्रीफल तोड़कर नवीन तालाब का शुभारम्भ किया गया बता दे की गाँव के सरहद में तालाब बनने से बेजुबान जानवर व् आस पास के किसानो तथा ग्रामीणों को पानी की उत्तम सुविधा मिलेगी



जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक ने कहा की गाँव के हर कोने में एक सर्व सुविधा युक्त तालाब होना चाहिए जिससे लोगो वा पशु पक्षियों व् पेड़ पोधो को पानी मिल सके नवीन तालाब में सभी मजदूरो को कहना चाहूँगा की भीना किसी पेड़ पौधे को नुकशान पहुंचाए कार्य करेंगे क्योकि पेड़ लगाने और उसे बड़े होने में काफी समय लगता है और पेड़ पोधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है सभी तालाब के चारो तरफ एक एक पेड़ जरुर लगायेंगे ताकि तलब का सौन्दर्य बना रहे और छाँव मिले आगे उन्होहे सभी को कहा की मन लगाकर काम करे और गाँव के विकास में अपना योगदान दे . इस दौरान ग्राम सरपंच लोमस साहू जनपद सदस्य नीता साहू उपसरपंच निलेश टंडन भाजपा मंडल कोपरा अध्यक्ष गोपी ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू भूतपूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू भुतपूर्व सरपंच घनश्याम पटेल हरख साहू रामदयाल टंडन माधो यादव जागेश्वर साहू कोमल ठाकुर राजकुमार यादव सोहन साहू सचिव ओमप्रकाश सिन्हा सहित काम में आये गाँव के मजदूर गन मौजूद रहे।

## निधन

### श्रीमती मंजू पारवानी



**रायपुर,** 11 जून। होली हार्ट स्कूल के पास, सिविल लाइन, रायपुर निवासी श्रीमती मंजू पारवानी (पति स्व. अशोक पारवानी) का आकस्मिक निधन बुधवार 11 जून को हो गया है। वे 62 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार, 12 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिलीप व विनय पारवानी की माता, सुनील, मनोज, नीरज व करनजीत पारवानी की चाची और राजकुमार व अनूप पारवानी की भाभी थीं।

### मुंद्रा देवी तिवारी



**भिलाई,** 11 जून। आमदी नगर हुडको निवासी मुंद्रा देवी तिवारी उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार की दोपहर एमआईजी-2/140 हुडको से निकली और दुर्ग शिवनाथ नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। वे विश्वास तिवारी, उमेश तिवारी और वशिष्ठ तिवारी की मां थीं।

## रेत तस्करों के हौसले बुलंद, अवैध रेत उत्खनन को लेकर चली गोली, युवक घायल



**राजनांदगांव,** 11 जून (देशबन्धु)। शहर से कुछ दूर पर स्थित वार्ड क्रमांक 49 मोहड़ में अवैध रेत खनन को लेकर गोली चलने की खबर ग्रामीणों में हैद्य वार्ड में बेहद तनाव की स्थिति निर्मित है पुलिस को वहां पर रोक लिया गया है। पुलिस के वाहन को रोकने में महिलाओं को सामने किया गया बताया जाता है कि एक युवक जिसका नाम रोशन मंडावी है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### योगेश तिवारी ने ...

सेवा भाव से परिपूर्ण जीवन अनेक परिवारों के लिए मार्गदर्शक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह जोड़ी सदा स्वस्थ, प्रसन्न और सक्रिय बनी रहे। भारतीय जनता पार्टी के भीतर और सनातन संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले योगेश तिवारी की यह भेंट रमुलाकात के दौरान बेमेतरा के जिला पंचायत के बारे में चर्चा की और जानकारी ली वर्तमान परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श किया।

डा. रमन सिंह ने योगेश तिवारी से मां गोदावरी आंनद वंन के बारे में भी जानकारी ली और समाजजिक कार्यों सराहना की।

# रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



**गुण्डरदेही,** 11 जून (देशबन्धु)। जनपद सदस्य एवं सभापति गुलशन साहू ने 10 जुन को अपने जन्मदिन धुमधाम से मनाई गई इस अवसर पर उन्होने सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में निःशुल्क स्वास्थ शिविर व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था जहां आंखों की चेकअप व आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा 31 लोगों ने रक्त दान किया एवं 103 लोगो ने स्वास्थ परीक्षण करवाया राम कृष्ण केयर अस्पताल रायपुर, एमजीएम आई हॉस्पिटल रायपुर, मल्टीस्पेसिटी हॉस्पिटल और एक्सपर्ट डाक्टरों की टीम द्वारा जांच किया गया सभापति गुलशन साहू ने स्वयं रक्त दान किया साथ ही स्वेच्छा से 30 लोगों ने भी रक्त दान किया एवं उनके जन्म दिन की बधाई दी।

**ये रहे उपस्थित**

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, प्रमोद जैन नगर पंचायत अध्यक्ष,जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय,जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष नीतिश यादव,,जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, शमशाद बेगम,नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर,महामंत्री विनोद चंद्राकर, हेमन्त साहू, थानसिंह मंडावी विकास जैन कोषाध्यक्ष कमलेश पाण्डे, छगन सोनकर,जनपद सदस्य, कौशल किशोर साहू, हेमलता देशलहरा, देविका बंजारे, संध्या मनोज खरे, किरण तारम, ममता सेन, टिकेश्वरी साहू, हीना देशमुख, सरपंच महेन्द्र साहू, सती साहू, नुज बाई देशमुख, महेन्द्र सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र साहू स्वीपनिल शर्मा, पंकज साहू,छत्रपाल देशमुख, आदित्य पाण्डे, मनोज साहू, भुवन लाल साहू, सुरेन्द्र हिरवानी, रविकांत साहू, हेमंत मार्कण्डेय, लोकेश पवार, दिलेंद्र साहू, श्रवण जोशी, केके साहू, देवेन्द्र साहू, छमन साहू, प्रीति साहू, जया साहू, तारामति साहू, चंद्रिका साहू,रविकांत साहू, मंथीर साहू, भुषण साहू, अविनाश सिंह, युमल ठाकुर, लोकेश निर्मलकर सहित जनपद क्षेत्र के ग्रामीण जन के आलावा रायपुर से आए डाक्टर व अन्य उपस्थित रहे।

## सशक्त एप के माध्यम से चोरी हुए वाहन को बरामद करने में पुलिस को मिल रही लगातार सफलता

**बालोद,** 11 जून। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग दुर्ग रेंज दुर्ग द्वारा चोरी की गाडियों, लावारिस गाड़ियों का पता लगाने हेतु सशक्त एप लांच किया गया है। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में थाना क्षेत्राअंतर्गत लगातार सघन पेट्रोलिंग के दौरान बीते मंगलवार को वाहनों को चेंकिग किया जा रहा था चेकिंग के दौरान दैहान जंगल में लावारिस हालत में हिरो पैशन प्रो खड़ी मिली जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। जिसे सशक्त एप के माध्यम से सर्च किया गया जो मोटर सायकल का वाहन स्वामी संदीप पाण्डेय पिता एस एन पाण्डेय उम्र 35वर्ष निवासी जामुल भिलाई जिला दुर्ग का होना पाया गया। उक्त मोटर सायकल के चोरी होने के संबंध में थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग में 04 अप्रैल 2022 को अपराध पंजीबध्द होना पाया गया है। मोटरसाइकिल को थाने में सुरक्षित रख संबंधित थाने को सूचित किया गया है।

# सद्गुरू कबीर की वाणी और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत: उपमुख्यमंत्री

**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम कारेसरा एवं लोहारा रोड स्थित कबीर कुटी, कवर्धा में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने श्री सतगुरू कबीर साहब के तैल्य चित्र में पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया। उन्होंने श्रद्धा के साथ सतगुरु के आदर्शों को नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सहित विशेष रूप से कबीरधाम जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने कवर्धा के सद्गुरु कबीर युवा मानिकपुरी पनिका समाज भवन में निर्माण कार्य और ग्राम कारेसरा में कबीर कुटी के लिए 10 लाख रुपए, वार्ड नंबर 6 में 6 लाख रुपए का सामुदायिक भवन और 6 लाख रुपए का सीसी रोड निर्माण की घोषणा की।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब का जीवन-दर्शन और उनका चिंतन आज के समाज में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पूर्व था। वे न केवल एक संत थे, बल्कि सामाजिक सुधारक, जनचेतना के वाहक और आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनकी वाणी में सामाजिक विषमता, पाखंड और अंधविश्वास के विरुद्ध गहरी चेतना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब के विचार जात-पात, धर्म, भाषा और वर्ग से ऊपर उठकर समूची मानवता को जोड़ने का कार्य करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ने जीवनभर सादा जीवन, उच्च विचार और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, जिसे हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लें और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय संत-महात्माओं द्वारा कबीर वाणी, प्रवचन एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। कबीर पंथी परंपरा के अनुसार च्साखीज्, च्सबदज् एवं च्रमैनीज् की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। संतों ने कबीर साहेब के जीवन प्रसंगों, शिक्षाओं एवं सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज कई प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है, तब सद्गुरु कबीर साहेब की शिक्षाएं हमें सद्भाव, सहयोग और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस गरिमामय अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, कबीरपंथीय संत समाज, विभिन्न सामाजिक संगठन, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्हभेंट किया गया।

# जमीन के मुआवजे के लालच में भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर चाचा की हत्या

**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा एक संवेदनशील हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रभटोला,पुलिस चौकी पोड़ी अंतर्गत हुए हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी भतीजे एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है।



02 जून 2025 को चौकी पोंडी में साहेबदास कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चाचा अगमदास कुर्रे की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई है। प्रारंभिक मर्ग जांच के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में च्होमीसाईडल डेथज् की पुष्टि होने पर थाना बोडला में अपराध क्रमांक 89/25 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान परिस्थितियों को देखते हुए संदेह के आधार पर मृतक के भतीजे साहेबदास कुर्रे (उम्र 45 वर्ष) एवं उसकी पत्नी सरोज बाई कुर्रे (उम्र 42 वर्ष), निवासी प्रभाटोला को पूछताछ हेतु बुलाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जमीन के मुआवजे की राशि प्राप्त करने के लालच में हत्या करना स्वीकार किया।

आरोपी साहेबदास ने बताया कि उसने टंगिया से हमला कर चाचा अगमदास की हत्या की। आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त धारदार टंगिया एवं उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र 09 छ्व8364 को जप्त किया गया।

सरोज बाई द्वारा घटना के समय पहने वस्त्र भी जप्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# आंधी तूफान से वाटर एटीएम का ढांचा गिरा

**थानखम्हरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा लोगों को सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराने के लिए बहुचर्चित वाटर एटीएम नीति शुरू की गई है। वही आंधी तूफान के चलते ही वाटर एटीएम का ढांचा ध्वस्त हो गया। ज्ञात हो कि लगभग 3 साल से वाटर एटीएम पानी सप्लाई बंद है। कई बार 1100 नंबर में कॉल करने के बाद भी सुधार नहीं किया गया। इस संदर्भ में कलेक्टर महोदय व अनुविभागीय अधिकारी से भी चर्चा की गई। उसके बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया। नगर के आधी से ज्यादा आबादी को फिल्टर पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आंधी से पूरी तरह उजड़ चुके वाटर एटीएम की सूध अभी तक विभाग द्वारा नहीं ली गई है। नए सिरे से वाटर एटीएम की व्यवस्था हो जाने से ही नगर वासियों को सुविधा मिलने लगेगी नगर वासियों ने वाटर एटीएम को शीघ्र सुधार करने की मांग की है।



लोग खारा पानी पीने मजबूर है जिसके कारण विभिन्न किस्म की बीमारियां उत्पन्न हो रही है जो प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रही है।

# मानस संघ ने श्रीराम ध्वज यात्रा का सांसद विजय बघेल और पूर्व विधायक बाफना को दिया न्योता

**थानखम्हरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। मानस संघ साजा के तत्वावधान में दिनांक 14 जून 2025 को श्री राम ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन हेतु संघ के अध्यक्ष भरत साहू के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल दुर्ग सांसद विजय बघेल, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय एवं पूर्व विधायक साजा लाभचंद बाफना को आमंत्रण देने पहुंचे जहां सभी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की।



इस भव्य यात्रा में अनेक संत-महापुरुष एवं जनप्रतिनिधि विशेष रूप से सहभागी होंगे। प्रमुख अतिथियों में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज जी (सलधा आश्रम), सांसद विजय बघेल, सांसद संतोष पांडे (राजनांदगांव लोकसभा), विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना तथा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा का शुभागमन सुनिश्चित हुआ है। ये सभी श्रद्धेय अतिथि भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा गाड़ाडीह (पड़पोड़ी) से प्रारंभ होकर गाजे-बाजे, धर्म ध्वज तथा सैकड़ों श्रद्धालु कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न ग्रामों से होती हुई ग्राम पतोरा में समापन को प्राप्त होगी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक सामाजिक और धार्मिक संगठन इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

# आईसेक्ट बालोद को सम्मानित किया गया



**बालोद,** 11 जून (देशबन्धु)। विगत दिनों हॉटल बेबीलोन कैपिटल रायपुर में आयोजित आईसेक्ट की दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में आइसेक्ट बालोद को वर्ष 2024-25 का बेस्ट एजुकेशन सेंटर से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संस्था प्रमुख प्रीति देशमुख ने आईसेक्ट लिमिटेड के वाइस चेयरमैन डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, सी व्ही रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रदीप घोष पद्मश्री फूलबासन बाई यादव के हाँथो ग्रहण किए। ज्ञात है कि बालोद शहर में 1998 से संचालित आइसेक्ट कंप्यूटर बालोद शहर का सबसे पुराना एवं विश्वसनीय कंप्यूटर सास्थान है और इन 27 वर्षों में 6075 लोगो को कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर बालोद के युवाओं को रोज़गार एवं स्वरोज़गार दिलाने में महती भूमिका निभायी है।

# शितला सामुदायिक भवन निर्माण हेतु सरपंच नंदकुमारी ठाकुर ने किया भूमि पूजन

**थानखम्हरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत बरगा में शितला सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती नंदकुमारी ठाकुर के नेतृत्व में पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया।



इस अवसर पर सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि डोमार वर्मा, दादु साहू, जोहन पाल, श्रवण साहू और ग्रामीणजन पं. नीलधर तिवारी अंतराम साहू, गौतम साहू, सम्मन वर्मा, हेमंत साहू, थानसिंह साहू, भागवत साहू, अरूण साहू, अजय साहू, मोनू साहू, दादु वर्मा, उत्तम वर्मा तथा सूरज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सामुदायिक भवन की स्वीकृति एवं विकास कार्यों में सहयोग के लिए समस्त ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री अरूण साव के प्रति आभार प्रकट किया।

# पुलिस ने चंद घंटे में सुलझाया हत्या की गुत्थी

**बालोद/दल्लीराजहरा** 11 जून (देशबन्धु)। थाना डौंडीलोहारा को बीते मंगलवार को लगभग 2:30 बजे सूचना मिली कि देसी विदेशी मदिरा शॉप डौण्डीलोहारा के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना स्टाफमौके पर रवाना हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर द्वारा तत्काल घटनास्थल को सुरक्षित रखने एवं आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में निर्देश दिया गया। एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में घटनास्थल को प्रिजर्व कर चश्मदीद गवाहों से पूछताछ कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर यह तथ्य सामने आया कि मृतक विजय बघेल पिता स्वर्गीय खोलबहरा बघेल उम्र 40 वर्ष राजा पारा डौंडीलोहारा शराब भट्टी के पास बैठा हुआ था आरोपी जालम आमदो पिता मनराखनलाल आमदो उम्र 31 वर्ष भालूकोनहा थाना डौंडीलोहारा शराब लेने आया था इसी दौरान दोनों के मध्य शराब पीने की बात को लेकर विवाद हुआ विवाद बढ़ने पर नजदीक में ही रखे लोहे के चौकोर पाइप से आरोपी ने मृतक के सिर पर वार कर दिया जिससे मृतक की मौके पर मृत्यु हो गई। उक्त घटना की सूचना पर थाना डौंडीलोहारा में अपराध कायम कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डौंडीलोहारा मुकेश सिंह सहायक उप निरीक्षक अनित यादव लक्ष्मण नौरंग प्रधान आरक्षक दिगंबर यादव, अरविंद यादव थाने के स्टाफका महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# रायपुर में हुआ राष्ट्रीय स्वर्णकार समाज की बैठक

■ विधायक सुनील सोनी ने कहा समाज के हर सदस्य के साथ खड़ा हूं और रहूंगा

■ प्रत्येक राज्य में स्वर्ण कला बोर्ड की स्थापना हो: नरेंद्र सोनी



**खैरागढ़,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के विभिन्न प्रांतो से पहुंचे प्रमुख पदाधिकारी की गरिमामय संयुक्त बैठक मोती महल रायपुर में आयोजित की गई जिसका एकमात्र ध्येय सबका साथ सबका विकास है। बैठक में सबसे खास बातें रही की समाज के सदस्यों जो बड़े पदों पर आसीन प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवी, राजनीति एवं व्यापार से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे जो कभी भी अपने समाज सेवा को किसी कमरे में कैद ना करके महसूस कर सकने वाली भाव से निरंतर समाज सेवा करते आ रहे हैं। बैठक में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने खुशी जाहिर करते हुए समाज को संगठित करने पर जोर दिया वहीं राष्ट्रीय संयोजक की भूमिका में रहे जयप्रकाश सोनी बेंगलुरु और अशोक वर्मा कोलकाता ने केंद्र सरकार द्वारा कराए जाने वाले जाति जनगणना सर्वे का स्वागत करते हुए समाज के सभी लोगों को इस सर्वे में भाग लेने का आव्हान किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक एके सोनी और संतोष गुप्ता ने समाज के सभी युवाओं से अपील किया कि सोनी समाज के लोग जो अलग-अलग सरनेम लिखते हैं वह जाति जनगणना सर्वे में बढ़-चढ़कर भाग लेकर मौलिक रूप से सोनी जाति का ही उल्लेख करें ताकि आपस में वैवाहिक संबंध स्थापित कर रिश्तो को और मजबूत बनाया जा सके विजय सोनी के द्वारा समाज उन्नति के लिए योजना क्रमबद्ध ढंग से बताया गया वही डॉ. मनीष गुप्ता के द्वारा समाज की उपलब्धियां को व वर्णो को बताकर समाज के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। समाज के सबसे वरिष्ठ सदस्य सतीश सोनी के द्वारा समाज के सभी सदस्य को मदद कर एक दूसरे का पूरक बनकर कार्य करने की रूपरेखा बताई गई वही इलेक्ट्रिकल इंजीनियर विनोद वर्मा के द्वारा समाज को इस आर्टिफिशियल युग में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। पत्रकार हरिशंकर सोनी द्वारा समाज के संघर्षों को बता कर उसके समाधान पर भी ध्यान देने के लिए सबसे अपील की गई। संयुक्त संचालक एके सोनी और संतोष गुप्ता महाविद्यालय संचालक ने समाज के उच्च शिक्षा को लेकर कार्य योजना प्रस्तुत किया वही आपस में वैवाहिक संबंधों को लेकर सदस्यों से चर्चा की गई। समाज के युवा सदस्य नरेंद्र सोनी ने स्वर्ण कला बोर्ड की स्थापना प्रत्येक राज्य में गठित हो इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया। बैठक में सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण, अंकित सोनी पुणे, नानकराम सोनी बिल्डर जयपुर, जयप्रकाश सोनी बेंगलुरु, अशोक वर्मा डायरेक्टर एयरपोर्ट कोलकाता, अवनीश सोनी संयुक्त संचालक आईटीआई बिलासपुर, रविकांत सोनी जिला खनिज अधिकारी, संतोष गुप्ता शिक्षाविद राहोद जांजगीर-चांपा, सतीश सोनी समाजसेवी भिलाई, दुर्गा प्रसाद सोनी सराफा व्यवसायी, डॉ. मनीष गुप्ता डेंटल सर्जन, डॉ. अखिलेश स्वर्णकार ऑर्थोपेडिक्स सर्जन, विजय सोनी उपसंचालक श्रम विभाग, प्रभात सोनी जीएसटी अधिकारी, हरिशंकर सोनी पत्रकार, कृष्णकांत सोनी असिस्टेंट जनरल मैनेजर रायपुर एयरपोर्ट के साथ अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# पिपरिया वार्ड में नवीन राशन दुकान का विक्रांत सिंह ने किया शुभारंभ

**खैरागढ़,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के पिपरिया वार्ड में एक नवीन राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। इस राशन दुकान का उद्घाटन केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर विक्रांत सिंह ने कहा कि पिपरिया वार्डवासियों को अब राशन के लिए अन्य वार्ड या दुकानों में भटकना नहीं पड़ेगा। यह दुकान लोगों की सुविधा और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खोली गई है, जिससे अब सुलभ और समय पर राशन वितरण सुनिश्चित हो सकेगा।

**हितग्राहियों को तीन महीने का राशन देकर की शुरुआत**- इस अवसर पर राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण किया गया। विक्रांत सिंह ने स्वयं हितग्राहियों को चावल तौलकर वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन महीने के चावल एकमुश्त मिलने से बरशात के समय हितग्राहियों को परेशानी न हो इसके लिए सरकार एकमुश्त चावल वितरण कर रही है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है।



**राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**-विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के सहयोग से वार्ड की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी सकारात्मक प्रयासों का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, विकेश गुप्ता, कृष्णा वर्मा, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, आयश सिंह, रूपेंद्र रजक, मोनिका रजक, देवीन बाई कोठले, कीर्ति वर्मा, नंद चंद्राकर, चेतन निषाद, गिरवर पटेल, शैलेन्द्र वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, देवकरण वर्मा, राजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# माँ भद्रकाली जिला मानस संघ की बैठक

■ बेबी साहू बनीं तहसील उपाध्यक्ष, पीताम्बर पटेल व खेलन सिंह राजपूत को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी



**थानखम्हरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम खैरझिटी में माँ भद्रकाली जिला मानस संघ की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी के पूजन-अर्चन से हुई, जिसके पश्चात संघ की एकता, सशक्तिकरण एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री देवलाल सिन्हा ने की, जिनके मार्गदर्शन में संगठन के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। बेबी साहू (नवागांव) को तहसील बेमेतरा उपाध्यक्ष के दायित्व का दायरा सौंपा गया, वहीं श्री पीताम्बर पटेल एवं श्री खेलन सिंह राजपूत को जिला संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी समय में खैरझिटीकला में व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक चेतना, स्वास्थ्य जागरूकता तथा साहित्यिक रुचियों को प्रोत्साहित करना रहेगा।

इस बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, डा. ओंकार चंद्राकर, बिहारी यादव, राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव, विष्णु साहू, छगन साहू, महेंद्र चौहान, आत्माराम पटेल, गुहाराम, ओम यदु, ईश्वर चंद्राकर, अजय यादव, ईश्वर सिन्हा, गजेंद्र वर्मा, राम किशोर वैष्णव, माखन साहू, सोहन, दीपक सिन्हा, कल्याणी सेन, लोकेंद्र सेन, नरेन्द्र जायसवाल, ललित साहू, रवि मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी एवं मानस मंडली सदस्य उपस्थित रहे।

# पंडरिया नगर को स्वच्छ, समृद्ध और विकसित बनाने के लिए संकल्प जारी: भावना बोहरा

■ विधायक बोहरा ने पंडरिया नगर में 92 लाख से अधिक के नवीन वाहनों एवं उपकरणों का किया लोकार्पण

**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। पंडरिया नगर को विकसित, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार में निरंतर विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण और जनता की सुविधाओं के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया नगर को स्वच्छ बनाने एवं नगर पालिका परिसद अंतर्गत विभिन्न कार्यों के सुचारू रूप संचालन हेतु 92 लाख 27 हजार रुपए से ख़रीदे गए वाहनों एवं विभिन्न उपकरणों का लोकार्पण कर नगरवासियों को बधाई दी। इस दौरान भावना बोहरा ने नगर को स्वच्छ बनाने के लिए 1 जेसीबी, 2 मिनी टिप्पर, डोर टू डोर कचरा एक्तात्रित करने के लिए 6 ई-रिक्शा, 1 ट्रेक्टर एवं ट्रॉली, 1 लो बेड ट्रेलर एवं 10 व्हील बैरो का लोकार्पण किया। नगर पालिका परिषद पंडरिया में इन नवीन वाहनों और उपकरणों के शामिल होने से अब नगर को स्वच्छ बनाने एवं विभिन्न क्षेत्रों में कचरे का प्रबंधन करने में आसानी होगी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में पंडरिया नगर में हो रहे विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण और सौन्दर्यीकरण के कार्यों से हमारा पंडरिया एक नया स्वरुप ले रहा है। नगर को स्वच्छ बनाने एवं रोजाना निकालने वाले कचरों का प्रबंधन सुचारू रूप से करने के लिए आज इन सभी वाहनों और उपकरण का लोकार्पण किया गया है जिससे अब पंडरिया नगर को स्वच्छ रखने तथा नगर को कचरा मुक्त बनाने के हमारे संकल्प को बल मिलेगा। प्रमुख नालों, तालाबों की निरंतर सफाई होगी, नगर के अंदरूनी इलाकों में डोर टू डोर कचरा एकत्रित किया जाएगा वहीं सड़कों व प्रमुख चौक चौराहों से भी कचरा साफ़ करने में आसानी होगी। कचरा संग्रहण में आसानी होगी जिससे उसका उचित प्रबंधन भी किया जाएगा जिससे पंडरिया नगर को स्वच्छ,स्वस्थ और समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे। हमारे इस प्रयास में नगरवासियों का भी बहुमूल्य सहयोग हमें अपेक्षित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में आमजनों की सार्वजानिक भागीदारी से हम पंडरिया नगर को एक नया स्वरुप देंगे।



उन्होंने कहा कि जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप हम विकसित व समृद्ध पंडरिया बनाने के लिए संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने पूरी तत्परता से आगे बढ़ रहें हैं। पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, विगत डेढ़ वर्षों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण कार्य पूर्णत: की ओर है। पंडरिया बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, नए आवासों की स्वीकृति मिली है। सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर पर उनका संचालन किया जा रहा है जिससे नगरवासियों को लाभ मिल रहा है। डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया नगर को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार अधोसंरचना निर्माण,सौन्दर्यीकरण, सड़कों का निर्माण,सड़क,बिजली,पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है, स्कूलों का उन्नयन किया जा रहा है।

भावना बोहरा ने कहा कि हमने जितने भी संकल्प और वादे आपसे किये हैं उन्हें पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। आगामी समय में अटल संकल्प पत्र और हमर संकल्प पत्र में हमने जो अधोसंरचना विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहयता,पीएम आवास योजना का विस्तार और अन्य जनकल्याण तथा विकास कार्यों को विस्तार देकर पंडरिया नगर को विकास के शिखर पर ले जाने का संकल्प किया है उसे अक्षरशः पूरा करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि पंडरिया को आने वाले समय में समृद्ध व एक विकसित नगर के रूप में विकसित करेंगे जहाँ जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करेंगे। जनता ने भाजपा पर जो विश्वास प्रकट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना भरोसा जताया उसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने निभाया है। जनहित की योजनाओं को धरातल पर लाकर जनता को सीधे उसका लाभ दिलाया है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार को मिटाने का काम भाजपा के सुशासन में हुआ है और आज पंडरिया नगर भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर नगर पालिका पंडरिया की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, समस्त पार्षद, नगर पालिका पंडरिया के अधिकारी व कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने घेरा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय




**पंडरिया,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में साय सरकार के फैसले के विरोध में चरण बद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है इसी तारतम्य में सोमवार को पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में मंडी चौक में सर्वप्रथम नक्सली वारदात में शहीद हुए एएसपी राव को दो मिनट मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित कर सभा की शुरुवात की गई एवं धरना प्रदर्शन कर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यलय का घेराव किया गया । जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए । प्रदेश की साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली सभी ने एक स्वर से युक्तियुक्तकरण का विरोध किया ।

धरना प्रदर्शन में मुख्य प्रवक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि भाजपा शिक्षा में भी भगवाकरण करने जा रही है । सरकारी स्कूल बंद करके आरएसएस की संस्था सरस्वती शिशु मंदिर को फायदा पहुचाने के लिए साय सरकार युक्तियुक्तकरण फार्मूला ले कर आई है । हम सब मिलकर 2028 में ये सरकार को उखाड़ फेकेंगे

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10 हजार स्कूल बंद हो जाएंगे ,शिक्षकों का पद खत्म हो जाएगा । ये सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि डेढ़ साल में साय सरकार सभी वर्गों के साथ छलावा कर रही है । प्रदेश में शालाएं बन्द करके मधु शालाएं खोल रही है । प्रदेश के युवाओं को नौकरी न दे करके हांथो में शराब की बोतल दे रही है । सुशासन तिहार के नाम से सरकार के पैसे का दुरुपयोग कर रही है । आज हर वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है । छोटे छोटे बच्चों का भविष्य खराब नही होने देंगे । कांग्रेस की लड़ाई सरकार के खिलाफ लगातार जारी रहेगी ।

युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि अगर युक्तियुक्तकरण का फ़ैसला वापस नही लिया गया तो इसके सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी । 57000 शिक्षकों का भर्ती का वादा करने वाली सरकार 10 हजार से अधिक स्कूल बंद कर रही है ।

युवा नेता आनंद सिंह ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार अपनी आर्थिक स्थिति सुधारना चाहती है जबकि 10400 से अधिक स्कूलों के बंद होने से बच्चों की शिक्षा पर सबसे गहरा असर पड़ेगा ।

किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार स्कूल बंद कर दारू की दुकान खोल रही है जो की बहुत ही निंदनीय है युक्तियुक्त करण योजना विष्णुदेव साय सरकार की सबसे निम्न स्तर की सोच का नतीजा है ।

सभा को जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर,घनश्याम साहू ,रवि मानिकपुरी,ललित धुर्वे,संजू तिवारी ने सम्बोधित किया ।

सभा के पश्चात रैली के शक्ल में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता साय सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ब्लॉक शिक्षा ऑफिस का घेराव किया जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी । कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया व अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।

धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राधेलाल भास्कर,खोवाराम भास्कर,महिला ब्लॉक अध्यक्ष शारदा सोनवानी,चंद्रभान टन्डन,प्रहलाद निर्मलकर,अंगद शिव,राजकिरण ठाकुर,सुजीत कुम्भकार,दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश सँवरा,सुनील ठाकुर,नानुकलाल गढेवाल, तिरिथ साकत,मनोज राजपूत,शुभाष पूरी गोस्वामी, सुजीत गायकवाड़,शिव गायकवाड़,त्रिलोकचंद निर्मलकर,आशीष गुप्ता,वैभव ठाकुर,सुजल ठाकुर,आशीष साहू,सुसेन चंद्रवशी,सतीश कोठारी,कन्हैया रजक,विमल साहू,प्रिंस प्रताप सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए ।

# भाजपा का संकल्प से सिद्धि अभियान आज से होगा प्रारंभ

## जसविंदर बग्गा बनाए गए जिला संयोजक

**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। केंद्र की मोदी सरकार के 11 पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा देशभर में संकल्प से सिद्धी अभियान चलाया जा रहा है। इसका आगाज सोमवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड् ?डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। उन्होंने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि राजधानी रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। जिले में इस अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए जसविंदर बग्गा को जिला संयोजक बनाया गया है, उनके साथ सहसंयोजक के रूप में अशोक चंद्रवंशी , श्रीमती सविता ठाकुर और मुकेश ठाकुर को रखा गया है. संकल्प से सिद्धि अभियान के



जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने बताया कि इस अभियान में हर दिन शेड्यूल के हिसाब से कार्यक्रम होंगे। जिला एवं मंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

12 जून को कवर्धा जिला मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक सम्मिलित होंगे.

13 से 15 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा.

15 से 17 जून तक वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम, सभी स्तर पर नेताओं का प्रवास भी होगा. 21 जून को योग दिवस का कार्यक्रम होगा.

5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक

पौधरोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे.

23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाई जाएगी।

25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा आपातकाल की बर्बरता का चित्रण करती प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी.

सभी कार्यक्रमों के लिए पार्टी ने जिला और मंडल स्तर पर टोलियों का निर्माण कर उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी है.

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा तिवारी काम्प्लेक्स पंडरिया मे विकासखंड के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं सेवनिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमे समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी, विशिष्ट अतिथि डा. विनोद तिवारी. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की छाया चित्र पर पुष्प तिलक माला पहनाकर की गई।

श्रीमति बोहरा ने कहा की छात्र छात्राओं की प्रतिभाये निरंतर आगे बड़े और राष्ट्र तथा समाज के विकास मे वे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इसके लिए उनको प्रोत्साहित कर उनकी उपलब्धि समाज के बीच मिसाल के रूप मे पेश करना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज को एकत्रित होना है ब्राह्मण समाज पूर्व से ही ज्ञान और विज्ञानं का धनी रहा है जिसके फलस्वरुप भारत के सभी सर्वोच्च पदो पर विद्यमान है जो समय समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम के फलस्वरूप आज के युवा ब्राह्मण समाज को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। बोहरा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया और कहा की आज के यह बच्चे आने वाली पीढ़ी को और मज़बूत करेंगे। उन्होंने समाज के बच्चों को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सिख दी।

अध्यक्षता कर रहे श्री तिवारी ने कहा की आज के युवा पीढ़ी शासकीय कार्य के अलावा राजनितिक क्षेत्र मे भई बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है जो की उत्कृष्ट समाज के निर्माण मे सहभागिता होती है ।डा. विनोद तिवारी ने कहा की ब्राह्मण समाज ने भारत की इतिहास मे अनेक महत्वपूर्ण योगदान दिए है जिसमे धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र शामिल है। सेवनिवृत कर्मचारियों का हुआ सम्मान कार्यक्रम मे शासकीय कार्य मे सेवा निवृत्त हुए कर्मचारी जिन लोगो को सम्मानित किया गया जिसमे रघुनन्दन शर्मा, द्वारिका तिवारी, धनीराम शर्मा, बसंत शुक्ला, सावित्री तिवारी,टेंकेश्वर तिवारी, संतोष पांडेय, संतोष तिवारी,दिनेश तिवारी लोगो को समाज द्वारा श्री फल प्रशासती पत्र साल एवं रामायण देकर सम्मानित किया गया।

# देवधरा नाला पर बनने वाले लिफ्ट इरीगेशन का संजय बैस किया निरीक्षण

- शासन इस परीयोजन निर्माण पर 450 लाख की राशि बजट में शामिल किया
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भाजपा नेता बैस ने माना आभार



**कुसुमकसा/डौण्डी,** 11 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कुसुमकसा से खलारी रोड पर देवधरा नाला में एक विशाल कट बांध बनाकर किसानों के खेत में लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना है द्य इस योजना से ग्राम कुसुमकसा के सैकड़ों किसानों के 300 एकड़ खेत सिंचित होगा द्य अन्नदाता इस योजना के माध्यम से बेहतर किसानी कर पाएंगे द्य इस योजना के लिए राज्य के विष्णु देव साय सरकार ने 450 लाख रुपए की राशि इस योजना के लिए बजट के प्रावधान में रखे है द्य इस योजना को बेहतर बनाने के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा संजय बैंस ने अधिकारियों और किसानों के लिफ्ट इरीगेशन बनने के लिए प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण किया और जल्दी क्रियान्वयन करने के लिए चर्चा भी किए द्य इस योजना के पूर्ण होने से कृषि कार्य के गुणवत्ता में सुधार आएगी तथा किसान भाईयो को उन्नत किसानी के साथ चिंतामुक्त किसानी करने के रास्ता साफ हो जाएगा द्य कुसुमकसा के किसानों के इस मांग को बजट में शामिल करने के लिए संजय बैंस ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद दिए है द्य उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान भाइयों ने विगत कई वर्षों से इस योजना का मांग कर रहे थे द्य राज्य सरकार इस योजना को लागू कर किसानों को बड़ी सौगात दिए है द्य तथा इस लिफ्ट इरीगेशन के बनने से किसान भाइयों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी द्य राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही ग्रामीणों की हर मांग पूरी हो रही है द्य गत दिनों ग्राम चिखली से जुनवानी तक रोड बनने की जो मांग पूरी हुई है वह बहुत बड़ी उपलब्धि है द्य बरसों पुरानी मांग भाजपा सरकार ने पूरी कर दी ,जो दूरी 30 किलोमीटर की थी अब वह सिमट कर मात्र 4 किलोमीटर की रह गई है द्यउपरोक्त स्थल पर उपस्थित किसान भाइयों ने कहा कि हम लोग हमारे जन नेता संजय बैस का आभार व्यक्त करते कि उनके प्रयास से सरकार ने 450 लाख रुपए की राशि हमारे इस योजना के लिए स्वीकृत किए हैं द्य भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के समय ग्रामीणों से जो वादा किया था वह पूराकर दिखाया।हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हमें भरपूर लाभ होगा द्य कृषि कार्य के लिए पानी की समस्या दूर होगी तथा हम लोग चिंता मुक्त किसानी कर पाएंगे द्य समय पर पानी की कमी पूरी हो जाने के कारण हमारे फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आएगी द्य इस अवसर पर सरपंच वेद बाई पिस्दा उप सरपंच नितिन जैन संतोष जैन पंकज जेठवानी सुगरा बेगम खेमीन निर्मलकर दीपक यादव पूर्व सरपंच शिव राम सिंदरामे राजू सिन्हा जगन्नाथ सिवाना कन्हैया भैंसारे गोविंद सिन्हा हरि ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा शासनकाल में तेजी से हो रहा गावों का विकासः डॉ. वीरेन्द्र साहू

- ग्राम झलमला में किया सीसी रोड का भूमिपूजन



**कवर्धा,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार मूलभूत विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम झलमला में 5 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसानो, महिलाओं सहित सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। हाल ही में शासन के निर्देश में गांव-गांव में सुशासन तिहार चलाकर लोगों की समस्याओं व मांगों का समाधान शिविर के माध्यम से किया गया वहीं अब शासन के निर्देश में गांव-गांव में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से निश्शुल्क खसरा, बी-1 नक्शा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसानो और ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यो के लिए भटकना न पड़े। इसके साथ ही शासन द्वारा गांवों के समुचित विकास का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है और ग्रामीणों की मांगों व आवश्यकताओं के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर उन्हे मूर्त रूप दिया जा रहा है। डॉ. साहू ने कहा कि आज इसी कड़ी में ग्राम झलमला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस सीसी रोड़ के मूर्त रूप लेने के बाद ग्रामीणों को वर्षाकाल में आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम सरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अवध चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, शिव चंद्रवंशी, आत्मदेव चंद्रवंशी, रऊफ खान, जावेद बेग, पूसाऊ निर्मलकर एसहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालय परिसरों में अधिक से अधिक पौधरोपण कर उसके सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित की जाएः कलेक्टर

**बालोद,** 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालय परिसरों में अधिक से अधिक पौधरोपण कर उसके सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने विभागवार वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिकए श्री नूतन कंवर एवं श्री अजय किशोर लकरा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने बारिश प्रारंभ होने के पश्चात् गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को अपने बच्चों के नाम से पौध रोपण करवाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जल जतन अभियान के अंतर्गत सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु दिए गए निर्देश पर की गई कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने

- समय.सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। श्रीमती मिश्रा ने 21 जून को जिले में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले मर्ं संचालित केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगतिरत कार्यो का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिससे कि जिले में इन योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफ्ल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु की जा रही कार्यों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप में डीजलए पेट्रोल खरीदने आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने के संबंध में निर्देशित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सड़क में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का सफ्ल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। जिससे कि आम जनता को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

# जिला चिकित्सालय बालोद के जीवन दीप समिति कार्यकारिणी सभा की बैठक में कलेक्टर एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**बालोद,** 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला अस्पताल बालोद के जीवन दीप समिति के अध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवन दीप समिति कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं जीवन दीप समिति कार्यकारिणी सभा के मनोनित सदस्य सर्व यशवंत जैन, चेमन देशमुख, देवलाल ठाकुर, राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, विनोद कौशिक के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाण् महेश सूर्यवंशी, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डाण् आरके श्रीमाली एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा चिकित्सकगण उपस्थित थे। बैठक में जिला अस्पताल की सुरक्षा, परिवेश एवं अन्य आवश्यक कारणों से जिला अस्पताल के मुख्य गेट के सामने अवैध रूप से लगाए गए गुमटी, हाटल आदि को हटाने के अलावा जिला अस्पताल परिसर मं मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन, जलपान आदि की बेहतर सुविधा प्रदान करने कैंटिन निर्माण करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला अस्पताल बालोद में चिकित्सकों एवं आवश्यक मानवीय संसाधनों के अलावा अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिससे की जिला अस्पताल बालोद में मरीजों की बेहतर इलाज के साथ.साथ उन्हें अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक में निर्धारित एजेंडे के आधार पर विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कलेटक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि चिकित्सीय कार्य मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी होती है। इसलिए अस्पताल के प्रत्येक चिकित्सक एवं अधिकारी.कर्मचारियों को विपरित परिस्थितियों में भी मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करना चाहिए। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि यदि चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ व्यवहार सौम्य एवं संयमित हो तो मरीजों को तत्काल राहत मिलने के साथ.साथ बहुत सारी समस्याओं से तत्काल राहत मिल जाता है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट के स्वीकृत कुल पद के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत रेडियोलाजिस्ट की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा बैठक में उपस्थित सदस्यों ने हमर लैब तथा रक्तदान आदि की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल अधीक्षक को रक्तदान हेतु जनजागरूकता अभियान के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला अस्पताल में माईनर एवं मेजन आपरेशन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा जीवन दीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं हाईमास्ट लाईट लगाने की आवश्यकता बताते हुए अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अलावा बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के उपायों के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जिला खनिज न्यास निधि से जिला अस्पताल में जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं जीवन दीप समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए दान दाताओं से मदद की अपील के लिए भी पहल करने को कहा। इसके अलावा जिला चिकित्सालय बालोद से अन्य अस्पताल में रेफ्र करने की आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंश के लिए शुल्क की दर भी निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वर्षा ऋृतु के मद्देनजर सर्पदंश से होने वाले जनहानि की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जीवन दीप समिति के सदस्यों के द्वारा अस्पताल में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी.कर्मचारियों को पुरस्कृत करने तथा मरीजों से फीडबैक लेने के संबंध में भी आवश्यक सुझाव दिए गए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से जिला अस्पताल बालोद की व्यवस्थाओं को उत्कृष्ट बनाया जाएगा। जिले एवं अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

उल्टा पुल्टा

मिंटू (चिंटू से)- कौन कहता है औरतें कभी अपनी गलती नहीं मानती हैं?
चिंटू- क्यों, क्या हुआ?
मिंटू- मेरी बीवी तो रोज यही कहती है कि गलती हो गई तुमसे शादी की.



# लवन नगर में लूटपाट करने वाले 5 आरोपीगण गिरफ्तार



**लवन/बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। लवन नगर में लूटपाट करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट के 2 घंटे के भीतर सभी 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट के आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों द्वारा लवन शराब दुकान के पास बलपूर्वक 49,000 लूटकर फरार हो गए थे। आरोपियों से लूट की रकम 36,000 बरामद किया गया। साथ ही लूट की घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया।

11 जून 2025 को प्रार्थी पीतराम पैकरा निवासी ग्राम कोहरौद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 10 जून 2025 को पैसा निकालने के लिए गांव के रामसिंह खांडे के साथ उसके मोटरसाइकिल से बलौदाबाजार गए, जहां बैंक से 49,000 निकाले, जिसमें से 1000 लेनदेन कर खर्च किया एवं वापस आते समय लवन शराब भट्टी पहुंचे, जहां पर 500 का शराब खरीद कर वापस जाने के लिए निकले ही थे। तभी एक अज्ञात लड़का उनके पास पहुंचकर झगड़ा विवाद करते हुए प्रार्थी एवं उसके मित्र को बाइक से नीचे उतार लिया। साथ ही उस अज्ञात लड़के के 04 अन्य साथी वहां पर पहुंचकर झगड़ा विवाद करने लगे तथा प्रार्थी के जेब में रखे 47,500 रकम को बलपूर्वक डराते धमकाते हुए लूट कर फरार हो गए। उक्त रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 269/2025 धारा 310(2),351(3) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए, आरोपियों के संबंध में पताशाजी प्रारंभ किया गया। साथ ही शराब दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसके आधार पर लूट की घटना में शामिल 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा करते हुए उसके जेब में रखे उक्त रकम को लूट कर फरार हो जाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से लुट गए रकम में से 36,000 बरामद किया गया है तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। प्रकरण में सभी 05 आरोपियों को 11 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों में-लोकेश निर्मलकर उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 लवन, भरत बंजारे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बगबुडा थाना लवन, प्रीतम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 लवन, मनीष खूंटे उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 03 लवन, रवि शंकर कुर्रे उर्फ चोलाराम उम्र 30साल निवासी वार्ड क्रमांक 03 लवन शामिल है।

# गोबरा नवापारा के शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान का सुपरवाइजर अवैध रूप से शराब ले जाते हुए गिरफ्तार



**नवापारा राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। थाना गोबरा नवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वैगन आर कार से अवैध शराब परिवहन करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक युवक शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान, गोबरा नवापारा का सुपरवाइजर बताया जा रहा है, जिससे मामले की गंभीरता और भी बढ़ गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 जून को ग्राम कुर्रा-सोनेसिल्ली मार्ग पर जा रही मारुति वैगन आर कार क्रमांक छ्ग 04 व 5279 को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उसमें 3 पेटी (144 पौवा) शोले ब्रांड देसी मसाला शराब, जिसकी कीमत लगभग 14,400 है, अवैध रूप से बिक्री हेतु ले जाई जा रही थी।

कार में पकड़े गए अवैध शराब तस्कर अभनपुर के कार में सवार आरोपियों की पहचान मनोज टंडन पिता स्व. आलम सिंह टंडन, उम्र 28 वर्ष, निवासी सत्यम चौक, वार्ड क्रमांक 04, अभनपुर। लिखेंद्र सोनवानी पिता स्व. भुवनेश्वर सोनवानी, उम्र 24 वर्ष, निवासी मौली माता चौक, वार्ड क्रमांक 05, अभनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की है।

**गोबरा नवापारा की शासकीय देशी शराब दुकान की भूमिका भी संदेह के घेरे में:** इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि मुख्य आरोपी मनोज टंडन वर्तमान में गोबरा नवापारा की शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह इस प्रकार की शराब की तस्करी लंबे समय से कर रहा था और अवैध रूप से शराब को कोचियों को बेचकर लाभ अर्जित करता था। अब देखा जाए तो गोबरा नवापारा की शासकीय देशी शराब दुकान की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है

**पुलिस की कार्यवाही पर लोगों की नजर टिकी हैं, देखना है अब वह किस-किस का करती है चेहरा बेनकाब:** इस घटना के बाद न केवल आरोपी की संलिप्तता बल्कि गोबरा नवापारा की शासकीय देशी शराब दुकान की भूमिका >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# देर रात शहर में अनावश्यक घुम कर शांति भंग रहे दो और निगरानी बदमाशों को भेजा गया जेल



**धमतरी,** 11 जून (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधिक तत्वों, देर रात्रि घुमने वाले, नशा खोरी, अड्डे बाजी, चाकू बाजी करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा कल रात्रि में और पेट्रोलिंग गश्त की द्वारा शहर के अलग-अलग वार्ड रिसाई पारा वार्ड, स्टेशन पारा, मकई चौपाटी, लाल बगीचा वार्ड, हटकेश्वर वार्ड के पीछे सुनसान जगहों में घुमकर कर पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान कल रात्रि में शहर में शांति भंग कर घुम रहे 02 और निगरानी बमामाशों अनीस कोशियारी पिता युनुस कोशियारी उम्र 36 वर्ष साकिन म्युनिसिपल स्कूल के पीछे रिसाईपारा धमतरी थाना सिटी कोतवाली और लक्की यादव पिता महेश यादव उम्र 19 वर्ष, साकिन लालबगीचा तूफान चौक धमतरी थाना सिटी कोतवाली के विरुद्ध प्रतिबंधक धारा 170/ 125,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

धमतरी पुलिस द्वारा शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने ऐसे अपराधिक तत्वों, गुंडा बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के आज जन्मदिन पर क्षेत्र में होगा विभिन्न कार्यक्रम



**बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के जन्म दिवस पर 12 जून को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के अनेको स्थानों में जन्म दिवस उत्सव एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जानकारी के अनुसार 12 जून को विधानसभा के तिल्दा में पूज्य सिंधी पंचायत तिल्दा द्वारा जन्म दिवस उत्सव पर दोपहर 3 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वरूचिभोज का आयोजन रखा गया है। इसी प्रकार हथबंद के तिगड्डा चौंक में संध्या 4:30 बजे स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार कुर्मी भवन सुहेला में संध्या 5 बजे जन्मोत्सव व स्वागत रखा गया है। जबकि नगर भवन बलौदाबाजार में संध्या 6 बजे मंत्री टंकराम वर्मा के जन्म उत्सव पर केक काटने के पश्चात भजन संध्या एवं स्वरूचिभोज रखा गया है। इसके पूर्व बलौदाबाजार के बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर में मंत्री श्री वर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर लोगों से मुलाकात करेंगे। पश्चात स्वागत मंडली के साथ नगर भवन के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां नरेन्द्र मोदी विचार मंच राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के प्रदेश अध्यक्ष के.के. वर्मा द्वारा मंत्री जी को लड्डू से तौलकर जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

उक्त सभी कार्यक्रमों में क्षेत्र की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील बलौदाबाजार मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, राकेश ध्रुव, हथबंद नवापारा मंडल अध्यक्ष दौलत पाल, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, तिल्दा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, नरसिंह वर्मा ने की है।

# दाउलाल प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री, राजेश बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 11 जून (देशबन्धु)। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी मनोज नाचर एवं राममोहन बऊरा के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर को छग किसान कांग्रेस के महामंत्री प्रशासनिक एवं राजेश जैन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा जिले में अधिवक्ता शिव बघेल एवं नूरूल रिजवी को महामंत्री, ईश्वर सिंह यादव को सचिव बनाया गया है। उक्त नियुक्तियों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वीकृति प्रदान की है। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि गत दिनों राजीव भवन रायपुर में सभी पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफलांग की अध्यक्षता में हुई जिसमें किसानों को रबी फसल का दाम नही मिलने, डीएपी खाद की कृत्रिम अभाव पैदा कर नैनों यूरिया की बिक्री बढ़ाने पर चिंता जाहिर करते हुए गांवों में हो रही विद्युत कटौती पर नाराजी जाहिर करते हुए व्यापक चर्चा किया गया और संघर्ष की रणनीति बनाई गई।

# संतों ने कहा, कबीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक



## जयंती पर कबीर मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

**महासमुंद,** 11 जून (देशबन्धु)। कबीर जयंती के अवसर पर स्थनीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में सुबह 10 बजे पर ध्वजारोहण कर कबीर जयंती मनाई गई। इस मौके पर बाहर से आए साधु-संतों ने संध्या वंदन, भजन व सत्संग कर पारख सिद्धांत के प्रणेता कबीर साहेब के बताए मार्ग को आज भी प्रासंगिक बताया। इस दौरान उनके दोहे का गायन कर उनके अर्थो को समझाते हुए साधु-संतों ने कहा कि कबीर साहेब ने सदैव जनकल्याण को सत्य मार्ग की शिक्षा दी। बुरा जो देखन मै चला, बुरा न मिलया कोय, जैसे दोहे में बताया गया कि हर व्यक्ति संसार में केवल दुसरों की बुराई देखता है किंतु जब अपने भीतर वह झांककर देखता है तो दुनिया का सर्वाधिक बुरा व्यक्ति वही नजर आता है। इसलिए पहले अपने आप को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। इसी तरह संगत कीजे साधु की, हरे और की ब्याध, ओछी संगत कूर की आठो पहर उपास, में बताया गया है कि अच्छे व्यक्ति के संगत करने से वह दूसरों का दुख दर्द को दूर करता है, वही गलत संगत में व्यक्ति पड़कर रास्ता भटक जाता है। सत्संग में मुख्य वक्ता के रूप में कबीर निर्णय मंदिर ढेठा धमतरी से बलवान साहेब अपने संत मंडली के साथ पहुंचे थे। इसी तरह पूनम साहेब, भुनेश्वर साहेब, जितेंद्र साहेब आदि ने अपने प्रवचन में >> शेष पृष्ठ 9 पर>



# भाजपा ने किया नवनियुक्त अध्यक्ष छाबड़ा का भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में बार नाका चौक पर जोरदार आतिशबाजी तथा गगनभेदी नारों के साथ फूल मालाओं से जबरदस्त स्वागत किया गया। तत्पश्चात बार नाका चौक से जुलूस निकालकर काफिला विश्राम गृह पहुंचा जहां पर पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने नवनियुक्त अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में स्वागत समारोह को सर्वप्रथम भाजपा के मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने स्वागत भाषण देते हूँ कहा की आज हम सब के खुशी की बात है अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद आपने सर्वप्रथम महासमुंद में अपना दौरा कार्यक्रम बनाया तथा सबसे पहले पिथौरा में आपका आगमन हुआ है मैं भाजपा मंडल पिथौरा के तमाम कार्यकर्ताओं की ओर से आपका स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कहा की मैं पिथौरा की धरती पर आपका स्वागत करता हूँ उन्होंने कहा मैं अमरजीत सिंह छाबड़ा को व्यक्तिगत रूप से अच्छे से जानता हूँ पहचानता हूँ ये पार्टी संगठन के हर काम को निष्ठा लगन ईमानदारी से करते है आगे भी अल्पसंख्यक लोगों के लिए भी बेतर काम करके दिखाएंगे।

अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी पिथौरा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा इतना अद्भुत स्वागत के लिए सर्वप्रथम आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ मैं आप सभी से परिचित हूँ सबकी काम करने की कार्यशैली को जानता हूँ पहचानता हूँ बसना विधानसभा का प्रभारी होने के नाते बीते विधानसभा के चुनाव फिर लोकसभा के चुनाव तथा अभी वर्तमान में संपन्न हुए नगरीय निकाय के चुनाव में आप सभी से साथ काम करके का सौभाग्य मुझे मिला है आप सभी ने तीनों चुनाव में शानदार जीत हासिल की है आप सभी को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाए देता हूँ।श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से पार्टी संगठन ने मुझे अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है आप सभी मेरा साथ दे ताकि मैं इस दायित्व को सही तरह से पूरा कर सकू उन्होंने कहा की आप सभी कोई भी काम लेकर रायपुर आए मुझे याद करे मैं आप सभी के लिए हमेशा उपलब्ध रहूँगा। स्वागत सभा का संचालन युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा तथा आभार प्रदर्शन मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया।कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रीत राम सूर्ये,नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता शशी डडसेना,रैदास गोयल,मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल,सेतराम पटेल,अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष आबिद ख़ान, दूलीकेशन साहू,दुर्गेश सिन्हा,रवि राम सिन्हा,सत्यनारायण पटेल,गया राम धीवर,राकेश मरावी,कुलदीप सिंह,जितेंद्र गुप्ता,संदीप सेन,मधुरिमा पांडे,श्वेता प्रसाद प्रकाश विशाल राम प्रसाद बारिक प्यारी लाल नायक गजराज बारीक देव कुमार सिन्हा, मनदीप होरा प्रियांशु दीक्षित सुधीर प्रधान गोविंद पटेल गुरप्रीत सलूजा रामकुमार कंवर पार्षद भीम रतिया पार्षद कुशाल दास मानिकपुरी पार्षद रविंद्र अजमानी दीपक सिन्हा रामचंद्र सिंह अनूप तांडी सुशील भोई लक्ष्मीकांत सोनी अनिल प्रधान राजेश अग्रवाल जीतू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाव्यापारी संघ ने शराब दुकान हटाने व गांजा बिक्री की रोकथाम के लिए टीआई को सौंपा ज्ञापन

**मगरलोड,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत मगरलोड महाव्यापारी संघ के पदाधिकारीयो ने बताया कि गत वर्ष से मगरलोड का देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान भरदा रोड मगरलोड के मुख्य द्वार के पास निषाद काम्पलेक्स में संचालित हो रहा है। शराब दुकान का उक्त स्थान में संचालित होने के कारण सभी वर्ग के लोगो को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मगरलोड ब्लाक एवं तहसील मुख्यालय होने के कारण हजारों लोगों का आना जाना उक्त मार्ग से रोजाना होता है। कई बार शराबियों के कारण लोगों को हादसा का शिकार होना पड रहा है। स्कूल, कालेज तथा आई. टी. आई. के छात्र-छात्राओं को इन्ही मार्ग से होकर आना-जाना पड़ता है। साथ ही व्यापारी भाईयों को तथा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अपने ड्यूटी करके रात्रि तक इसी मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है। महिला कर्मचारी को भी उक्त मार्ग से शाम रात्रि तक वापीस अपने गणतव्य तक पहुँचना होता है शराबियों के कारण दुर्घटना व लूटपाट होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। परिवार के साथ भी आम एवं गणमान्य नागरिकों को भी इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। शराब दुकान के पास अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के कारण रोज लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, लूटपाट आम बात हो गई है। शराब भट्टी के आसपास पानी पाऊच, बॉटल, झिल्ली तथा अन्य कचरा सामान के कारण आसपास के कृषि भूमि वाले परेशान है। नगर पंचायत के मुख्य द्वार में इस तरह के घटनाओं तथा हालात से नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी की छबि धुमिल हो रही है।उक्त सभी बातों को सज्ञान में लेते हुए महाव्यापारी संघ नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी, ग्रामीण विकास समिति मगरलोड, बजरंग दल मगरलोड-भैसमुण्डी, विश्वहिन्दु परिषद इकाई मगरलोड, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता तथा महिला समूहों की माँग है कि उक्त देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थान में दिनांक 16 जून 2025 सोमवार तक स्थानांतरित किया जाये। उक्त दिनांक तक स्थानांतरित नही होने की स्थिति में अगले दिन मंगलवार दिनांक 17-06-2025 से उपरोक्त सभी संगठनों के द्वारा संयुक्त रुप से अनिश्चितकालीन धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम आदि सम्पूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके किया जायेगा इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने की मांग किया गया है। इसके साथ ही मौखिक चर्चा पर व्यापारियों ने नगर में नशीली पदार्थ की रोकथाम के लिए मगरलोड में जगह जगह बिक रही नशीली पदार्थ गांजा,नशे की गोली, पान ठेलो में बिकने वाली नशीली सनन की गोली बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी थाना प्रभारी से की है शराब दुकान हटाने महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू,सचिव सुखदेव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू कार्यकारिणी सदस्य मुरली सिन्हा, नेमीचंद हिरवानी, राजू चंद्राकर, भागवत साहू, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में महा व्यापारियों के पदाधिकारी ने इसकी जानकारी मगरलोड थाना प्रभारी तहसीलदार मगरलोड एवं नगर पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई है।



**शराब दुकान नहीं हटने पर 17 को किया जाएगा धरना प्रदर्शन के साथ चक्काजाम**

**अरुण साहू टी आई** - शराब की दुकान हटाने के लिए तहसीलदार एवं उच्च अधिकारी को बात कर मार्गदर्शन लिया जाएगा एवं नशीली पदार्थ गांजा, गोली के लिए घर पकड़ अभियान चलाया जाएगा एवं हमारी टीम लगी हुई है।

# अव्युक्ता ने शिमला में कत्थक नृत्य में शानदार प्रस्तुति से पाया पहला स्थान




**कुरूद,** 11 जून (देशबन्धु)। कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद की कक्षा पांचवी की होनहार छात्रा अव्युक्ता साहू ने परिवार के साथ शिमला प्रवास के दौरान नृत्य धाम कला समिति द्वारा आयोजित इंटरनेशन कल्चरल हार्मोनी हिमशिखर शिमला कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कत्थक क्लासिक नृत्य विधा के अंतर्गत युगल और एकल नृत्य प्रस्तुति करते हुए सबका दिल जीता। इनके पिताजी के. के. साहू शासकीय विद्यालय सेजेस चर्रा में व्याख्याता है वहीं माता जी के.पूनम साहू माध्यमिक शाला खैरा में शिक्षक है। बचपन से ही विभिन्न विधाओं में हमेशा से आगे रही अव्युक्ता बेटी ने इस बार इस आयोजन में पूरी लगन ,तन्मयता और उत्साह के साथ भाग ली।उन्होंने इसके लिए निरंतर अभ्यास किया था।अपनी शानदार प्रस्तुति से उन्होंने प्रथम पुरस्कार हासिल करते हुए न केवल विद्यालय का बल्कि अपने परिवार और नगर का गौरव बढ़ाया है। पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपने कला का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ चंद्राकर,उपप्रबंधक योगेश चंद्राकर,प्राचार्य के मंजीता ठाकुर,शिक्षक स्टॉफ,नगर के गणमान्य जनों,शुभ चिंतकों आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भाजपाइयों ने नगर के राशन दुकानों में मनाया चावल उत्सव



**बागबाहरा**, 11 जून (देशबन्धु)। आज बुधवार को भाजपा शहर मंडल बागबाहरा की अध्यक्ष सुश्री डिंपल डाली ध्रुव के नेतृत्व में बागबाहरा शहर स्थित वार्ड 3, 4 और 5 के शासकीय राशन दुकानों में चावल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा पूरे राज्य भर में भाजपा सरकार द्वारा बरसात के दिनों में राशन हितग्राहियों को असुविधाओं से बचने के लिए अगले 3 महीने का चावल जून में ही वितरित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने भूखमरी के दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले की सरकार थी तो हमने किस प्रकार से लोगों को भूख से मरते हुए देखा है। लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद गरीब को भूखे पेट सोने की समस्याओं से छुटकारा मिला है। इसके साथ-साथ साहू जी ने नगर क्षेत्र बागबाहरा में चल रहे विकास कार्यों की भी तारीफ की। और राज्य सरकार की नारी शक्तिकरण रूपी महतारी वंदन योजना से मिल रही मातृशक्ति की सहूलियत और सहायता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की है। मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी कठिनाई के जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। चावल वितरण के दौरान हितग्राहियों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती अलका चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, शंकर तांडी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुबेलाल साहू, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष बाला चंद्राकर, पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, राहुल अग्रवाल, पार्षद सविता दीवान, प्रीति महेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन देवांगन, दुर्गा वस्त्रकार, रफीक खान, हितेंद्र देवांगन, योगेश चिन्दा, अजीत तांडी, भोजनाथ देवांगन, लुभान चंद्राकर के साथ वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

# राष्ट्रहित में समृद्ध भारत सम्मेलन का होगा आज आयोजन

## मुख्य वक्ता होंगे संजय विनायक जोशी



**बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर के जिला अडिटोरियम में 12 जून गुरूवार को शाम 4 बजे से समृद्ध भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संजय विनायक जोशी पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (भाजपा) उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा उक्त सम्मेलन में अन्य विद्वतजनों का सानिध्य एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। समृद्ध भारत की अवधारणा के लिए आयोजित इस महती सम्मेलन के आयोजक बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद कुमार शर्मा है। श्री शर्मा ने राष्ट्रहित में आयोजित समृद्ध भारत सम्मेलन में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## रेडी टू ईट आपूर्ति हेतु दावा आपत्ति 18 तक

**बलौदाबाजार**, 11 जून (देशबन्धु)। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने हेतु प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करते हुए प्रावधिक सूची जारी किया गया है। सूची में दावा आपत्ति करना हो तो 18 जून 2025 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-बलौदाबाजार में डाक या कोरियर के माध्यम् से निर्धारित तिथि एवं समय में प्रस्तुत कर सकते है।

# कचलोन में पाल समाज के भवन का लोकार्पण



**सिमगा,** 11 जून। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनिल पांडे ने कहा कि आप सबको बता कर यह खुशी हो रही है इस काम का भूमि पूजन करने भी मैं आया था और आज लोकार्पण करने भी आपके बीच में आया हूं पांडे ने कहा पाल समाज के बहुत कम लोग यहां निवास करते हैं लेकिन पूरे परिक्षेत्र के लोगों की मांग थी यहां पर पाल समाज का सामुदायिक भवन बने । आज उन सब का सपना पूर्ण हुआ पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भवन की स्वीकृति दिलाई आज भवन बनकर लोकार्पण हुआ है। पांडे ने आगे कहा कि नशा नाश का कारण है नशा करने से दशा दिशा दोनों खराब हो जाता है ।आप लोगों से निवेदन है कि अपने बच्चों की ओर ध्यान दें और शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास करें ताकि समाज के बच्चें अच्छी शिक्षा प्राप्त कर समाज के नाम को रौशन करें ।पाल समाज की बैठक में समाज का कोई भी सदस्य नशा करके उपस्थित नहीं होता है । यह समाज की एकता को दर्शाता है तथा अन्य समाज के लोगों के लिए एक उदाहरण है । पांडे ने प्रज्ञापीठ गायत्री परिवार की मांग पर उनके सामुदायिक भवन बनाने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के महामंत्री छोटू यादव मंत्री निषाद बिसाहू साहू नीलकमल निषाद नरेश दिवाकर विश्वनाथ सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# 36 लीटर अवैध देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**फिंगेश्वर,** 11 जून (देशबन्धु)। नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे आज दिनांक 10.06.2025 को जरियें मुखबीर से थाना प्रभारी फिंगेश्वर को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बरभांठा आरोपी दुलेश्वर यादू उर्फ मोनू यादू के द्वारा क्षेत्र में दो अलग-अलग सफेद रंग के बोर में 200-200द्व्य भरा हुआ, कुल 36.000 बल्क लीटर कीमती 20,000 रूपए है । अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखे है। कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ कर तलाशी लिया गया। जिसके कब्जे से देशी शराब प्रत्येक में 200-200द्व्य भरा हुआ, *कुल 36.000 बल्क लीटर कीमती 20,000 रूपए* को अपने कब्जे मे रखा होना पाया गया। आरोपी से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध मे वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई कागजात नही होना बताया। प्रकरण में आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया।

# सार्वजनिक शौचालय का जनपद अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**पलारी** 11 जून (देशबन्धु)ग्राम पंचायत अमेठी में सार्वजनिक शौचालय का जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव द्वारा निरीक्षण किया गया छोटे बड़े कार्यक्रम में सार्वजनिक शौचालय का उपयोगिता सुनिश्चित किया जाए तभी हम ओ डी एफ स्थायित्व को बनाए रखेंगे ऐसा ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया साथ में इस अवसर पर जामवंतिन साहू जनपद सदस्य अश्वनी महिलांग जनपद सदस्य पन्ना लाल धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रजनीकांत बंजारे विकास खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजेश ग्रीतलहरे सरपंच ग्राम पंचायत अमेठी निर्मला रजक महिला मोर्च के मंडल अध्यक्ष भीम यादव लक्ष्य एकादमी के डायरेक्टर नीलकमल साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि कमलेश साहू सचिव अमेठी सभी अधिकारी/कर्मचारियों व गांव के प्रमुख नागरिक सभी पंच को जागरूक करते हुए स्वच्छता रखने का संदेश दिया गया इसी तरह जनपद पंचायत पलारी के सभी 102 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणो से अपील किया गया गांव में स्वच्छता बनाए रखें और स्वच्छता के लिए शपथ दिलाया गया।

# लोहरसी में इन्द्रजीत के हाथों 11 लाख 38 हजार का नवीन तालाब का हुआ भूमिपूजन



**राजिम**, 11 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम लोहरसी में महात्मागांधी रोजगार गारेंटी के तहत 11 लाख 38 हजार के लागत से ग्राम रवेली सरहद से लगे आम बगीचे के पास बुधवार को जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक के हांथो सुबह 7 बजे गाँव के देवी देंवताओ को स्मरण कर के विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया जिसके बाद गाँव के सभी मजदूरों ने श्रीफल तोड़कर नवीन तालाब का शुभारम्भ किया गया बता दे की गाँव के सरहद में तालाब बनने से बेजुबान जानवर व् आस पास के किसानो तथा ग्रामीणों को पानी की उत्तम सुविधा मिलेगी

जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक ने कहा की गाँव के हर कोने में एक सर्व सुविधा युक्त तालाब होना चाहिए जिससे लोगो वा पशु पक्षियों व् पेड़ पोधो को पानी मिल सके नवीन तालाब में सभी मजदूरो को कहना चाहूँगा की भीना किसी पेड़ पौधे को नुकशान पहुंचाए कार्य करेंगे क्योकि पेड़ लगाने और उसे बड़े होने में काफी समय लगता है और पेड़ पोधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है सभी तालाब के चारो तरफ एक एक पेड़ जरुर लगायेंगे ताकि तलब का सौन्दर्य बना रहे और छाँव मिले आगे उन्होहे सभी को कहा की मन लगाकर काम करे और गाँव के विकास में अपना योगदान दे . इस दौरान ग्राम सरपंच लोमस साहू जनपद सदस्य नीता साहू उपसरपंच निलेश टंडन भाजपा मंडल कोपरा अध्यक्ष गोपी ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू भूतपूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू भुतपूर्व सरपंच घनश्याम पटेल हरख साहू रामदयाल टंडन माधो यादव जागेश्वर साहू कोमल ठाकुर राजकुमार यादव सोहन साहू सचिव ओमप्रकाश सिन्हा सहित काम में आये गाँव के मजदूर गन मौजूद रहे।

# सारंगढ़ शहरी क्षेत्र में राख और केमिकलयुक्त गीला डस्ट के परिवहन पर प्रतिबंध

**बिलाईगढ़,** 11 जून(देशबंधु)। नागरिकों के स्वास्थ्य और सारंगढ़ शहर के स्वच्छ वातावरण के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के अनुमोदन पर जिला मुख्यालय सारंगढ़ नगरीय क्षेत्र के भीतर राख मिट्टी और केमिकल युक्त गीले डस्ट के परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। राख मिट्टी और केमिकल युक्त गीले डस्ट से भरे वाहन बाईपास सड़क मार्ग में परिवहन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के तहत प्रदत शक्तियों के तहत आम जनता की स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर यह प्रभावी रोकथाम का आदेश कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ से जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यंत तक लागू होगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गोबरा नवापारा के शासकीय ...

भी संदेह के घेरे में आ गई है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो नगर सहित आस पास के कुछ ढाबों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री होती है, जिसमें संबंधित दुकानों और आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले की तह तक जाकर कौन-कौन से बड़े चेहरे बेनकाब करती है।

### संतों ने कहा, कबीर के ...

उपस्थित जनों से कहा कि कबीर ने सदैव पाखंड का विरोध किया इसलिए सही मार्ग अपनाने के लिए प्रत्येक को कसौटी पर परखना चाहिए। एक दिवसीय सत्संग प्रवचन में कबीर पंथ के अनुयायी शहर के अलावा ग्राम गढ़सिवनी, भोरिंग, कोसरंगी, लाफिन, पसौद, झालखम्हरिया, शेर आदि स्थानों से लोग पहुंचे थे।

# गैतरा में बाबा बैद्यनाथ स्पॉत लिमिटेड के खिलाफ जनसुनवाई का विरोध

**कोहका नेवरा**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने विज्ञप्ति जारी कर बताया , तिल्दा नेवरा ब्लाक के ग्राम गैतरा (चिचोली) में बाबा बैद्यनाथ स्पॉत लिमिटेड के द्वारा सालों से केमिकल बनाने कार्य करते आ रहा है। उक्त कंपनी शासन के किसी भी नियमों का पालन नहीं करता है और आस पास के ग्राम पंचायतों को नियमानुसार जो सहयोग करना हैं वो भी नहीं करता , सिर्फ दिखावा के लिये लाली पाप के रुप में छोटे मोटे कार्य ग्राम पंचायतों में करवा देते हैं, आस पास के लोगों को कंपनी में नहीं के समान नौकरी दिया गया हैं। अब उक्त कंपनी के द्वारा दूसरा यूनिट लगाने हेतु 12 जून को जन सुनवाई किया जायेगा। जिसका पुर ज़ोर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय तिल्दा नेवरा तहसील के तहसील अध्यक्ष मोहन साहू , तिल्दा नेवरा तहसील महिला मोर्चा के ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती ममता पैकरा , शहर अध्यक्ष भावेश साहू , तहसील महामंत्री जुड़ावन साहू (पुर्व सरपंच) , महामंत्री गोविंद कुमार कुंवर दादर, उपाध्यक्ष पंडित संतोष जोशी, जिला महामंत्री निमेश नायक जी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव वर्मा, रायपुर जिला महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंजली आलोक दुबे जी, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती दानेश्वरी संतोष नायक जी, तहसील अध्यक्ष सुहेला कुंज्रराम यदु जी , महिला मोर्चा के सुहेला तहसील अध्यक्ष श्रीमती अनिता संतोष वर्मा जी, प्रदेश महामंत्री सिद्धि नाथ देवांगन जी, तिल्दा तहसील महामंत्री दुर्योधन यदु जी, महामंत्री भुवन साहू जी, शहर महामंत्री गोपाल साहू जी, प्रदेश सचिव जगन्नाथ देवांगन जी, तिल्दा नेवरा तहसील मिडिया प्रभारी किशोर साहू जी, तिल्दा नेवरा तहसील मुस्लिम मंच के तहसील अध्यक्ष शब्बीर अहमद जी , रायपुर शहर अध्यक्ष मुकेश गुप्ता जी, रायपुर शहर महामंत्री श्रवण कुमार देवांगन जी, ग्राम अध्यक्ष हेमीन साहू , ग्राम अध्यक्ष दारा जोशी , तहसील उपाध्यक्ष धर्मेंद्र दास मानिकपुरी जी, पूर्व सरपंच व ग्राम अध्यक्ष जनक लाल जोशी जी , चंदू लाल साहू जी , प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार देवांगन जी, तहसील अध्यक्ष रामानंद डौंडिया जी, जिला उपाध्यक्ष राधा देब नाथ जी, जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार गोपी साहू जी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशा देवी साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ गोपा शर्मा, प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ एवं जिला अध्यक्ष, रायपुर जिला दास जी साहू सहित आसपास के सैंकड़ों ग्रामीण जनों के साथ जन सुनवाई दल के प्रभारी के समक्ष कड़ाई से विरोध दर्ज कर , उक्त कंपनी द्वारा लगाने वाली दूसरा यूनिट नहीं लगने दिया जायेगा। क्योंकि उक्त कंपनी के प्रदुषण से आसपास के सैंकड़ों गांव के फसल के साथ तालाब के पानी में भी परिवर्तन देखने को मिला है, एवं अन्य बहुत सारी सुविधाओं से क्षेत्र वासियों को वंचित होना पड़ रहा है, इसलिए ग्राम गैतरा में उक्ति कंपनी के द्वारा दूसरा यूनिट नहीं लगाने दिया जायेगा।

# आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने जनदर्शन में सुनी जनता की समस्याएं



**आरंग,** 11 जून (देशबन्धु)। बुधवार को आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) गुरु खुशवंत साहेब के द्वारा प्रत्येक सप्ताह के भांति आरंग विधायक कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस जनदर्शन में आरंग, मंदिर हसौद, समोदा, चंदखुरी, नया रायपुर सहित अनेक ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने व्यक्तिगत, सामाजिक, प्रशासनिक और जनकल्याण से जुड़ी समस्याएं रखीं। गुरु साहेब ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली। जनदर्शन के दौरान नल-जल योजना, पेंशन, राशन कार्ड, पट्टा, सड़क, शिक्षा, इलाज, श्रमिक पंजीयन और आवास योजना से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा हुई और उचित कार्यवाही सुनिश्चित की गई,जनदर्शन में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि,भाजपा पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय जनसंपर्क कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# निधन

## श्रीमती मंजू पारवानी



**रायपुर,** 11 जून। होली हार्ट स्कूल के पास, सिविल लाइन, रायपुर निवासी श्रीमती मंजू पारवानी (पति स्व. अशोक पारवानी) का आकस्मिक निधन बुधवार 11 जून को हो गया है। वे 62 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार, 12 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिलीप व विनय पारवानी की माता, सुनील, मनोज, नीरज व करनजीत पारवानी की चाची और राजकुमार व अनूप पारवानी की भाभी थीं।

## मुंद्रा देवी तिवारी



**भिलाई**, 11 जून। आमदी नगर हुडको निवासी मुंद्रा देवी तिवारी उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार की दोपहर एमआईजी-2/140 हुडको से निकली और दुर्ग शिवनाथ नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। वे विश्वास तिवारी, उमेश तिवारी और वशिष्ठ तिवारी की मां थीं।

# एफसीआई और वेयरहाउस के गोदाम से निकल रहे कीड़ों के चलते लगभग 500 मीटर दायरे में रहने वाले लोग हो रहे परेशान



**नवापारा राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर के रायपुर रोड पर स्थित एफसीआई और वेयरहाउस के गोदाम से लगातार निकल रहे कीड़ों के चलते दोनों गोदाम के आसपास के लगभग 500 मीटर के दायरे में रहने वाले लोग विगत दो माह से हलाकान हैं। दोनों ही गोदामों में भरे चांवल और अन्य सामग्रियों को चूहों व कीड़ों से बचाने के लिए विभिन्न उपाय किए जाने हैं, जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा व्यय राशि दी जाती है। लेकिन न जाने क्यों दोनों ही गोदाम में महीन कीड़ों की भरमार हो गई है। ये कीड़े सैकड़ों की संख्या में गोदाम के 500 मीटर के दायरे में निवासरत घरों में घुस रहे हैं, जिससे संबंधित घरों में रहने वाले लोग चौबीसों घंटे खासे परेशान हैं। घरों में बिस्तर, आलमारी, खाद्य सामग्री और यहां तक कि घर में मौजूद लोगों के शरीर में ये महीन कीड़े घुस जा रहे हैं। रात में सोए अवस्था में ये कीड़े लोगों के शरीर में चढ़कर उन्हें काटते हैं, जिससे लोगों की नींद टूट जाती है। कहा जा सकता है कि इन महीन कीड़ों ने संबंधित इलाकों के लोगों का खाना-पीना-सोना सब हराम कर दिया है। इन महीन कीड़ों के चलते हलाकान लोग अब एफसीआई और वेयरहाउस प्रबंधन के प्रति आक्रोशित हो रहे हैं। इससे पहले कि नाराज लोगों का आक्रोशित दोनों प्रबंधन पर फूटे, उससे पहले ही दोनों प्रबंधन को इन महीन कीड़ों के खात्मे की व्यवस्था कर लेनी चाहिए।

शिकायत मिलने पर चेयरमैन चंदूलाल साहू ने सक्रियता दिखाते हुए वेयरहाउस पहुंचे और वहां जाकर उन्होंने चांवल कालाट देखा। उक्त चांवल के लाट में बेहिसाब कीड़े चलते नजर आए यही नहीं बात चीत के दौरान सेंकड़ों की संख्या में कीड़े श्री साहू सहित अनेकों लोगों के कपड़े में चलते नजर आए।

श्री साहू ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह व्यवस्था तत्काल सुधार लिया जाए। इसी बीच श्री साहू से कुछ लोगों ने कहा कि कीड़ों की समस्या यह पहली बार नहीं बल्कि विगत 5-6 सालों से नजर आ रही है। इस पर श्री साहू ने अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त कर रिपोर्ट पेश करने की बात कही और कहा कब कब कितनी दवा डाली गई इसकी भी जानकारी दी जाये उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार की इस तरह छवि खराब करना बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# पुण्यतिथि पर वीसी को किया याद



**महासमुंद,** 11 जून (देशबन्धु)। पूर्व कैबिनेट मंत्री झीरम घाटी के शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय कांग्रेस भवन में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। श्री शुक्ला 1957 के आम चुनाव में वे बलौदा बाजार निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लोकसभा में संसद सदस्य चुने गए, वे दूसरी लोकसभा के सबसे कम उम्र की सांसदों में से एक बने इसके बाद उन्होंने 1962, 1964 उपचुनाव, 1967, 1980, 1984, 1989 में महासमुंद के संसद के रूप में निर्वाचित हुए। 1977 और 1998 में रायपुर से सांसद चुने गए। 2004 में महासमुंद से लोकसभा चुनाव हार गए। पंडित जी कुल 9 बार लोकसभा के लिए सांसद चुने गए जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तो पंडित जी को 1967 से 1977 तक इंदिरा जी की अधीन राज्य मंत्री रहे राजीव गांधी के मंत्रीमंडल में भी मंत्री रहे। बाद में प्रधानमंत्री वी पी सिंह के साथ मंत्री बने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सरकार में मंत्री रहे। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के सरकार में मंत्री के पद पर कार्य करते रहे। विद्याचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा का हिस्सा रहे जब 25 मई 2013 को नक्सली हमले में वे घायल हो गय गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में 11 जून 2013 अपने प्राण त्याग दिए। पंडित विद्या चरण के निधन से एक युग की समाप्ति हो गई छत्तीसगढ़ निर्माण को लेकर अनेकों धरना प्रदर्शन किए, छत्तीसगढ़ के निर्माण में पंडित विद्याचरण शुक्ला की अहम भूमिका रही। श्रद्धांजलि सभा में श्रीमती चातुरीनंद सरायपाली विधायक, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, मनोज कांत साहू, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, अमन चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस, गौरव चंद्राकर महामंत्री, करण दीवान ब्लॉक अध्यक्ष, सूरज नायक पार्षद, अक्षय सकारकर, निर्तेंद्र बैनर्जी सेवादल, कातिका पैकरा सचिव शहर कांग्रेस, सोनम रामटेके, सचिव शहर कांग्रेस, गोविंदराम साहू, मोती साहू, मेहुल सूचक, दिनेश दुबे, रवि साहू, रवि ध्रुव, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

# त्रुटि सुधार, बना कमाई का मौका

**भाटापारा,** 11 जून (देशबन्धु)। त्रुटि सुधार। पांच शब्दों का यह छोटा सा वाक्य एक पक्ष की परेशानी बढ़ा रहा है, तो दूसरे पक्ष को कमाई का माकूल मौका दे रहा है। इसलिए घर से निकलने के पहले पर्याप्त चढ़ावा लेकर निकलें क्योंकि तहसील कार्यालय में अब नई व्यवस्था प्रभावी हो चुकी है।

**तहसील कार्यालय में नई व्यवस्था**

सुशासन मतलब भेंट चढ़ावा। इस बेहद छोटे से वाक्य को अपने शहर का तहसील कार्यालय कुछ और ही ढंग से परिभाषित करता है। ताजा मामला त्रुटि सुधार को लेकर आ रहे पीड़ितों से जुड़ा हुआ है, जो भटकाए जा रहे हैं इस छोटे से काम के लिए। यह तब, जब सुशासन के खूब ढोल पीटे जा रहे हैं।

**यह गलतियां, कमाई का मौका:** खरीफ सत्र चालू हो चुका है। इसलिए खाद-बीज का उठाव करना है। कृषि ऋण भी उठाया जाना है। बड़ी बाधाएं इस काम में यह आ रहीं हैं क्योंकि नाम, उपनाम, जाति का उल्लेख सही नहीं है। रकबा कम या ज्यादा जैसी जानकारी भी मिल रहीं हैं। ऐसे में यह त्रुटि सुधार आवश्यक है। पटवारी की यह गलतियां या जानबूझकर की गई हरकतें उन अधिकारियों की कमाई का मौका बना रही है, जिन पर इस काम की जिम्मेदारी है।

**रिकॉर्ड रूम का पूरा सहयोग:** तहसील कार्यालय का रिकॉर्ड रूम त्रुटि सुधार के नाम पर नई व्यवस्था को पूरा साथ दे रहा है। मिनट का काम, मिनट में चाहिए तो चाही गई भेंट की व्यवस्था फौरन करनी होगी। अन्यथा मिनट का काम महीना में बदलते देर नहीं लगेगी। ना- नुकुर या सौदेबाजी की तो मुश्किल और भी बढ़ सकती है।

**कार्टेल बनाकर कर रहे काम:** धारा-115 और धारा-116। राजस्व अधिनियमों में ही शामिल एक इस नियम का अमोघ अस्त्र चला रहे पटवारी, राजस्व निरीक्षकों के अलावा अन्य राजस्व अधिकारियों का समूह रिकॉर्ड रूम के लिपिकों के साथ मिलकर एक ऐसी नई व्यवस्था को लागू कर चुके हैं, जिससे बच पाना संभव नहीं है। और हां, उस भृत्य को नजरअंदाज करना भारी भूल होगी, जो आपको इन सभी तक पहुंचाने की मजबूत सीढ़ी है।

# रमन दास वैष्णव बने वैष्णव मंडल खल्लारी के अध्यक्ष



**बागबाहरा,** 11 जून (देशबन्धु)। क्षेत्र के खल्लारी वैष्णव मंडल समाज खल्लारी द्वारा सामाजिक विकास विस्तार के लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर खल्लारी में सामाजिक सद्भाव एवं विकास तथा संगठन के विस्तार एवं अन्य विषयों पर चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के अंतर्गत महासमुंद जिले में वैष्णव मंडल खल्लारी के नई कार्यकारिणी पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम लक्ष्मी नारायण मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर अपने अधिष्ट देव श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना मंडल पुरोहित श्री मूल दास वैष्णव द्वारा की गई। तत्पश्चात सभापति वैष्णव मंडल समाज रत्न श्री मुरलीदास वैष्णव एवं अध्यक्षता शत्रुघन दास वैष्णव एवं श्री कुशल दास वैष्णव एवं श्री रमन दास वैष्णव सचिव छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद तथा महेश दास वैष्णव जिला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के मार्गदर्शन में नये कार्यकारिणी को पूर्णकालिक पदभार दिया गया। जिसमें प्रमुख पदाधिकारी महंत श्री महेश दास वैष्णव, उप महंत श्री डोमार दास वैष्णव, सलाहकार एवं संरक्षक कुशल दास वैष्णव, शत्रुघ्न दास वैष्णव, भवानी दास वैष्णव, भरत दास वैष्णव, अध्यक्ष रमन दास वैष्णव, उपाध्यक्ष गजेंद्र दास वैष्णव, कोषाध्यक्ष श्याम दास वैष्णव, उप कोषाध्यक्ष लीलाधर वैष्णव, सचिव लिलेश्वर दास वैष्णव, सहसचिव लोकेश दास वैष्णव इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य योगेश्वर दास वैष्णव, संतोष दास वैष्णव, शम्भू दास वैष्णव, कुलेश्वर दास वैष्णव, पवन वैष्णव, देवराज वैष्णव, कृष्ण दास वैष्णव, विष्णु दास वैष्णव, माधो दास वैष्णव, मंगल दास वैष्णव, रोशन दास वैष्णव, यशोदा वैष्णव, संतोषी वैष्णव, शकून वैष्णव, रितिका वैष्णव, संध्या वैष्णव, दिब्या मेघा सृष्टि नोमेश वैष्णव, तुलस दास वैष्णव, विकास दास वैष्णव, भगवता चार्य संतोष दास वैष्णव मोहगांव, भागवत दास वैष्णव, सभी पदाधिकारी एकमत होकर उपरोक्त सभी के नामों पर अपनी सहमति प्रदान की गई। उपस्थित सभी सदस्यों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिवादन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डोमार दास वैष्णव द्वारा किया गया।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर पुलिस द्वारा की जा रही हैं सख्त कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी हैं। 10 जुन को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों को कुल 2 लाख 60 हजार रू. से अर्थदंड किया गया। पुलिस की कार्यवाही में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 प्रकरण में पृथक पृथक 10-10 हजार रू. अर्थदंड से दंडित किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से यातायात शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में चेकिंग कर वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

**26 वाहन चालकों को कुल 2,60,000 किया गया अर्थदंड**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार भाटापारा एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 26 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 26 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 10 जुन 2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 रू. अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों को कुल 2,60,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# बरगद वृक्ष की पूजा, अर्चना और परिक्रमा कर पति की लंबी आयु की कामना की



**राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। मराठा समाज राजिम की सुहागिन महिलाओं ने ज्येष्ठ पूर्णिमा( वट सावित्री) के अवसर पर बरगद वृक्ष की पूजा, अर्चना, परिक्रमा पति की अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु की कामना के साथ की। इस अवसर पर मीता महाडिक्, सोनल महाडिक्, शोभना शिंदे, शैल चौहान, शैलजा शिंदे, गंगोत्री पालकर, जानकी शिंदे, संध्या भोसले, रोशनी शिंदे, नेहा शिंदे, अंजलि घाटगे, अंजली शिंदे, कविता तलवेकर सहित बहुत सी महिलाएं थीं।

# युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला की समस्या हुई दूर

**बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। अब सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की पदस्थापना होने से स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व 3 प्राथमिक शाला एवं 4 पूर्व माध्यमिक शिक्षकविहीन थे। युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है। इसी तरह जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला 65 और पूर्व माध्यमिक शाला 13 थे। युक्ति युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी शाला एकल शिक्षकीय नहीं है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो। जिले में 3 शालाओं का समायोजन किया गया है। जिले में 506स्कूलों में से 403 स्कूल यथावत संचालित होंगे। अतिशेष शिक्षकों का पुन: समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई है। इसके जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

# मोदी के ग्यारह साल देश व दुनिया में बेमिसाल : चन्द्रशेखर साहू



**नवापारा राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। सेवा सुशासन गरीब कल्याण ये मोदीजी के महामंत्र है देश के प्रमुख सेवा के नाते देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इन ग्यारह साल में देश में जो कार्य किया है वह देश ही नहीं दूनिया में जगजाहिर जिसकी प्रशंसा वैश्विक स्तर पर हो रही है। आज भारत विकासशील देशों से आगे विकसित भारत के अन्तिम पायदान में खड़ा है आज यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रहा है। जिसका श्रेय हम केन्द्र की भाजपा सरकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है मोदी के ग्यारह साल है बेमिसाल उक्त बातें पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने ग्राम नवागांव में कार्यकर्ताओं के बीच में कही। केन्द्र के ग्यारह साल होने पर भाजपाईयों के द्वारा गांव में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं उसी तारतम्य में आज चन्द्रशेखर साहू निकट के ग्राम नवागांव पहुंचे थे जहां कार्यकर्ताओं के बीच बैठक कर भाजपा के ग्यारह साल के कार्यकाल के विभिन्न विकास कार्यो की सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता टीकम चन्द साहू, पूर्व सरपंच इतवारी चक्रधारी, सरपंच छबीली खगेश, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रेखराम सिन्हा कोषाध्यक्ष शिशु पाल साहू, डोमार साहू सन्तू चक्रधारी, नारायण चक्रधारी, नंदकुमार चक्रधारी चेतन साहू, अश्ववनी कुमार साहू उपस्थित थे।

**राशन दुकानों में खराब चावल का मामला**

# वेयर हाउस के चेयरमैन चंदूलाल साहू ने दिखाई नाराजगी

## नवापारा वेयर हाउस पहुंचकर अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा शासन को बदनाम करने का प्रयास न करें



**नवापारा राजिम,** 11 जून (देशबन्धु)। नगर के कुछ राशन दुकानों में खराब और कीड़ा लगा चावल बांटा जा रहा था। जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया था, इसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत की। मामला प्रकाश में आते ही नवापारा नपा की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव अपने पार्षद साथियों के साथ राशन दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचीं थी। इस दौरान दो राशन दुकानों में 1600 बोरी से अधिक खराब और कीड़ा लगा चावल मिला था।

खराब चावल की खबर लगते ही स्टेट वेयर हाउस के चेयरमैन चंदूलाल साहू हरकत में आए और एक्शन मोड में आकर एक जांच कमेटी का आदेश निकाला जिसमें नोडल अधिकारी बी एल अग्रवाल, तकनीकी सहायक रचना वर्मा को जांच के लिए टीम बनाकर भेजा गया। इसके साथ ही नॉन की डीएम हेलेन तिग्गा, क्वालिटी इंस्पेक्टर द्वय अमित चंद्राकर, राजू सोनी, सहायक खाद्य अधिकारी अभनपुर पवित्रा अहिरवार, खाद्य निरीक्षक श्रद्धा चौहान भी राशन दुकानों में निरीक्षण के लिए पहुंचे। अपने विभाग की नाकामी और लापरवाही को छुपाने राशन दुकान संचालक पर दबाव बनाते हुए उसे ही दोषी सिद्ध करने पर तुली दिखाई दी।

चेयरमैन चंदूलाल साहू की सक्रियता से जांच कमेटी भी तत्काल पहुंची। मगर जांच कमेटी की सदस्य नॉन की डीएम हेलेन तिग्गा ने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए अपने विभाग की नाकामी और लापरवाही को छुपाने राशन दुकान संचालक पर दबाव बनाते हुए उसे ही दोषी सिद्ध करने पर तुली दिखाई दी और यही नहीं राशन दुकान बंद करने तक की धमकी दी।

जब दुकान संचालक ने बांटे गए चावल को वापस मंगा कर दिखाया गया तो उन खराब चांवलों को देखकर बिना प्रतिक्रिया दिए ही पूरी टीम दूसरी दुकान की जांच हेतु रवाना हो गई। दूसरे दुकान संचालक के गोदाम पहुंचने के पूर्व ही डीएम हेलेन तिग्गा रहस्यमयी तरीके से नदारद हो गई। खाद्य विभाग के अधिकारीयों ने मौके पर पहुंच कर जांच के लिए नमूना इकट्ठा किये। जहां कई बोरे चांवल कीड़ा, पाखड़ युक्त और पानी में भीगे हुए मिले।

**हमाल ठेकेदार द्वारा सही साबित करने की नापाक कोशिश, पत्रकारों से भी अभद्रता करने का किया प्रयास:** इस दौरान अनधिकृत व्यक्ति हमाल ठेकेदार (मुकद्दम) चंद्र कुमार गिलहरे पूरे समय इन जांच अधिकारियों के साथ घुमता रहा और खराब चावल को उच्च क्वालिटी का चावल साबित की करने नापाक कोशिश करता रहा। इसके लिए उसने पत्रकारों को भी बुरा भला कहने से परहेज नहीं किया।

चेयरमैन स्वयं निरीक्षण करने पहुंचे वेयरहाउस, गोदाम कीड़ा युक्त खराब चांवल का लाट मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों की क्लास लेते हुए फटकार लगाई। चेयरमैन चंदूलाल साहू को जब उक्त सम्बन्ध में जानकारी दी गई तो उन्होंने तत्काल वेयरहाउस पहुंचे का आश्वासन दिया और कहा अन्य पत्रकारों को भी साथ लायें। चेयरमैन चंदूलाल साहू तत्काल वेयर हाउस के गोदाम पहुंचे उनके साथ युवा नेता किशोर देवांगन भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान चंदूलाल ने गोदाम में ही खराब चांवल का लाट मिलने और बड़ी संख्या में कीड़ों को देखकर जिम्मेदार अधिकारियों की क्लास लेते हुए जमकर फटकार लगाई।

अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त कर खराब चांवल वापस कर साफचांवल सप्लाई करने तथा जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट पेश करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की इस तरह छवि खराब करना बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

खाद्य विभाग की टीम ने बताया दोनों दुकानों तथा गोडाउन से सैंपल लिया गया है जिसे अग्रिम परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

**क्या कहते हैं दुकान संचालक**

दुकान संचालक अनुभव जैन ने बताया कि जिस तारीख को चांवल आया, सैंपल देखने के बाद फूड इंस्पेक्टर को भेजा। उन्होंने गोडाउन इंचार्ज प्रवीण सिंह से बात कर वापसी की बात कही। प्रवीण सिंह ने कहा जो ज्यादा खराब होगा उसको वापस कर लेंगे। 5 जून को डीएम नॉन हेलेन तिग्गा को इस बारे में बताया गया। उन्होंने क्वालिटी इंस्पेक्टर को दुकान जाकर चेक करने कहा। 6 जून को प्रवीण सिंह दुकान आए और कहा यह चांवल चलने योग्य है। उनके निर्देश पर 7 जून से वितरण प्रारंभ किया गया।

**जानबूझ कर भाजपा सरकार की छवि खराब करने का कुछ कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा प्रयास: किशोर देवांगन**

भाजपा नेता किशोर देवांगन ने पत्रकारों से कहा कि जानबूझ कर भाजपा सरकार की छवि खराब करने का कुछ कर्मचारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कर्मचारियों का इतिहास खंगाला जायेगा। हितग्राहियों को गुणवत्तायुक्त चांवल प्रदान किए जाने की बात कही। साथ ही कहा कि जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों को बक्शा नहीं जाना चाहिए।

# रेत माफियों के खिलाफ कार्रवाई है आवश्यक



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 11 जून (देशबन्धु)। रेत की अवैध उत्खनन, काला बाजारी और रेत माफियाओं ने खुलेआम अपनी दबंगई का प्रयोग प्रशासनिक अधिकारियों और पत्रकारों पर भी करते रहे हैं, जिसकी खबर आये दिन अखबारों की सुर्खियों में देखने को मिलती हैं। इस तरह की हुई घटना की क्षेत्र के पत्रकारों ने निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफकडी से कडी सजा दिये जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि एक तरफसड़क सुरक्षा सप्ताह भी मनाये जाते हैं जिसके माध्यम से सुरक्षा की जानकारी व होने वाले कार्यवाही पर लोगों को समझाइस दी जाती है। वहीं दूसरी ओर मार्ग के किनारे रेत का भंडारन कर सड़कों में 50 मीटर तक बिखराकर गंभीर दुर्घटना को आमंत्रित करती है, इससे कोई भी अचानक हताहत हो सकते हैं, जिस पर कड़ी कार्यवाही करते हुए ऐसी सड़क सुरक्षा मनाये जाने चाहिए की आम जनता को सड़क सुरक्षा के साथ-साथ रेत का अवैध उत्खनन और इसके माफियाओं की दबंगई से प्रशासनिक अधिकारियों और पत्रकार भी प्रभावित नहीं होंगे।